खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :37°C
न्यूनतम: 22°C

देहरादून, सोमवार 27 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 259 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 8 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

UPES UNIVERSITY OF TOMORROW
India's AI-FIRST University
BBA and B.Com Programs with EY India
25 LPA Highest Package*
BBA ADMISSIONS 2026
Data Science and AI (with EY India) | Digital Business
Logistics | Oil and Gas Marketing | Foreign Trade
Marketing | Finance | Human Resource | Operations and more
Apply through UPESMET-UG Entrance Test
SCAN TO APPLY
Upto 25% FEE WAIVER for Uttarakhand Domicile Students* | LAST DATE TO APPLY - APRIL 29, 2026
For more details visit upes.ac.in or call toll free 080 68560485 (10 am to 7 pm)

## संक्षिप्त समाचार

### राघव चड्ढा समेत 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग

**नई दिल्ली।** 'आप' सांसद संजय सिंह ने रविवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को याचिका सौंपकर भाजपा में शामिल हुए 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग की है। सिंह ने कहा कि इन सदस्यों का पार्टी छोड़ना दलबदल विरोधी कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। संजय सिंह के मुताबिक, आम आदमी पार्टी ने अधिवक्ता कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी अचार्य सहित कई संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। 'आप' के 10 राज्यसभा सांसदों में से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल, राजेंदर गुप्ता ने शुक्रवार को भाजपा जॉइन कर ली थी।

### प्रख्यात फोटोग्राफर रघु राय का 83 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** भोपाल गैस त्रासदी की तस्वीरें क्लिक कर दुनिया का ध्यान आकर्षित करने वाले प्रख्यात फोटोग्राफर एवं फोटो पत्रकार रघु राय का रविवार सुबह यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 साल के थे। श्री राय के पुत्र एवं फोटोग्राफर नितिन राय ने बताया कि उनके पिताजी को दो साल पहले प्रोस्टेट कैंसर हुआ था, लेकिन बाद में उन्हें राहत मिलने लगी थी। फिर कैंसर पेट तक फैल गया, जो ठीक हो गया था। उन्होंने बताया कि हाल ही में कैंसर श्री राय के मस्तिष्क तक पहुंच गया था और उन्हें उम्र संबंधी अन्य तकलीफें भी होने लगी थीं। कैमरे की नजर से जीवन के अनेक पहलुओं को दुनिया के सामने पेश करने वाले श्री राय के परिवार में उनकी पत्नी गुरमीत, पुत्र नितिन और तीन पुत्रियां लगन, अवनि और पूर्वाई हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार शाम चार बजे लोधी रोड श्मशान घाट में किया गया।

### अंडमान दौरे पर राहुल गांधी, कांग्रेस को मिला जनसमर्थन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह दौरे को कांग्रेस ने बड़ी सफलता करार दिया है। कांग्रेस के अंडमान-निकोबार प्रभारी मणिकम टैगोर ने कहा कि पोर्ट ब्लेयर में आयोजित कांग्रेस सम्मेलन में श्री गांधी की मौजूदगी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता में नया उत्साह भर दिया। श्री टैगोर ने कहा कि इस दौरे को लेकर पार्टी प्रतिनिधियों और जनता की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली, जो द्वीपों में कांग्रेस संगठन की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

### भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास नमनगन में संपन्न

**नई दिल्ली।** भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'दस्तलिक 2026' का सातवां आयोजन उज्बेकिस्तान के नमनगन स्थित गुरुमसरॉय फील्ड ट्रेनिंग एरिया में संपन्न हो गया। अर्ध-पहाड़ी इलाकों में दो सप्ताह के गहन संयुक्त प्रशिक्षण के बाद यह सैन्य अभ्यास संपन्न हुआ। भारत-उज्बेकिस्तान के बीच आपसी तालमेल और संयुक्त परिचालन क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया।

# ट्रम्प की डिनर पार्टी में फायरिंग

## व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान हमलावर ने 10 से ज्यादा राउंड फायरिंग की

**वाशिंगटन, वार्ता**



**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प पर हमले की खबर सामने आई है। दरअसल, व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान एक हमलावर ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना को लेकर अब चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं।

कार्यक्रम में मौजूद एक चश्मदीद वॉलंटियर ने बताया है कि किस तरह सुरक्षा में हुई एक भारी चूक का फायदा उठाकर हमलावर ने एक असुरक्षित कमरे में अपना हथियार असेंबल किया और फिर सीधे मुख्य हॉल की तरफ दौड़ पड़ा। इस हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम में वालंटियर के रूप में काम कर रही हेलेन माबुस ने उस डरावने पल को याद किया। उन्होंने बताया कि टेरेस लेवल के प्रवेश द्वार के पास एक अस्थायी कमरा बनाया गया था। इस कमरे का उपयोग मुख्य रूप से बार कार्ट और अन्य सामान रखने के लिए किया जा रहा था। माबुस के अनुसार, उस समय वहां सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं था और न ही कोई निगरानी की जा रही थी। हेलेन ने बताया कि वह शख्स उसी कमरे में छिपा था। उसने अपने बैग से कुछ निकाला और उसे जोड़ना शुरू कर दिया। उन्होंने आगे बताया कि वह हथियार काफी लंबा था और किसी सामान्य बंदूक जैसा नहीं दिख रहा था। हमलावर सुरक्षाकर्मियों की नजरों से थोड़ा ओझल होकर इस काम को अंजाम दे रहा था। जैसे ही उसने हथियार तैयार किया, वह तेजी से बाथरूम की ओर भागा और हमला करना शुरू कर दिया। चश्मदीद के मुताबिक, हमलावर ने बिना सोचे-समझे हर दिशा में गोलियां चलानी शुरू कर दीं। हेलेन ने बताया कि ऐसा लग रहा था जैसे वह हर तरफ अंधाधुंध फायरिंग कर रहा हो। मैंने कम से कम 10 राउंड गोलियों की आवाज सुनी। गोलियों की आवाज सुनते ही वहां चीख-पुकार मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। मैं भी वहां से भागी। पुलिस के अनुसार, हमलावर की पहचान कैलिफोर्निया के टोरेंस निवासी कोल टामस एलन के रूप में हुई है।

**सीक्रेट सर्विस के एक अधिकारी को लगी गोली, हमलावर एलन गिरफ्तार**

### मोदी ने डिनर पार्टी में हुई गोलीबारी की निंदा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान हुई गोलीबारी की घटना की निंदा की है। श्री मोदी ने रविवार को इस घटना की निंदा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, प्रथम महिला मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की सुरक्षा पर राहत व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और इसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि वाशिंगटन डीसी के एक होटल में हुई गोलीबारी के बाद यह जानकर राहत मिली कि श्री ट्रम्प, प्रथम महिला और उपराष्ट्रपति सुरक्षित और सकुशल हैं।

### अमेरिकी अधिकारियों का पाकिस्तान दौरा रद्द

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित युद्धविराम वार्ता ठप पड़ गई है क्योंकि ईरान से बातचीत के लिए पाकिस्तान जाने वाले अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ और ट्रम्प के दामाद जारेड कुशनर का दौरा रद्द हो गया है। यह दूसरी बार है जब दोनों देशों की मीटिंग टली। इससे पहले ईरान ने शांति वार्ता न करने का ऐलान किया था। उनका कहना था कि पहले अमेरिका अपनी होर्मुज स्ट्रेट से नाकेबंदी हटाए तब ही हम बातचीत के लिए इस्लामाबाद आएंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने अपने दूतों को पाकिस्तान न जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने लिखा, यात्रा में बहुत समय लगता है। 18 घंटे समय बर्बाद कर बेकार की बातें करने नहीं जाना।

# सरेंडर का आदेश नहीं दे सकती अदालतें: सुप्रीम कोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत और अदालती क्षेत्राधिकार को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार है। हालांकि, याचिका खारिज करते समय अदालत के पास यह शक्ति नहीं है कि वह आरोपी को संबंधित ट्रायल कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दे। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह मामला धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपी एक व्यक्ति की ओर से दायर की गई विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था। पीठ ने सुनवाई के दौरान न्यायिक सीमाओं के बारे में बात की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अदालत अग्रिम जमानत खारिज करना चाहती है, तो वह ऐसा कर सकती है। लेकिन अदालत के पास यह कहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है कि याचिकाकर्ता अनिवार्य रूप से सरेंडर करे। यह पूरा मामला झारखंड हाईकोर्ट के एक पुराने आदेश से उपजा था। हाईकोर्ट ने भूमि विवाद से संबंधित एक मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। याचिका खारिज करने के साथ ही हाईकोर्ट ने आरोपी को निर्देश दिया था कि वह निचली अदालत के सामने आत्मसमर्पण करे और नियमित जमानत के लिए आवेदन करे। मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी।

**कहा: किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार**

# दिल्ली-टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ज्यूरिख जाने वाली स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स की एक उड़ान को रविवार तड़के उड़ान भरने (टेक-ऑफ) से ठीक पहले रुकने के लिए मजबूर होना पड़ा।

विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने के बाद पूर्ण आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू की गई। यह घटना रात लगभग 1:25 बजे के तुरंत बाद हुई, जब एयरबस ए330-300 संचालित उड़ान एसडब्लूआर146 रनवे 28 से उड़ान भरने के लिए गति पकड़ रही थी। अधिकारियों के अनुसार, कॉकपिट क्रू ने इंजन में खराबी का पता लगाया और तुरंत टेक-ऑफ की प्रक्रिया को रोक दिया। विमान के एक तरफ धुएं के निशान और लैंडिंग गियर क्षेत्र के आसपास आग की लपटों की रिपोर्ट के बाद कुछ ही मिनटों में पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया, जिससे सुरक्षा कार्यों के लिए रनवे को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। एहतियात के तौर पर विमान में सवार सभी 245 व्यक्तियों (232 यात्री और 13 चालक दल के सदस्य) को आपातकालीन स्लाइड का उपयोग कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन निकासी प्रक्रिया के दौरान चार यात्रियों को मामूली चोटें आईं।

**आग लगी, छह घायल, 4 नवजात समेत 232 लोग थे सवार**

# दाऊद गैंग का खास गुर्गा सलीम डोला गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** दाऊद इब्राहिम के करीबी सलीम डोला को तुर्की के इस्तांबुल में गिरफ्तार कर लिया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार तुर्की की सुरक्षा एजेंसियों ने उसे पकड़ा है।

कई मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों ने सलीम डोला की गिरफ्तारी की खबर की पुष्टि की है। डोला इंटरपोल द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के दायरे में था। यह नोटिस भारत की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा मुंबई पुलिस में दर्ज मामलों के आधार पर जारी किया गया था। सलीम डोला भारत भर में फैले कई गुप्त अड्डों और कारखानों का इस्तेमाल करके कई देशों में फैले एक अंतर्राष्ट्रीय सिंथेटिक ड्रग तस्करी नेटवर्क को चला रहा था। सूत्रों के अनुसार, वह दुबई से अपने ड्रग रैकेट को नियंत्रित करता था। रिपोर्ट के मुताबिक गिरफ्तारी की पुष्टि होने से पहले एक भारतीय अधिकारी ने कहा था कि अगर डोला पकड़ा जाता है, तो उसके ड्रग तस्करी गिरोह के लिए यह एक बड़ा झटका होगा। मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने, जिन्होंने गुमनाम रहने की शर्त पर बात की, कहा कि अगर डोला को हिरासत में लिया गया है, तो यह बहुत अच्छी खबर है और उसके तस्करी नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका है। सलीम डोला के ड्रग तस्करी नेटवर्क का सालाना कारोबार 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का था।

**खबरों में दावा: तुर्की में पुलिस ने दबोचा**

# बुलंदशहर: बर्थडे पार्टी में तिहरा हत्याकांड

## चेहरे पर केक लगाने को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**खुर्जा (बुलंदशहर)।** खुर्जा क्षेत्र में बीती देर रात एक बर्थडे पार्टी के दौरान केक चेहरे पर लगाने को लेकर हुए विवाद ने तिहरे हत्याकांड का रूप ले लिया। गोलीबारी की इस घटना में तीन युवकों की मृत्यु हो गई।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब 10:30 बजे खुर्जा नगर के सुभाष रोड स्थित एक जिम में जीतू नामक युवक की बर्थडे पार्टी चल रही थी। इसी दौरान युवकों के बीच एक-दूसरे के चेहरे पर केक लगाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर झगड़ा हिंसक हो गया और गोलीबारी शुरू हो गई। फायरिंग में मनीष, आकाश और अमरदीप नामक तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। तिहरे हत्याकांड के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एडीजी लॉ एंड ऑर्डर तथा एडीजी मेरठ जोन भानु भास्कर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एडीजी ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आठ टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

**पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

# टीएमसी का घमंड टूटा, भाजपा की जीत तय: मोदी

## ममता सरकार में मां-माटी और मानुष का सम्मान नहीं, पीएम ने कोलकाता में किया रोड शो

**कोलकाता, वार्ता**



**पीएम नरेंद्र** मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के नार्थ 24 परगना जिले के बनगांव और हुगली के हरिपाल में रैली की। उन्होंने बनगांव में कहा कि पहले फेज के मतदान में टीएमसी का घमंड टूट चुका है।

दूसरे चरण में भाजपा की जीत तय होती दिख रही है। उन्होंने कोलकाता में रोड शो भी किया। पीएम ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में छोटे-छोटे नेता और गुंडे खुद को सरकार समझने लगे हैं। 15 साल पहले टीएमसी 'मां, माटी, मानुष' का नारा देकर सत्ता में आई थी, आज वे इन शब्दों को बोल भी नहीं पाते। अगर बोलेंगे, तो इनके पाप सामने आ जाएंगे। टीएमसी के राज में मां-माटी और मानुष का सम्मान नहीं है। हुगली में पीएम ने कहा कि टीएमसी सरकार ने अपने कुकर्मों की वजह से बंगाल के लोगों का भरोसा खो दिया है। यही कारण है कि लोगों को बार-बार कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। 15 साल तक टीएमसी ने बंगाल के लोगों को डराकर रखा, लेकिन वे एक बात भूल गए। जब अत्याचार अपनी सीमा पार करता है, तो जनता मां दुर्गा का रूप लेकर अन्याय का अंत करती है।

**पीएम का आरोप : टीएमसी शासन में छोटे-छोटे नेता और गुंडे खुद को सरकार समझने लगे**

### जनगणना में डिजिटल भागीदारी कर सफल बनाएं: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लोगों से जनगणना 2027 में डिजिटल भागीदारी कर इसे सफल बनाने की अपील की।

पीएम मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है। जनगणना के लिए घर-घर जाने वाले कर्मचारी लोगों से बात करते मोबाइल एप में सारी जानकारी दर्ज करेंगे। वहीं, इस बार लोगों को खुद भी अपनी जानकारी डिजिटली अपलोड करने की सुविधा दी गई है। कर्मचारी के आने से 15 दिन पहले यह सुविधा शुरू होगी। लोग अपने हिसाब से अपने समय में सारी जानकारी भर सकते हैं। इसके बाद उन्हें मोबाइल या ई-मेल पर एक विशेष आईडी मिलेगी।

# यूपी का बांदा देश में सबसे गर्म, पारा 47 के पार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में लू चल रही है। प्रदेश का बांदा शनिवार को देश में सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बिहार के कई जिलों में रविवार को मौसम ने करवट ली। सुपौल, रक्सौल और मधुबनी समेत 10 जिलों में तेज बारिश हुई। दरभंगा में काले बादल से दिन में अंधेरा छा गया। किशनगंज में तेज आंधी और बारिश की वजह कई जगह पेड़ उखड़ गए। मध्य प्रदेश के इंदौर और ग्वालियर जिले में आंगनवाड़ी केंद्र और 8वीं तक के सभी स्कूल 27 से 30 अप्रैल तक बंद रहेंगे। हिमाचल प्रदेश के ऊना में तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां 27 अप्रैल से बारिश का अनुमान भी है। गर्मी बढ़ने के साथ देश में बिजली की मांग 252.07 गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक पहुंच गई, जो अब तक सबसे ज्यादा है। इससे पहले मई 2024 में 250 जीडब्ल्यू का रिकॉर्ड बना था। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम भारत के 10 राज्यों में हीटवेव और वार्म नाइट का अलर्ट जारी किया है। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड के कुछ इलाकों में हीटवेव चलने की संभावना है।

**उप्र के 50 जिलों में लू, मप्र के इंदौर-ग्वालियर में 8वीं तक के स्कूल बंद**

## संक्षिप्त समाचार

### होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा में नकल षड्यंत्र का भंडाफोड़

**कानपुर।** कानपुर में बीएनएसडी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा की दूसरी पाली में ड्यूटी के दौरान तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता से नकल कराने के एक सुनियोजित षड्यंत्र का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अतुल श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि शनिवार को परीक्षा के दौरान एक इन्विजिलेटर को संदिग्ध अवस्था में वॉशरूम की ओर जाते देख रोककर तलाशी ली गई, जिसके दौरान उसके पास से प्रश्नपत्र बुकलेट बरामद हुई, जिसे उसने छिपाकर रखा था। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि वह एक अन्य इन्विजिलेटर एवं कॉलेज के एक केमिस्ट्री लेक्चरर के साथ मिलकर परीक्षा में नकल कराने की योजना में संलिप्त था।

### यूपीटेट 2026: तीन मई तक अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज टीईटी-2026 में अब अभ्यर्थी 3 मई तक आवेदन कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने तिथि को बढ़ाने की घोषणा की है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। तकनीकी समस्याओं और अभ्यर्थियों की मांग को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। अभ्यर्थी लेट होने की दशा में इससे वंचित नहीं रह जाएंगे। आयोग की ओर से जारी नए कार्यक्रम के अनुसार आवेदन की नई अंतिम तिथि 3 मई है, जो पहले 1 मई थी, वहीं संशोधन एवं शुल्क समाधान की तिथि 8 मई तक कर दी गई है। प्रस्तावित एग्जाम डेट 2, 3 और 4 जुलाई है। शनिवार तक आंकड़ों के अनुसार कुल ऑनलाइन पंजीकरण 14,58,104 और वन टाइम रजिस्ट्रेशन 12,80,845, वहीं नए आवेदन 1,04,196 किए गए।

### सीएम योगी ने महिला आरक्षियों की पासिंग आउट परेड की ली सलामी

# अनुशासन व टीमवर्क का भाव सबसे बड़ी ताकत

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती के अंतर्गत दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित करते हुए बोले मुख्यमंत्री

**लखनऊ। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरक्षी प्रशिक्षण के दौरान बेटियों ने जिस मजबूती, तत्परता, समर्पण व अनुशासन का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। अनुशासन व टीमवर्क का उत्कृष्ट भाव सबसे बड़ी ताकत है। इन सबको समाहित करते हुए देश के लिए सर्वोत्कृष्ट योगदान देने की भावना वर्दीधारी बल का सबसे महत्वपूर्ण अंग होती है।

प्रशिक्षण में जितना पसीना बहेगा, बाद के जीवन में उतना ही कम खून बहाने की नौबत आती है। योगी रविवार को 60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती के अंतर्गत वर्ष 2025 बैच के पुलिस आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। रिजर्व पुलिस लाइन में हुए आयोजन में मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी भी ली।

उन्होंने प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनने वाली महिला आरक्षियों को बधाई दी और कहा कि सभी ने लगन व अनुशासन के साथ कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अब आप सबको जनपदों की फील्ड ड्यूटी में जाना है। याद रखिए, कानून अपराधी के लिए जितना कठोर हो, नागरिकों के प्रति उतना ही संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी आरक्षी प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान, कौशल व मूल्यों का उपयोग करते हुए निष्ठा, ईमानदारी व कर्तव्य परायणता से यूपी पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के 10 पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों, 73 जनपदों की पुलिस लाइंस, 29 पीएसी बटालियनों, 112 रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटरों में एक साथ आरक्षी दीक्षांत परेड आयोजित की जा रही है। 15 जून 2025 को लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 60,244 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए थे।

21 जुलाई से इनका प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इस दौरान मैं भी विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में गया और देखा कि प्रशिक्षण व सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं। योगी ने कहा कि 2017 के पहले यूपी पुलिस के सामने चुनौती व संकट था, लेकिन हमने इसे देश के बेहतरीन पुलिस बल के रूप में स्थापित किया। हमने 2.18 लाख से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती और 1 लाख से अधिक पुलिसकर्मियों का प्रमोशन किया। 2017 में पुलिस की ट्रेनिंग क्षमता महज 3 हजार थी, लेकिन हमने 60244 पुलिस आरक्षियों का प्रशिक्षण यूपी के केंद्रों में ही एक साथ संपन्न किया है, जो 9 वर्ष में अर्जित की गई प्रगति को दर्शाता है।

### अयोध्या में शिव मंदिर पर 29 अप्रैल को ध्वजारोहण करेंगे मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ/अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के सभी मंदिरों में देवी-देवताओं के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात मंदिर रामलला, माता अन्नपूर्णा, सूर्यदेव, हनुमान जी और गणेश मंदिरों के शिखरों पर ध्वजारोहण हो चुका है। वहीं अब शिव मंदिर पर ध्वजारोहण की तैयारी है। शिव मंदिर पर ध्वजारोहण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अप्रैल को करेंगे।

## आज से बदलेगा मौसम, गर्मी से मिलेगी मामूली राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- उत्तर प्रदेश में मौसम विभाग ने बताए अगले 24 से 48 घंटे में आंधी और बूंदाबांदी के आसार

**लखनऊ।** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में अगले 24 से 48 घंटे में आंधी और बूंदाबांदी के आसार हैं जिससे तापमान में मामूली गिरावट का अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के दक्षिणी, मध्य और पूर्वी हिस्सों में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जबकि कई जिलों में तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना हुआ है। आगामी 3 से 4 दिनों तक तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी के बाद हल्की गिरावट की संभावना जताई गई है। विभाग के अनुसार 28 अप्रैल के बाद प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लू की चेतावनी नहीं है और तापमान में हल्की गिरावट संभव है, जिससे लोगों को कुछ राहत मिल सकती है आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के अनुसार कानपुर नगर, कानपुर देहात, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, जालौन, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ और बलिया समेत अनेक जिलों में लू चलने की प्रबल संभावना है। विशेष रूप से बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, वाराणसी, जालौन और हमीरपुर को अधिक संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। कानपुर नगर में अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। शहर में दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों को बेहाल कर रही हैं। न्यूनतम तापमान भी 28 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जिससे रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही

## प. बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ता के हत्यारे हों गिरफ्तार: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है और आरोप लगाया है कि उसके लोगों ने कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की हत्या की है।

गांधी ने रविवार को देबदीप की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की और कहा कि कांग्रेस हिंसा पर भरोसा नहीं करती और अहिंसा के सिद्धांत को कलंकित करने वाली राजनीति के सामने झुकना नहीं जानती है। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा, कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की तृणमूल से जुड़े गुंडों द्वारा की गई हत्या बेहद निंदनीय है। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, तृणमूल का गुंडा राज चल रहा है। वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना, यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी और न कभी टिकेगी। हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है। यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प। उन्होंने कहा कि हमारी मांग स्पष्ट है, सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो।

## युवराज की मौत के लिए 3 पुलिसकर्मी दोषी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- 110 दिन की जांच में ऐसे बेदाग हुई अथॉरिटी?

**नोएडा।** राष्ट्रीय राजधानी से सटे नोएडा सेक्टर 150 में पानी से लबालब खुले बेसमेंट में गिरकर इंजीनियर युवराज मेहता केस की जांच के लिए गठित एसआईटी ने 100 दिन की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है। इस रिपोर्ट में एसआईटी ने माना है कि पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात एआरओ और आरआई समेत 3 पुलिसकर्मी दोषी हैं। एसआईटी ने इस घटना के लिए असली जिम्मेदार बताए जा रहे नोएडा प्राधिकरण, फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ को एक तरह से क्लीनचिट दे दी है।

माना जा रहा है कि एसआईटी अपनी जांच में इन संस्थानों की भूमिका के साथ जवाबदेही तय करेगी। जिम्मेदार अधिकारियों पर एक्शन होगा, लेकिन एक बार फिर जांच के नाम पर खानापूर्ति हो गई है। बता दें कि 16 जनवरी 2026 की रात सेक्टर 150 स्थित जलभराव वाले खुले गड्ढे में युवराज मेहता की कार गिर गई थी। इस हादसे के दौरान युवराज मदद के लिए आवाज लगता रहा, लेकिन समय पर राहत नहीं पहुंच सकी और आखिरकार कड़ाके की ठंड में युवराज ने दम तोड़ दिया था। काफी देर बाद रेस्क्यू अक्रमरेशन शुरू हुआ और काफी मसक्कत के बाद युवराज के शव को बाहर निकाला गया। इस घटना ने न केवल नोएडा, बल्कि पूरे देश के सिस्टम पर सवाल खड़ा कर दिया था। देश भर से घटना के विरोध में आवाजें उठने लगीं। पूछा जाने लगा कि इतने खतरनाक गड्ढे को बिना मार्किंग और चेता. वनी बोर्ड के खुला क्यों छोड़ा गया? समय रहते युवराज को मदद क्यों नहीं पहुंचाई गई? बाद में सीएम योगी ने खुद संज्ञान लिया और एसआम्रटी जांच के आदेश दिए। इससे उम्मीद जगी कि शायद दोषियों के खिलाफ एक्शन हो, लेकिन एक बार फिर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति हो गई। 5 सदस्यीय एसआईटी ने इस घटना के बाबत करीब 700 लोगों से पूछताछ की। इनमें नोएडा पुलिस, प्राधिकरण, एनडीआरू और फायर ब्रिगेड के तमाम अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। 100 दिन चली जांच के बाद अब एसआईटी ने रिपोर्ट दी है। इसमें पुलिस कंट्रोल रूम की भूमिका संदिग्ध माना है और कहा है कि कंट्रोल रूम ने हादसे की सूचना को गंभीरता से नहीं लिया, इसकी वजह से रेस्क्यू दल समय रहते एक्टिव नहीं हो पाया। एसआईटी की रिपोर्ट पर पुलिस कमिश्नर ने तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। जानकारों का कहना है कि कंट्रोल रूम ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, ऐसे में कार्रवाई होनी ही चाहिए, लेकिन एसआईटी ने कैसे नोएडा अथॉरिटी और एनडीआरएफ को क्लीनचिट दी।

## उप्र में एक मई से चलेगा विशेष स्कूल चलो अभियान

**लखनऊ।** योगी सरकार ने शिक्षा के मोर्चे पर बड़ा और निर्णायक कदम उठाते हुए 'स्कूल चलो अभियान' को उत्तर प्रदेश में मिशन मोड में लागू कर दिया है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि अब कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर नहीं रहेगा। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि छह से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे का नामांकन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। पहली मई से प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाकर श्रमिक बस्तियों, ईंट-भट्टों और वंचित वर्गों के बच्चों को चिह्नित कर स्कूल से जोड़ा जाएगा। दिव्यांग बच्चों के नामांकन को प्राथमिकता देने, आरटीई के अंतर्गत लॉटरी के माध्यम से चयनित पात्र बच्चों का आवंटित विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन कराने और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं के प्रवेश को बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सरकार ने ड्रॉपआउट और आउट- ऑफ- स्कूल बच्चों की पहचान कर उन्हें पुन: शिक्षा से जोड़ने के लिए जमीनी स्तर पर रणनीति तैयार की है। कक्षा 5 से 6, 8 से 9 और 10 से 11 तक 100 प्रतिशत ट्रांजिशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बच्चों की पढ़ाई बीच में न छूटे और शिक्षा की निरंतरता बनी रहे।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 79273.33
निफ्टी 24576.60



सोना 153594
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 250210
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में गिरावट के बाद वैश्विक कारकों पर रहेगी नजर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर रहेगी। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता के साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर जारी गतिरोध पर निवेशक नजदीकी नजर रख रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की 28 और 29 अप्रैल को होने वाली बैठक का असर भी पूरी दुनिया के शेयर बाजारों पर पड़ेगा।

घरेलू स्तर पर औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी आने वाले सप्ताह में जारी होने हैं। साथ ही कंपनियों के तिमाही परिणाम बाजार को प्रभावित करना जारी रखेंगे। बीते सप्ताह पहले दो दिन बाजार में तेजी रही, लेकिन अगले तीन दिन बिकवाली हावी रही। बीएसई का सेंसेक्स 1,829 अंक (2.33 प्रतिशत) की साप्ताहिक गिरावट में 76,664.21 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी सप्ताह के दौरान 455.60 अंक यानी 1.87 प्रतिशत टूटकर शुक्रवार को 23,897.95 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक भी 1.60 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में रहा। वहीं छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक उतार-चढ़ाव से होता हुआ अंत में लगभग स्थिर रहा। सप्ताह के दौरान आईटी कंपनियों पर भारी दबाव देखा गया। निफ्टी आईटी सूचकांक सप्ताह के दौरान 10.31 प्रतिशत लुढ़क गया।

### अमेरिका ईरान में जारी तनाव से डामर संकट गहराया

**लखनऊ/हमीरपुर।** अमेरिका-ईरान के बीच जारी तनाव और कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से उत्तर प्रदेश में सड़कों के निर्माण के लिए आवश्यक डामर (बिटुमिन) का संकट गहरा गया है। इसका असर हमीरपुर जिले में लोक निर्माण विभाग की सड़क परियोजनाओं पर साफ दिखाई दे रहा है। कई सड़कें अधर में लटक गई हैं, जबकि कुछ स्थानों पर गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता (एसई) सुनील कांत ने रविवार को बताया कि सड़क निर्माण में उपयोग होने वाला डामर क्रूड ऑयल से तैयार होता है और भारत में इसके लिए ईरान सहित अन्य देशों से कच्चे तेल का आयात किया जाता है।

## चावल, गेहूं, चीनी में साप्ताहिक तेजी, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं और चीनी में भी तेजी रही। खाद्य तेलों और दालों में उतार- चढ़ाव का रुख देखा गया।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत चार रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,847 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी 10 रुपये महंगा होकर 2,780 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटे का भाव पांच रुपये बढ़कर 3,270 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। उड़द दाल 15 रुपये और चना दाल तीन रुपये सस्ती हुई। मसूर दाल का भाव 23 रुपये और मूंग दाल का नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 57 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई, जबकि अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल 109 रुपये और सोया तेल 61 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति का भाव 58 रुपये और पाम ऑयल का 44 रुपये बढ़ा। सूरजमुखी तेल 37 रुपया प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी दो रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7686.02 रुपये, मसूर काली 8085.22 रुपये, मूंग दाल 10208.98 रुपये, उड़द दाल 10826.44 रुपये, तुअर दाल 11230.67 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2779.79 रुपये और चावल 3847.23 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3274.52 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4310.66 रुपये और गुड़ 5044.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17866.06 रुपये, मूंगफली तेल 18916.85 रुपये, सूरजमुखी तेल 17516.11 रुपये, सोया तेल 15002.66 रुपये, पाम ऑयल 13442.13 रुपये और वनस्पति 14965.02 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त




भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## बागी 7 राज्यसभा सांसदों की सदस्यता खत्म करने को आप ने भेजा आवेदन

नई दिल्ली, वार्ता

- सभापति और उपराष्ट्रपति से की मांग

आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से 7 सांसदों की सदस्यता खत्म करने की मांग की है। इसे लेकर आप ने सभापति से मांग की है कि जल्द से जल्द कार्रवाई करके न्यायपूर्ण फैसला दें। आप के ये सातों सांसद हाल ही में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं।

आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि पार्टी ने संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। इनमें वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचार्य भी शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये सांसद कानून के तहत अयोग्य ठहराए जा सकते हैं। संजय सिंह ने कहा कि राज्यसभा के सभापति और देश के उपराष्ट्रपति को एक शिकायत भेजी है, जिसमें संविधान की 10 वी अनुसूची के मुताबिक सातों सदस्यों की सदस्यता खत्म करने के लिए अनुरोध किया है। संजय सिंह ने कहा कि एक पार्टी से आप चुनकर आते है और एजेंसीज का दुरुपयोग करके आपको तोड़ा जाता है। आपको डराकर अपने में मिला लेती है, ये पंजाब और देश के संवैधानिक साथ धोखा है। संजय सिंह ने कहा कि दसवीं अनुसूची (एंटी-डिफेक्शन कानून) के तहत ऐसे दलबदल मान्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इन सांसदों को अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। पार्टी सूत्रों का कहना है कि लीडरशिप को दलबदल की आशंका थी और आखिरी समय में कुछ सांसदों को रोकने की कोशिश भी की गई थी, लेकिन पार्टी नेताओं की काफी कोशिशों के बाद भी सातों राज्यसभा सांसद बीजेपी में शामिल हो गए। इस बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से समय मांगा था, ताकि सांसदों को वापस बुलाया जा सके लेकिन संविधान में सांसदों या विधायकों को वापस बुलाने (रिकॉल) का कोई प्रावधान नहीं है। इस पूर मामले में कानूनी राय बंटी हुई है। आप का कहना है कि ये दलबदल असंवैधानिक है, लेकिन कई विशेषज्ञों का मानना है कि एंटी-डिफेक्शन कानून में अगर विधायी दल के दो-तिहाई सदस्य साथ हों, तो विलय (मर्जर) की अनुमति है।

## दिल्ली-एनसीआर की मंडियों में रेट कंट्रोल करेगा हरदोई

- गंगा एक्सप्रेसवे से आएगी खुशहाली, रोज पहुंचेंगी सब्जियां

**लखनऊ।** दिल्ली-एनसीआर वासियों को अब ताजी सब्जियां मिला करेंगी। इसके लिए हरदोई रेट नियंत्रित करेगा। 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन होने जा रहा है। इसके बाद गंगा की तराई में पैदा होने वाली हरी सब्जियों की बड़ी खेप रोज दिल्ली-एनसीआर की मंडियों में पहुंचने लगेगी। अभी परिवहन के साधनों की कमी की वजह से इन इलाकों से सब्जियों की खेप बड़ी मुश्किल से बड़ी मंडियों तक पहुंच पाती थी।

हरदोई में होटल कारोबारी रानू का कहना है कि इन सब्जियों और सलाद की डिमांड बड़े होटलों में खूब है। इसके लिए किसानों को मुंह मांगी कीमत भी मिलती है, लेकिन अभी तक इसे हरदोई के बाहर के होटलों तक पहुंचाना ही मुश्किल था। अब गंगा एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और प्रयागराज के 5 स्टार होटल सीधे किसानों से सलाद की फसल खरीद सकेंगे। उन्होंने उदाहरण के जरिए समझाया कि अभी हरदोई में तरबूज 8 से 10 रुपये किलो मिल रहा है, जबकि दिल्ली में 40 से 100 रुपये का भाव है। यदि यहां से तरबूज दिल्ली जाए, तो सारे खर्चे काटने के बाद भी भाव 20 रुपये से ज्यादा नहीं होगा। बड़ी बात कि यह पैसा सीधा किसान की जेब में जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे इन क्षेत्रों खासतौर पर शाहजहांपुर और हरदोई आदि जिलों के लिए वरदान बन सकता है।

## गंगा एक्सप्रेसवे के साथ उभरेगा इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग हब



- योजना के तहत 594 किमी लंबे एक्सप्रेसवे के किनारे 12 औद्योगिक नोड्स विकसित किए जा रहे

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे को देशवासियों को समर्पित करेंगे। योगी सरकार इस परियोजना को एक्सप्रेसवे सह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर मॉडल के रूप में आगे बढ़ा रही है। सरकार ने उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे को औद्योगिक विकास से जोड़ते हुए गंगा एक्सप्रेसवे को इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) के रूप में विकसित किया है।

एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की इस योजना के तहत 594 किमी लंबे एक्सप्रेसवे के किनारे 12 औद्योगिक नोड्स विकसित किए जा रहे हैं, जिनके लिए 6,507 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। अब तक 987 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जिनके जरिए लगभग 47 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य तय किया गया है। यह पूरी योजना 12 जिलों में औद्योगिक विकास का नया नेटवर्क खड़ा करेगी। आईएमएलसी योजना के तहत पूरे एक्सप्रेसवे कॉरिडोर में सभी 12 जिलों में 12 नोड्स बनाए गए हैं। इन नोड्स के लिए कुल 6,507 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। प्रत्येक नोड को उसकी भौगोलिक स्थिति और औद्योगिक संभावनाओं के आधार पर डिजाइन किया गया है, ताकि मैन्युफैक्चरिंग, वेयरहाउसिग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर को एकीकृत रूप से बढ़ावा मिल सके। मेरठ से प्रयागराज तक हर नोड का लोकेशन और एरिया तय कर लिया गया है। इन नोड्स की यह स्ट्रैटेजिक प्लानिंग पूरे एक्सप्रेसवे को एक 'इकोनॉमिक ग्रोथ बेल्ट' में बदल देगी। आईएमएलसी योजना को निवेशकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। अब तक 987 'इंटेंट्स ऑफ इन्वेस्टमेंट' प्राप्त हुए हैं, जिनके जरिए 46,660 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। यह निवेश मुख्य रूप से मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउ. सिग, ई-कॉमर्स सप्लाई चेन और एग्री-प्रोसेसिंग सेक्टर में आएगा। एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित होने वाले आईएमएलसी नोड्स माल परिवहन को तेज और सस्ता बनाएंगे, जिससे उद्योगों की लागत घटेगी।

# केदारनाथ यात्रा मार्ग पर प्रशासन का सख्त एक्शन, 100 से ज्यादा अतिक्रमण हटाकर पैदल मार्ग किया सुगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा 2026 को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालुओं के लिए अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग विशाल मिश्रा के निर्देशानुसार गठित विशेष मॉनिटरिंग टीम द्वारा गौरीकुण्ड से केदारनाथ धाम तक पैदल यात्रा मार्ग का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें सुरक्षा, यात्री सुविधाओं और मार्ग की सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

तहसीलदार बसुकेदार प्रणव पाण्डेय के नेतृत्व में चले इस विशेष अभियान में वन विभाग, पुलिस विभाग, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चर संचालकों द्वारा बनाए गए 100 से अधिक अवैध एवं अनियमित डेरों (टेंट/शेल्टर) को हटाने की सख्त कार्रवाई की गई, जो श्रद्धालुओं के आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। प्रशासन की इस कार्रवाई से पूरा मार्ग अब अधिक साफ, सुरक्षित और सुगम हो गया है। अभियान के दौरान टीम ने यात्रा मार्ग के संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण पड़ावों का गहन निरीक्षण किया। गौरीकुण्ड क्षेत्र में 31, चिरबासा में 12, चिरबासा से भीमबली के मध्य 24, भीमबली से छोटी लिनचोली तक 35 तथा छोटी लिनचोली से बड़ी लिनचोली होते हुए घोड़ापड़ाव तक 42 अवैध डेरों को हटाया गया। साथ ही सुरक्षा मानकों, यात्री सुविधाओं और व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि केदारनाथ धाम यात्रा 2026 के दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्राप्त हो।

## केदारनाथ यात्रा में 12 वाटर एटीएम बने जीवनरेखा




**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा इन दिनों अपने चरम पर है, जहां हर दिन हजारों श्रद्धालु कठिन पर्वतीय रास्तों को पार कर बाबा केदार के दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं। यात्रा के शुरुआती पांच दिनों में ही जिस प्रकार आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ा है, उसने प्रशासन के सामने व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने की चुनौती खड़ी कर दी है। हालांकि, जिला प्रशासन ने इस चुनौती को अवसर में बदलते हुए ऐसी व्यवस्थाएं विकसित की हैं, जो न केवल श्रद्धालुओं के लिए राहतकारी साबित हो रही हैं, बल्कि पूरी यात्रा को अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और सुविधाजनक बना रही हैं। इसी कड़ी में पेयजल व्यवस्था को लेकर की गई पहल ने यात्रा में नया आयाम जोड़ दिया है। जल संस्थान द्वारा पूरे केदारनाथ यात्रा मार्ग पर 12 आधुनिक वाटर एटीएम स्थापित किए गए हैं।

# भाजपा 28 अप्रैल को मशाल जुलूस निकालेगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** महिला सशक्तिकरण मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि महिला आरक्षण के विरोध में विपक्षी दलों के रुख से महिलाओं में व्यापक आक्रोश है। इस आक्रोश को अभिव्यक्ति देने के लिए 28 अप्रैल को एक दिन के विधानसभा सत्र के अलावा उसे दिन शाम को देहरादून में विशाल मशाल जुलूस निकाला जाएगा।



विपक्षी दलों के विरोध के कारण महिलाओं को नहीं मिल पाया उनका लोकतांत्रिक अधिकार : रेखा आर्य

रविवार को प्रदेश पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि विपक्षी दलों के विरोध के कारण महिलाओं को उनका लो. कतांत्रिक अधिकार नहीं मिल पाया। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इन जनभावनाओं को अभिव्यक्ति देने और राज्य की आवाज को स्पष्ट रूप से सामने रखने के उद्देश्य से 28 अप्रैल को विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र आहूत किया गया है। इसके अलावा, उसी दिन शाम 6 बजे महिलाओं और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मशाल जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस विपक्षी दलों की महिला विरोधी मानसिकता के खिलाफ आयोजित किया जाएगा।

रेखा आर्य ने पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ मशाल रैली की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस विशेष सत्र और मशाल रैली में उत्तराखंड की महिलाओं की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाया जाना चाहिए, ताकि महिला आरक्षण का विरोध करने वाले राजनीतिक दलों को स्पष्ट संदेश दिया जा सके।

# सीएम धामी से की बिंद्रा ने मुलाकात, दिया निमंत्रण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री आवास में गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने भेंट की। उन्होंने आगामी यात्रा को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत भी कराया।

इस दौरान अध्यक्ष बिंद्रा ने मुख्यमंत्री को 20 मई 2026 को हेमकुंट साहिब यात्रा 2026 के पहले जत्थे के विदाई समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन-प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए हर संभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है। यात्रा व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि हेमकुंड साहिब यात्रा को सफल, सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

बिंद्रा ने बताया कि 20 मई को हेमकुंट साहिब यात्रा 2026 के पहले जत्थे का विदाई समारोह आयोजित होगा। इस पहले जत्थे का नेतृत्व पारंपरिक रूप से पंज प्यारों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हेमकुंट साहिब यात्रा 2026 के कपाट 23 मई को खुलने वाले हैं। लाखों श्रद्धालु इस पावन यात्रा में शामिल होकर गुरु गोबिंद सिंह की पावन तपोभूमि के दर्शन करेंगे।।

## बहुभाषीय फ्लेक्स से यमुनोत्री धाम में आसान होगा सफर, पुलिस का नया कदम

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालु-अनुकूल बनाने की दिशा में उत्तरकाशी पुलिस लगातार नवाचार कर रही है। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी पहल के तहत अपर पुलिस अधीक्षक शांतनु परासर के नेतृत्व में यमुनोत्री धाम एवं प्रमुख यात्रा मार्गों पर बहुभाषीय फ्लेक्स लगाए गए हैं। इन फ्लेक्स को देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए तमिल, मलयालम, उड़िया, कन्नड़, हिंदी, अंग्रेजी, बंगाली और गुजराती सहित कई भाषाओं में तैयार किया गया है। 25 अप्रैल 2026 को स्थापित इन फ्लेक्स के माध्यम से यात्रियों को प्रमुख स्थलों के स्पष्ट दिशा-निर्देश, सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी और आपातक. ालीन सहायता से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे यात्रा और अधिक सहज, सुगम और सुरक्षित बनने की उम्मीद है। एसपी कमलेश उपाध्याय ने बताया कि , यह पहल न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

# मन की बात कार्यक्रम से मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा : सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मोथरोवाला, देहरादून में बड़ी संख्या में उपस्थित स्थानीय लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 133वें संस्करण को सुना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री समाज के विभिन्न वर्गों के प्रेरक कार्यों, नवाचारों, स्टार्टअप, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण एवं लोक संस्कृति से जुड़े विषयों को प्रभावी रूप से सामने रखते हैं, जिससे लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम ने आमजन के प्रयासों को एक मंच प्रदान किया है। इससे देश के कोने-कोने में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों को पहचान मिल रही है और



मुख्यमंत्री ने सुना प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का 133वाँ संस्करण

समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वातावरण बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम अनवरत रूप से निरंतर जारी है, जो करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणादायक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेहनत, परिश्रम और काम करने वाले लोगों को अवश्य फल मिलता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का मान, सम्मान, स्वाभिमान प्रत्येक क्षेत्र में बड़ रहा है। भारत बड़ी आर्थिक शक्ति बनकर उभरा है। हमारा देश विज्ञान, रक्षा, ए.आई के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। आज हम रक्षा उपकरणों, हथियारों का अन्य देशों को निर्यात भी करते हैं, जो आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। देश के सीमांत क्षेत्रों में भी अब रोड, रेल और आधुनिक सुविधाएं पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा उत्तराखंड, विकसित भारत के संकल्प में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। बाबा केदार की भूमि से प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बताया था, जिस संकल्प पर राज्य सरकार निरंतर आगे कार्य कर रही है और अब इसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार का संकल्प है कि हम उत्तराखंड की संस्कृति, आस्था और साधना को हमेशा संरक्षित रखें। राज्य सरकार, देवभूमि के दैवत्व को हमेशा अमर रखने का काम करेगी। राज्य सरकार ने सख्त दंगारोधी कानून, धर्मांतरण कानून, नकल विरोधी कानून, जैसे कई कानून लागू किए हैं जो अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण बन रहा है। उन्होंने कहा जहां डबल इंजन की सरकार है वहां विकास दुगनी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर विधायक विनोद चमोली, दायित्वधारी प्रताप सिंह पंवार, सरिता डंगवाल, मोहित शर्मा एवं अन्य लोग मौजूद रहे ।

# बिल्डर पुनीत अग्रवाल गुंडा एक्ट में बुक, जिला बदर की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** शहर के सहस्त्रधारा रोड स्थित एटीएस कॉलोनी में अपनी दबंगई और गुंडागर्दी के लिए चर्चा में रहने वाले विवादित बिल्डर पुनीत अग्रवाल के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है।

जिला मजिस्ट्रेट सविन बंसल ने जन सुरक्षा को देखते हुए मामले का स्वत: संज्ञान लिया और बिल्डर को गुंडा एक्ट में बुक करते हुए नोटिस जारी किया है। यदि अगले 7 दिनों के भीतर बिल्डर की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है, तो उसे जिला बदर करने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

बिल्डर पुनीत अग्रवाल का विवादों से पुराना नाता रहा है। इससे पहले दीपावली के मौके पर नाबालिग बच्चों पर पिस्तौल तानने और

जिला अधिकारी सविन बंसल ने जारी किया नोटिस

लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने पर जिलाधिकारी ने उसका शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिया था। ताजा मामला डीआरडीओ के वैज्ञानिक के साथ मारपीट से जुड़ा है। आरोप है कि नगर निगम और एमडीडीए की सरकारी जमीन पर बिल्डर द्वारा कराए जा रहे अवैध निर्माण का विरोध करने पर उसने वैज्ञानिक अनिरुद्ध शर्मा के साथ गाली-गलौज की और मारपीट की, जिसमें वैज्ञानिक घायल हो गए।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी बिल्डर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 351(2), 352, 74, 126(2), 324(4) और 447 के तहत कुल पांच मुकदमे दर्ज हैं। उस पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के साथ मारपीट, विधवा महिला की जमीन पर फर्जी रजिस्ट्री के जरिए कब्जा करने का प्रयास और स्थानीय निवा. सियों को झूठे केस में फंसाकर प्रताड़ित करने जैसे गंभीर आरोप हैं। जिलाधिकारी सविन बंसल ने स्पष्ट किया है कि कानून हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है और जो भी व्यक्ति समाज में भय पैदा करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वर्तमान में प्रशासन ने बिल्डर को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है, जिसके बाद उसके निष्कासन की प्रक्रिया तय की जाएगी।

## एनएबीएच निरीक्षण में 80 प्रतिशत मानकों पर खरा उतरा बेस चिकित्सालय

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के अंतर्गत संचा. लित हेमवती नंदन बहुगुणा बेस चिकित्सालय ने एनएबीएच निरीक्षण में 80 प्रतिशत गुणवत्ता मानकों को सफलतापूर्वक पूरा कर बड़ी उपलब्धि की ओर कदम बढ़ाया है। मुंबई व दिल्ली से आई विशेषज्ञ टीम ने तीन दिन तक अस्पताल की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया और अधिकांश व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया। टीम ने शेष कमियों को एक सप्ताह में सुधारकर ऑनलाइन अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। अस्पताल में पिछले नौ महीनों से चल रही तैयारियों का यह सकारात्मक परिणाम माना जा रहा है। प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने इसे पूरे स्टाफ की मेहनत का नतीजा बताते हुए कहा कि एनएबीएच मान्यता मिलने से अस्पताल की विश्वसनीयता बढ़ेगी और क्षेत्रीय जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

# सहसपुर में भीषण आग से छह डेरे जलकर राख, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** थाना सहसपुर के अंतर्गत इंद्रा कॉलोनी मेदनीपुर स्थित गुर्जर बस्ती में रविवार को भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में छह ग्रामीणों के कच्चे घर (डेरे) पूरी तरह जलकर राख हो गए। हादसे के समय घरों के बड़े सदस्य खेतों में काम करने गए थे। गनीमत रही कि घटना में किसी व्यक्ति या पशु को कोई चोट नहीं आई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 10:25 बजे कंट्रोल रूम के माध्यम से मेदनीपुर की गुर्जर बस्ती में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही थाना सहसपुर व चौकी धर्मावाला पुलिस तत्काल मौके पर



अग्नि कांड में किसी व्यक्ति या पशु को नहीं पहुंचा कोई नुकसान

पहुंची। आग मुस्तफा, सद्दाम, याकूब, यामीन, जाफर और बसीर के डेरों में लगी थी। मिट्टी और घास-फूस से बने ये घर देखते ही देखते आग की लपटों में घिर गए और उनमें रखा सारा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया।आग की विकरालता को देखते हुए तत्काल सेलाकुई और विकासनगर से फायर सर्विस की दो गाड़ियां बुलाई गईं।

पुलिस बल और स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिससे आसपास के अन्य घरों को चपेट में आने से बचा लिया गया। पीड़ितों के अनुसार, घरेलू सामान के साथ-साथ घरों में रखी करीब एक से डेढ़ लाख रुपये की नगदी भी जल गई है। जांच में सामने आया है कि परिवार के सभी बड़े सदस्य गेहूं की कटाई के लिए खेतों में गए थे और घरों में केवल बच्चे थे। प्रारंभिक रूप से आग लगने का कारण एक घर की रसोई से निकली चिंगारी माना जा रहा है, जो सूखे घास-फूस में पकड़ गई और फैलती चली गई। पुलिस प्रशासन द्वारा मामले की आगे की जांच की जा रही है।

# प्रदेश में आयुष विकास की अनंत संभावनाएं: कौशिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पंचायती राज, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास, आयुष एवं आयुष शिक्षा, पुनर्गठन एवं जनगणना मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय प्रदेश में आयुष विकास की अनंत संभावनाएं हैं जिसके तहत विभाग की ओर से उत्तराखंड को आयुष प्रदेश के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्दी इस दिशा में सकारात्मक कदम देखने को मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री धामी सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार टिहरी जनपद में भ्रमण पर आए कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने चम्बा के दिखोलगांव में एक निजी होटल में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि वह जनपद में उनके विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं और



प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ने कहा-पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

समस्याओं के समाधान के लिए भ्रमण पर आये हैं। कहा कि जनपद के आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तेजी के साथ सुरक्षात्मक और अन्य निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं।

इसके लिए विभाग की ओर से आपदा से पूर्व तैयारी, आपदा के समय कार्यों की योजना बनाने के संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कहा कि प्रदेश में आयुष विकास की अनंत संभावनाएं हैं। उत्तराखंड को आयुष प्रदेश बनाने की दिशा में धामी सरकार कार्य कर रही है। इसके लिए पहली बार चारधाम यात्रा को भी आयुष चिकित्सा से जोड़ा गया है। सभी यात्रा पड़ाव पर आयुष विभाग से संबंधित चिकित्सक और स्टाफ की तैनाती की गई है। पत्रकारों के सवाल के जवाब में मंत्री ने आयुष विभाग के अधिकारी को जनपद टिहरी के लामणीधार में निर्माणाधीन 50 बेड के आयुष अस्पताल की धीमी गति को लेकर विभागीय स्तर पर किये गये सम्पूर्ण कार्य प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मंत्री कौशिक ने कहा कि पंचायती राज विभाग के अंतर्गत गांवों के संपूर्ण विकास की परिकल्पना के तहत विभागों को भी पंचायती राज के दायरे में लाने के लिए सरकार की ओर से प्रयास किया जा रहे हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष टिहरी इशिता सजवाण, चंबा पालिकाध्यक्ष शोभनी धनौला, ग्राम प्रधान दिखोलगांव बलवंत सिंह रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज खत्री, डीपीआरओ एमएम खान, एएमए जिला पंचायत भागवत पाटनी, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सुभाष चन्द्र, डीडीएमओ ब्रिजेश भट्ट सहित संबंधित विभागीय अधिकारी व जनप्रति मौजूद रहे।

## गंगोत्री में गौमुख ट्रैक पर बिगड़ी जीएमवीएन कर्मी की तबीयत एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री नेशनल पार्क के गौमुख ट्रैक स्थित भोजवासा में गढ़वाल मंडल विकास निगम के एक कर्मचारी की अचानक तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। भोजवासा में तैनात प्रबंधक कैलास रावत ( 50 वर्ष), निवासी धराली पट्टी ठकराल, थाना बड़कोट, को बीती रात अचानक सांस लेने में गंभीर समस्या हुई और वे बेहोश हो गए। घटना की सूचना राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल को पुलिस चौकी गंगोत्री के माध्यम से मिली। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक आशुतोष चौहान के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंच कर दुर्गम और कठिन पैदल मार्ग पार करते हुए टीम भोजवासा स्थित गढ़वाल मंडल के गेस्ट हाउस पहुंची, जहां प्रबंधक बेहोशी की हालत में मिले। एसडीआरएफ जवानों ने तत्परता दिखाते हुए रेस्क्यू अभियान चलाया और उन्हें सुरक्षित नीचे लाकर गंगोत्री के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# आस्था: चार धाम में पहुंचे 2.38 लाख से अधिक श्रद्धालु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र, देहरादून से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार विगत शनिवार सांय 7:00 बजे तक श्री बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम में 02 लाख 38 हजार 590 तीर्थ यात्रियों ने दर्शनों का पुण्य लाभ प्राप्त किया। शनिवार को 55 हजार 998 से तीर्थ यात्री चार धाम पहुंचे। चारधाम यात्रा लगातार गति पकड़ रही है। श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ रही है।



बीते दिवस को 55 हजार 998 से तीर्थ यात्री चार धाम पहुंचे, लगातार गति पकड़ रही चारधाम यात्रा

### बद्रीनाथ धाम में 37 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

श्री बद्रीनाथ धाम में कपाट खुलने की तिथि 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 37,884 तीर्थयात्री धाम पहुंचे। शनिवार को धाम में 13,107 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

### केदारनाथ धाम में पहुंचे सबसे अधिक 1,24,782 तीर्थ यात्री

श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि 22 अप्रैल से चार दिनों के भीतर 1,24,782 तीर्थयात्री धाम पहुंचे। शनिवार को धाम में 31,160 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

### यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम में 75,924 श्रद्धालु पहुंचे

श्री यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम के कपट खुलने की तिथि 19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 75,924 तीर्थ यात्रियों ने धामों में दर्शन किए। यमुनोत्री धाम में आज 38,206 तीर्थ यात्रियों ने तथा गंगोत्री धाम में 37,718 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

# केदारनाथ धाम में बचाई श्रद्धालु की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** देवभूमि उत्तराखंड के पवित्र केदारनाथ धाम में एक बार फिर 'अतिथि देवो भव:' की भावना साकार होती नजर आई, जब मित्र पुलिस के सतर्क और संवेदनशील जवानों ने अपनी तत्परता और मानवीय संवेदना से एक बीमार श्रद्धालु को नया जीवन दे दिया। यह घटना न केवल पुलिस के कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है, बल्कि चारधाम यात्रा में सेवा और सुरक्षा के उनके संकल्प को भी मजबूती से दर्शाती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते दिवस देर शाम दर्शन के लिए पहुंचे एक श्रद्धालु की तबीयत अचानक बिगड़ गई। अत्यधिक ऊंचाई, ठंडे मौसम और ऑक्सीजन की कमी के कारण उन्हें सांस लेने में गंभीर



पुलिस के साहस और सेवा भाव की नई मिसाल

परेशानी होने लगी। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि आसपास मौजूद लोगों में चिंता की लहर दौड़ गई। ऐसे संकटपूर्ण क्षण में वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवान आशीष और भारती जोशी ने बिना एक पल गंवाए तत्काल स्थिति को संभाला। उन्होंने अपने पास उपलब्ध पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर से श्रद्धालु को ऑक्सीजन उपलब्ध कराई, जिससे उनकी सांसों को राहत मिली। इसके साथ ही जवानों ने पूरी संवेदनशीलता के साथ प्राथमिक उपचार देते हुए उनके हाथ-पैरों की मालिश की, ताकि शरीर का तापमान संतुलित बना रहे और हालत और न बिगड़े।

जवानों की इस त्वरित और सूझबूझ भरी कार्रवाई का सकारात्मक असर तुरंत देखने को मिला और श्रद्धालु की हालत में सुधार होने लगा। इसके बाद पुलिस टीम ने पूरी सावधानी के साथ उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका समुचित उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार अब श्रद्धालु पूरी तरह सुरक्षित हैं और खतरे से बाहर हैं।

इस मानवीय पहल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि उत्तराखंड पुलिस केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि वह हर परिस्थिति में जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए समर्पित है। चारधाम यात्रा जैसे कठिन और चुनौतीपूर्ण मार्गों पर, जहां मौसम और भौगोलिक परिस्थितियां पल-पल बदलती रहती हैं, वहां पुलिस की यह सतर्कता श्रद्धालुओं के लिए किसी सुरक्षा कवच से कम नहीं है। घटना के बाद मौजूद श्रद्धालुओं ने पुलिस के इस सराहनीय कार्य की खुलकर प्रशंसा की और कहा कि ऐसे समर्पित और संवेदनशील जवानों की वजह से ही यात्रा सुरक्षित और भरोसेमंद बनती है। पुलिस ने भी पुन: स्पष्ट किया है कि चारधाम यात्रा पर आने वाले हर श्रद्धालु की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुगम दर्शन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद है, जिससे हर यात्री निश्चिंत होकर अपनी आस्था की यात्रा पूर्ण कर सके। यह घटना न केवल एक जीवन बचाने की कहानी है, बल्कि मानवता, सेवा और कर्तव्य के उस संगम की प्रेरणादायक मिसाल है, जो देवभूमि की पहचान है।

# पैदल मार्ग की सुरक्षा पर एसपी का फोकस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालु-हितैषी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग नीहारिका तोमर स्वयं व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग में जुटी हुई हैं। इसी क्रम में उन्होंने केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर स्थित विभिन्न प्रमुख पड़ावों और पुलिस चौकियों का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक पिछले छह दिनों से केदारनाथ धाम में कैंप कर लगातार सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा ले रही हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केदारनाथ बेस कैंप, लिंचोली, भीमबली, जंगलचट्टी और गौरीकुण्ड स्थित पुलिस चौकियों का दौरा कर यात्रा प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति को परखा। उन्होंने संबंधित चौकी



चौकियों का किया स्थलीय निरीक्षण

प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

साथ ही, पैदल मार्ग पर आवागमन को सुचारु बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए पूरी सतर्कता और तत्परता बरतने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि केदारनाथ धाम आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि यात्रा मार्ग के सभी प्रमुख पड़ावों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा अनुभव मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस हर स्तर पर मुस्तैदी से कार्य कर रही है और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## रसोई गैस की किल्लत से जूझ रहे देवप्रयाग के लोग, मारामारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** रसोई गैस की भारी किल्लत से जूझ रहे देवप्रयाग के लोगों को गैस आपूर्ति होने के बाद भी राहत नहीं मिल सकी। लगभग 50 दिन बाद शनिवार को नगर क्षेत्र में गैस सिलेंडर पहुंचने पर मारामारी जैसी स्थिति बन गई। भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच उपभोक्ताओं को सुबह से लेकर आधी रात तक सिलेंडर के लिए संघर्ष करना पड़ा।

शनिवार सुबह करीब 6 बजे से ही बाह बाजार में लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं, जो देर रात 11 बजे तक जारी रहीं। कई लोग भूखे-प्यासे घंटों लाइन में खड़े रहे। गैस की कमी से परेशान नगरवासियों ने 17 अप्रैल को प्रशासन को चेतावनी दी थी कि यदि एक सप्ताह के भीतर आपूर्ति नहीं हुई तो वे तहसील मुख्यालय के सामने खाली सिलेंडर लेकर उग्र प्रदर्शन करेंगे। प्रशासन के निर्देश पर श्रीनगर गैस एजेंसी का ट्रक शनिवार को देवप्रयाग पहुंचा, लेकिन उससे पहले ही बड़ी संख्या में उपभोक्ता एकत्र हो गए थे। वितरण के दौरान तकनीकी समस्याओं ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। मोबाइल पर ओटीपी न आने के कारण एजेंसी कर्मियों को उपभोक्ताओं से फोन पर कोड लेना पड़ा। तीर्थपुरोहित समाज के कई उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर बदरीनाथ में पंजीकृत होने के कारण उन्हें वहां संपर्क कर ओटीपी प्राप्त करना पड़ा। वहीं, कुछ उपभोक्ताओं की केवाईसी अधूरी होने से पहले उसे अपडेट किया गया, जिसके चलते उन्हें देर रात तक इंतजार करना पड़ा। खाद्य आपूर्ति निरीक्षक समीर चमोला ने बताया कि शनिवार को कुल 288 गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भी गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# 25 वर्षों बाद तल्लानागपुर के फलासी में महा बन्याथ का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** तल्लानागपुर क्षेत्र के फलासी गांव स्थित मां भगवती चण्डिका की पावन तपस्थली एक बार फिर दिव्य आध्यात्मिक आभा से आलोकित होने जा रही है। आगामी 30 अप्रैल से यहां 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद नौ दिवसीय महा बन्याथ का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है।

इस आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में गहरा उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है, जबकि तैयारियां जोर-शोर से अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

महा बन्याथ को सफल और सुव्यवस्थित बनाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों, मंदिर समिति और क्षेत्रीय श्रद्धालुओं द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मंदिर



परिसर की साफ-सफाई, मार्गों का सौन्दर्यीकरण, पेयजल, ठहरने और भोजन जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। आयोजन में दूर-दराज से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं।

धार्मिक परंपराओं के अनुसार इन दिनों मां भगवती चण्डिका "घर दिवारा" के तहत क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर रही हैं। इस दौरान देवी डोली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। भक्तजन पूरे विधि-विधान के साथ देवी का स्वागत कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना कर रहे हैं।

महा बन्याथ के दौरान विशेष पूजा-अर्चना, हवन-यज्ञ, जागरण तथा पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय संस्कृति, लोक परंपराओं और रीति-रिवाजों की जीवंत झलक भी इस भव्य आयोजन में देखने को मिलेगी, जो इसे और अधिक विशेष बनाती है।

तुंगेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष मानवेन्द्र बर्त्वाल ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन का भी महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

वहीं समिति के सचिव पूर्ण सिंह खत्री ने जानकारी दी कि 28 और 29 अप्रैल को विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पौराणिक परंपराओं का निर्वहन किया जाएगा, जिसके उपरांत 30 अप्रैल से महा बन्याथ का विधिवत शुभारंभ होगा। 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित हो रहा यह महा बन्याथ क्षेत्र के लिए विशेष महत्व रखता है। इस आयोजन के माध्यम से जहां धार्मिक आस्था को नई ऊर्जा मिलेगी, वहीं सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक समरसता का संदेश भी व्यापक रूप से प्रसारित होगा।

## एक नजर .......

### कड़ी धूप व गर्मी के मद्देनजर स्कूलों का टाइम 7.30 से 12.30 बजे किए जाने की मांग

**कोटद्वार ।** दुगड्डा ब्लॉक में कक्षा 9 की छात्रा अवंती का भीषण गर्मी के बीच स्कूल जाते समय बेहोश होना बेहद चिंताजनक और सोचने पर मजबूर करने वाली घटना है। यह सिर्फ एक बच्ची की परेशानी नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की संवेदनहीनता को दर्शाता है ।जिलाध्यक्ष विकास नेगी ने कहा कि जब बच्चे दूर-दराज के क्षेत्रों से कड़ी धूप में स्कूल जाने को मजबूर हैं, तब दोपहर तक स्कूल चलाना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। सरकार को तुरंत निर्णय लेते हुए सभी स्कूलों का समय सुबह 7:30 बजे से 12:30 बजे तक करना चाहिए, ताकि बच्चे सुरक्षित रह सकें । कहा कि शिक्षा व्यवस्था में बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सर्वोपरि होना चाहिए। यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को जनहित में मजबूती से उठाएगी।

### मन की बात' का सामूहिक श्रवण, पूर्व विधायक सजवाण बोले : प्रेरणा का सशक्त मंच बना कार्यक्रम



**उत्तरकाशी।** गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण ने रविवार को उत्तरकाशी स्थित अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'मन की बात' देशवासियों के लिए एक प्रेरणास्रोत बन चुका है। यह मंच समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा किए जा रहे नवाचार, स्टार्टअप, स्वच्छता अभियान, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण और लोक संस्कृति से जुड़े सराहनीय प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आमजन के छोटे-छोटे प्रयासों को भी देशव्यापी पहचान प्रदान करता है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और लोगों को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने की प्रेरणा मिलती है। सजवाण ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तराखण्ड, विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण और सशक्त भूमिका निभाएगा।

### बिनाउ गांव में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

**नई टिहरी।** क्षेत्र में धार्मिक व सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पट्टी इडवालस्यूं के ग्राम घियाकोटी और पट्टी सिलवाड़ के ग्राम बिनाऊ में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन एक मई से सात मई तक किया जाएगा। ग्राम घियाकोटी में आयोजित होने वाली कथा में व्यासपीठ से शिव प्रसाद नौटियाल श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत महापुराण का रसपान कराएंगे। वहीं, ग्राम बिनाऊ में आयोजित कथा में राष्ट्रीय संत लबदास महाराज के श्रीमुख से भक्तों को कथा श्रवण का अवसर प्राप्त होगा। कथा आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं व कथा प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

### चिपको नेत्री बचनी देवी का निधन

**नई टिहरी।** हेंवलघाटी की चिपको आंदोलन की एक नायिका बचनी देवी का 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पैतृक घाट शिवपुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर चिपको आंदोलन व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की। विकासखंड नरेंद्रनगर के अदवाणी गांव निवासी चिपको नेत्री बचनी देवी का शनिवार को देहरादून स्थित आवास पर निधन हो गया था। वहीं रविवार को उनके गांव के पैतृक घाट शिवपुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर वरिष्ठ चिपको नेता धूम सिंह नेगी, विजय जड़धारी, सुदेशा बहिन, रघुभाई जड़धारी, दयाल सिंह भंडारी, डीपी उनियाल, पूर्व प्रमुख राजेंद्र भंडारी, पूर्व पालिकाध्यक्ष सूरज राणा, साब सिंह सजवाण, कुसुम रावत, राजेंद्र नेगी, रवि गुसाईं, सिद्धार्थ समीर, विपिन जड़धारी आदि ने शोक संवेदना प्रकट कर श्रद्धांजलि दी।

# आध्यात्मिक शांति व प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा संगम है भैरवगढ़ी मंदिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** भैरवगढ़ी मंदिर उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जनपद में कीर्तिखाल गांव की सुरम्य पहाड़ियों में, लैंसडाउन के निकट स्थित एक प्रसिद्ध धार्मिक और प्राकृतिक स्थल है।

यह मंदिर समुद्र तल से लगभग 2400 मीटर की ऊँचाई पर पहाड़ी की चोटी पर स्थित है, जहाँ तक पहुँचने के लिए कीर्तिखाल से लगभग 2 से 2.5 किलोमीटर का मनमोहक ट्रैक करना पड़ता है। यह ट्रैक घने जंगलों और खूबसूरत पहाड़ी दृश्यों से होकर गुजरता है, जहाँ से 360 डिग्री में आसपास की



पर्वत श्रृंखलाओं और घाटियों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। आध्यात्मिक शांति और प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा संगम होने के कारण यह स्थान क्षेत्र के प्रमुख आकर्षणों में गिना जाता है। भैरवगढ़ी मंदिर भगवान शिव के 14वें अवतार काल भैरव को समर्पित है, जिन्हें गढ़वाल क्षेत्र का रक्षक और द्वारपाल माना जाता है। यहाँ काल नाथ भैरव देवता की नियमित पूजा-अर्चना की जाती है, और स्थानीय मान्यताओं के अनुसार देवता को काले रंग की वस्तुएँ प्रिय होती हैं, इसलिए प्रसाद के रूप में बाजरे के आटे (मंडुवा) का विशेष महत्व है।

ऐतिहासिक दृष्टि से भी यह स्थान महत्वपूर्ण है, क्योंकि भैरवगढ़ को गढ़वाल के प्राचीन 52 गढ़ों में शामिल किया जाता है और इसे पहले लंगूर गढ़ के नाम से जाना जाता था।

रोमांच और आस्था का संगम प्रस्तुत करने वाला यह स्थल विशेषकर मानसून के दौरान और भी आकर्षक हो जाता है, जब यहाँ से हिमालय की चोटियों और हरियाली से भरे प्राकृतिक दृश्य अत्यंत मनमोहक दिखायी देते हैं।

## मृतकों के परिजनों को घनसाली विधायक शाह ने दी आर्थिक सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** चंबा-कोटी कालोनी मोटर मार्ग पर नैल गांव के समीप हुई बीते गुरूवार को वाहन दुर्घटना में जान गंवाने वाले छह लोगों के स्वजनों को घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह ने घर-घर जाकर आर्थिक सहायता प्रदान की। विधायक ने प्रत्येक पीड़ित परिवार को तीन-तीन लाख रुपये के चेक सौंपते हुए उन्हें ढांढस बंधाया।

बतातें चले कि बीते गुरूवार को चंबा-कोटी कालोनी मोटर मार्ग पर नैल गांव के पास एक मैक्स वाहन अनियंत्रित होकर करीब 300 मीटर गहरी खाई में गिर गया था। इस हादसे में वाहन सवार आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो सवार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। विधायक ने शक्ति लाल शाह ने बताया कि मृतकों के स्वजनों की मदद के लिए मुख्यमंत्री की ओर से पांच-पांच लाख रुपये और प्रधानमंत्री की ओर से दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। शेष धनराशि भी जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक ने चांजी-चकरेडा क्षेत्र में दो-दो परिवारों और ठेला और होल्ठा में एक-एक पीड़ित परिवार को सहायता राशि वितरित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में सरकार और वे स्वयं पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं और हर संभव सहायता दी जाएगी।

## लंबगांव पुलिस ने यात्रियों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड में चार धाम यात्रा शुरू होने पर श्री बाबा केदारनाथ के कपाट खुलने के उपलक्ष में थाना पुलिस लंबगांव द्वारा मां गंगा यमुना के दर्शन कर बाबा केदार और बद्रीनाथ जाने वाले यात्रियों का लंबगांव कोटालगांव चमियाला मोटर मार्ग पर स्थित पर्यटक स्थल केमुंडाखाल मे फल एवं पानी की बोतल वितरण कर यात्रियों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर थाना अध्यक्ष महिपाल रावत ने कहा कि उत्तराखंड की देवभूमि के चारों धाम हमारी आस्था और विश्वास के केंद्र है यहां चारधाम के धार्मिक स्थलों व र्पित पावनी मां गंगा के दर्शन करने के लिए दूर प्रदेशों से हर रोज आने वाले श्रृदालु देवभूमि का शान बढाने के कार्य करते हैं इससे न केवल पर्यटन को बढावा मिलता है बल्कि प्रदेश के लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होते है उन्होने केमुंडाखाल मे सभी चारधाम यात्रियों को ठंडा पेय व फल वितरित कर बाबा केदारनाथ से शुभ यात्रा मनोकामना हेतु प्रार्थना की इस अवसर पर यात्रियों द्वारा इस भक्ति भावना स्वागत करने पर पुलिस की बहुत-बहुत प्रशंसा की गई और उत्तराखंड पुलिस का धन्यवाद अदा किया उनके द्वारा बताया गया कि उत्तराखंड पुलिस एक बेहतरीन पुलिस है जो यात्राओं को सुरक्षा के साथ-साथ इस प्रकार धार्मिक यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत कर मनोबल बढाती है उत्तराखंड पुलिस और टिहरी एसएसपी को बहुत-बहुत थैंक यू कहा।

# आजादी के 70 साल बाद भी विकास से दूर स्यासू गांव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** कालीमठ घाटी के अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत स्यासू आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहा है।

आजादी के सात दशक बीत जाने के बावजूद यह गांव अब तक सड़क संपर्क से नहीं जुड़ पाया है, जिससे यहां के ग्रामीणों का जीवन अत्यंत कठिन और संघर्षपूर्ण बना हुआ है। जहां एक ओर देश के दूरस्थ गांव भी सड़क और आधुनिक सुविधाओं से जुड़ रहे हैं, वहीं स्यासू गांव आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है। सड़क के अभाव में ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों का सामान कई किलोमीटर दूर से पीठ पर

**सड़क का अभाव, स्वास्थ्य सेवाएं लचर, ग्रामीणों का सब्र टूटने की कगार पर**

ढोकर लाना पड़ता है। यह स्थिति न केवल समय और श्रम की भारी बर्बादी है, बल्कि आर्थिक रूप से भी ग्रामीणों पर अतिरिक्त बोझ डालती है। ग्रामीणों के अनुसार, सबसे ज्यादा परेशानी बीमार, बुजुर्गों और महिलाओं को झेलनी पड़ती है। आपातकालीन स्थिति में मरीज को अस्पताल तक पहुंचाना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होता। कई बार समय पर उपचार न मिलने से हालात गंभीर हो जाते हैं। गांव के पूर्व प्रधान राकेश रावत बताते हैं कि खाद्यान्न, गैस सिलेंडर से लेकर निर्माण सामग्री तक, हर चीज खुद ढोकर लानी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि वर्षों से ग्रामीण शासन-प्रशासन से सड़क निर्माण की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे जरूर करते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही ये वादे भी हवा हो जाते हैं। ग्रामीण पंकज सिंह रावत ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क सुविधा नहीं मिली, तो गांव से पलायन और तेज हो जाएगा।

वहीं शिव सिंह रावत और प्रताप सिंह रावत का कहना है कि रोजगार और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में उन्हें मजबूरी में शहरों की ओर रुख करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि स्यासू गांव को प्राथमिकता के आधार पर सड़क से जोड़ा जाए, ताकि वे भी विकास की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# कंडाईधार भैरवनाथ की पावन धरा में गूंजी शक्ति की महिमा ,श्री देवी भागवत पूर्णाहुति के साथ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़।** कंडाईधार की ऊंचाइयों पर स्थित बाबा भैरवनाथ मंदिर इन दिनों गहरी आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है। सुरम्य वादियों, ठंडी हवाओं और शांत वातावरण के बीच जब श्रीमद् देवी भागवत महापुराण की पावन कथा गूंजती है, तो पूरा क्षेत्र दिव्यता से सराबोर हो उठता है। ऐसा प्रतीत होता है मानो देवलोक स्वयं धरती पर अवतरित हो गया हो।

इन दिनों आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान ने पूरे इलाके को भक्तिमय बना दिया है। ग्राम सभा महेडा, चठवा मौघ भुयारा सहित दूर-दराज



श्री देवी भागवत कथा से भक्ति और प्रकृति के संगम से आलोकित हुआ पूरा क्षेत्र

से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ कथा स्थल पर उमड़ रही है।

भक्तों का उत्साह और श्रद्धा इस कदर देखने को मिल रही है कि कठिन पहाड़ी मार्ग की थकान भी उनके जज्बे के आगे फीकी पड़ जाती है। मां भगवती के जयकारों से पूरी घाटी गुंजायमान हो रही है। कथा का मुख्य आकर्षण वेद व्यास ऋषभ जी की ओजस्वी वाणी है, जो श्रोताओं को भाव-विभोर कर रही है।

उनके मुखारविंद से निकलने वाली कथा जब देवी के विभिन्न स्वरूपों और लीलाओं का वर्णन करती है, तो श्रद्धालु भक्ति के सागर में डूब जाते हैं।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण ने भी कथा स्थल पर पहुंचकर संत समाज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक श्रद्धा का भी जीवंत उदाहरण बनकर उभर रहा है। इस मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष शीशपाल सिंह पंवार,सोबत सिंह पंवार,मनवीर सिंह,मालचंद कुमाई, प्रमोद पंवार, मनोज पंवार, आदि मौजूद रहे है।

## श्रीकोट में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन

**श्रीनगर।** रविवार को श्रीकोट में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता वाईएस पंवार ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में महानगर कार्यकारिणी के तीनों अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल, संजय फौजी और निशांत कंडारी ने संगठन को मजबूत करने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। मौके पर पीसीसी सदस्य वीरेंद्र सिंह नेगी, मीना रावत, चंद्रभान सिंह बिष्ट, रविंद्र सिंह रावत, जीएन सेमवाल, जीत सिंह बिष्ट, बलबीर सिंह दानू, रघुवीर प्रसाद, राकेश चमोली, मदन गायत्री, शंभु प्रसाद खंडूड़ी, रामचंद सिंह चौहान, ब्रजमोहन रावत, मनवर रौतेला आदि मौजूद रहे।

# ओपीएस बहाली को लेकर 1 मई को पौड़ी कमिश्नरी का घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर, संवाददाता।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आगामी 1 मई को पौड़ी गढ़वाल कमिश्नरी घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से कीर्तिनगर विकासखंड मुख्यालय में बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडलीय महासचिव राजीव उनियाल ने मंडल के सभी कार्मिकों से अधिक से अधिक संख्या में 1 मई को पौड़ी गढ़वाल पहुंचकर कमिश्नरी घेराव कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया।

**कीर्तिनगर में ओपीएस बहाली को लेकर बैठक आयोजित**

कहा कि सामूहिक संघर्ष से पुरानी पेंशन बहाली का लक्ष्य अवश्य प्राप्त होगा। ब्लॉक अध्यक्ष संदीप मैठाणी ने कार्मिकों से एकजुट होकर आंदोलन को प्रभावशाली बनाने की अपील की।

ब्लॉक महासचिव सुरजीत लिंगवाल ने कहा कि जिस समर्पण के साथ कर्मचारी सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारते हैं, उसी प्रतिबद्धता के साथ पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को भी जन आंदोलन का रूप देना होगा। ब्लॉक मंत्री देवप्रयाग विजय आर्य ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है तो 2027 के विधानसभा चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवप्रयाग दीपक मियां, अमित नौडियाल, दीपक जोशी, नितेश अग्निहोत्री, अमित राज, नरेंद्र सलेरा, विजय आर्य, सुरजीत लिंगवाल, दीपक उमरियाल, दीपक मियां, अमित राज, अमित नौडियाल सहित आदि मौजूद थे।

# दून में आज लू व गर्मी का अलर्ट, सभी सरकारी व निजी स्कूल रहेंगे बंद

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखंड में अभी से ही भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। देहरादून में तो गर्मी से लोगों के खूब पसीने छूट रहे हैं। जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। इसी कड़ी में हीट वेव की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन में 27 अप्रैल को कक्षा 1 से 12वीं तक संचालित सभी शैक्षणिक संस्थाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों में एक दिन के अवकाश की घोषणा की है।

देहरादून के जिलाधिकारी और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष सविन बंसल की ओर से एक आदेश जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि मौसम विज्ञान विभाग देहरादून और एनडीएमए के पोर्टल के अनुसार, वर्तमान में देहरादून जिले में भीषण लू और हीट वेव की स्थिति बनी हुई है. मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, 27 अप्रैल को भी जिले में अत्यंत गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की गई है।



■ डीएम सविन बंसल ने जारी किए आदेश, सभी आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय, गैर- शासकीय और निजी स्कूलों कक्षा 1 से 12 तक में रहेगी एक दिन छुट्टी

वर्तमान परिस्थितियों में जिले के सभी क्षेत्रों में अत्यधिक गर्मी और लू के कारण स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना बढ़ गई है। जिससे विद्यार्थियों और आमजन के लिए हीट स्ट्रोक के साथ डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ गया है. लिहाजा, देहरादून जिले के कक्षा 1 से 12वीं तक संचालित सभी शैक्षणिक संस्थाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों में सोमवार को 1 दिन के अवकाश की घोषणा की गई है। ऐसे में देहरादून जिले के सभी शासकीय और गैर शासकीय व निजी स्कूलों के साथ सभी आंगनबाड़ी केंद्र 27 अप्रैल को बंद रहेंगे। जिला प्रशासन ने मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून और जिला कार्यक्रम अधिकारी को सभी शैक्षणिक संस्थान एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करवाने के निर्देश जारी किए हैं। उत्तराखंड में बढ़ती गर्मी के साथ ही सूरज ने भी अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मैदानी इलाकों में पारा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे मौसम में भी यदि आप भी घर से बाहर निकल रहे हैं, तो लू से बचने के लिए कुछ टिप्स अपना सकते हैं. ताकि, इस झुलसा देने वाली गर्मी में लू से खुद और बच्चों को बचा सकें। जिलाधिकारी ने इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अस्पतालों में लू से बचाव के लिए जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये हैं।

# मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों के लिए प्रेरणा का एक अहम स्रोत : जोशी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हाथीबड़ाकला स्थित बूथ संख्या 69 में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए भारत की विभिन्न उपलब्धियों, विज्ञान और नवाचार की बढ़ती भूमिका तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हो रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने और नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 'बीटिंग रिट्रीट' समारोह में भारतीय संगीत के बढ़ते समावेश, बौद्ध परंपरा की वैश्विक



कैबिनेट मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण को सुना

पहचान, बांस आधारित नवाचार एवं उत्पादों के बढ़ते उपयोग जैसे विषयों का भी उल्लेख किया। साथ ही फ्रांस के बोर्डो में आयोजित यूरो-पीय गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड में भारतीय बेटियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से आगामी जनगणना में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने और स्व-गणना के लिए भी प्रेरित किया। जोशी ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों के लिए प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक एपिसोड में नई जानकारियां मिलती हैं । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता डंडरियाल, आरएस परिहार, निरंजन डोभाल, अशोक गुप्ता, संजय नौटियाल, अर्जुन सिंह, कैप्टन दिनेश चंद्र सकलानी (सेनि) सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रीनगर में अलकनंदा नदी के तेज बहाव में बहा तेलंगाना का छात्र

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान श्रीनगर में अध्यनरत एक छात्र की अलकनंदा नदी की तेज धारा में बह गया। सूचना प्राप्त होने के बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम खोजबीन में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एनआईटी श्रीनगर में बीटेक कम्प्यूटर साइंस थर्ड ईयर का छात्र आनंद सोहन (23), निवासी तेलगाना अपने चार दोस्तों के साथ करीब 4 बजे अलकनंदा नदी में नहाने उतरा था। नदी का तेज बहाव होने के कारण वह बहाव में बह गया। दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते वह नदी की तेज धारा में बह गया।

## आरसेटी में दस दिवसीय पर्यटक गाइड प्रशिक्षण शुरू

**रुद्रप्रयाग।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी रुद्रप्रयाग की ओर से उत्तराखंड के युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में दक्ष और आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए युवाओं के लिए 10 दिवसीय 'यात्रा एवं पर्यटक गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम' का विधिवत आगाज किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन करते हुए डॉ त्रिपाठी ने शिक्षा और कौशल के समन्वय पर जोर दिया। कहा, आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल किताबी डिग्री नौकरी की गारंटी नहीं है। आरसेटी द्वारा प्रदान किया जा रहा यह प्रशिक्षण युवाओं के व्यक्तित्व में आत्मविश्वास भरेगा और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा।जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अनूप सिंह ने युवाओं को वित्तीय प्रोत्साहन देते हुए कहा कि प्रशिक्षण लेना केवल पहला कदम है। यदि इस सत्र के बाद कोई भी युवा अपना स्वरोजगार या पर्यटन से जुड़ा व्यवसाय शुरू करना चाहता है, तो बैंक उन्हें प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि फंड की कमी किसी भी प्रतिभाशाली युवा के सपनों के आड़े न आए। विशेषज्ञ के रूप में डॉ. भारती ने पर्यटन की वैश्विक मांग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार पर्यटन है। आज न केवल राज्य बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्टिफाइड टूर गाइड की भारी मांग है।

# पुलिस मुठभेड़ के बाद यूपी के दो बदमाश गिरफ्तार

शाह टाम्स संवाददाता

**देहरादून ।** राजधानी में अपराधियों के विरुद्ध छिड़ा श्ऑपरेशन प्रहारश बदमाशों पर भारी पड़ रहा है। एसएसपी देहरादून के कड़े रुख और श्एक्शन मोडश का असर अब सड़कों पर दिखने लगा है। शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात थाना बसंत विहार क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई तीखी मुठभेड़ में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में एक बदमाश घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पर्मेन्द्र डोभाल ने बताया कि जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। हरबंशवाला बैरियर पर संदिग्धों की तलाशी ले रहे थे। तभी एक नीली रंग की बिना नंबर वाली स्कूटी पर सवार दो युवक आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन बदमाशों ने रफ्तार बढ़ा दी और टी-स्टेट की ओर भागने लगे।

पुलिस टीम ने जब पीछा किया, तो खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोलियां चलाईं, जिसमें एक बदमाश अब्दुल्ला के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसके साथी शाहनवाज को भी दबोच लिया। बताया गया है कि मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसएसपी तत्काल मौके पर पहुँचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और फील्ड यूनिट को साक्ष्य जुटाने के निर्देश दिए। जांच में सामने आया कि घायल बदमाश अब्दुल्ला सहारनपुर का रहने वाला है और उस पर सहारनपुर, मेरठ तथा गाजियाबाद में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## चारधाम यात्रा : रिकॉर्ड रफ्तार से बढ़े रजिस्ट्रेशन

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** चारधाम यात्रा 2026 शुरू होने से पहले ही श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। ताजा जारी दैनिक बुलेटिन (26 अप्रैल, शाम 4:59 बजे) के मुताबिक कुल पंजीकरण का आंकड़ा 23.64 लाख के पार पहुंच गया है। खास बात यह है कि इस बार भी केदारनाथ धाम श्रद्धालुओं की पहली पसंद बना हुआ है। आंकड़ों पर नजर डालें तो केदारनाथ के लिए सबसे अधिक 8. 35 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

इसके बाद बदरीनाथ धाम का नंबर है, जहां करीब 6.99 लाख श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। गंगोत्री (4.08 लाख) और यमुनोत्री (3.95 लाख) भी पीछे नहीं हैं, जबकि हेमकुंड साहिब के लिए अब तक 27 हजार से अधिक पंजीकरण दर्ज हुए हैं।

### दो दिन में 1.04 लाख श्रद्धालु करेंगे दर्शन

आने वाले दो दिनों (27 और 28 अप्रैल) के लिए भी भारी भीड़ का अनुमान है। 27 अप्रैल को 54,331 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे, वहीं, 28 अप्रैल को 50,613 श्रद्धालु पहुंचने वाले हैं। दोनों दिन मिलाकर यह संख्या 1,04,944 तक पहुंच रही है। इसमें भी केदारनाथ और बदरीनाथ के लिए सबसे ज्यादा बुकिंग दर्ज हुई है।

# जोशी ने किया सामुदायिक हाल के सुधारीकरण कार्य का लोकार्पण



■ बार्लोगंज स्थित सनातन धर्मसभा में 11 लाख की लागत से होगा कार्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बार्लोगंज, मसूरी में विधायक निधि से स्वीकृत सनातन धर्म सभा के सामुदायिक हाल में लगभग 11 की लागत से सुधारीकरण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंदिर में पूजा अर्चना भी की।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उपस्थित क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार जनता की सरकार, जनता के द्वार' की भावना के साथ कार्य कर रही है, जिससे योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्मशाला के बेसमेंट हाल के सुधारीकरण से क्षेत्र के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों के विकास पर भी विशेष ध्यान दे रही है, ताकि समाज के सभी वर्गों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन पेटवाल, सभासद गोरी थपलियाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ओपी उनियाल, भाजपा मंडल महामंत्री नरेंद्र मेलवान, सनातन धर्मसभा के अध्यक्ष ललित जोशी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## नाबिया, क्रितिमा व अबू ने मारी नृत्य में बाजी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** एकॉर्न बाई ओकवुड स्कूल में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में नाबिया, क्रितिमा व अबू ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विभिन्न वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्रधानाचार्य आशा आर्या ने बताया कि प्रतियोगिता तीन वर्गों के आयोजित की गई थी। इस अवसर पर गीत संगीत के साथ नृत्य की धूम रही। प्रतियोगिता में निहारिका व अभिमन्यु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि युशरा, हैदर व शयान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर अध्यापिका हिना व निर्िकता भी उपस्थित रही।

# सत्यापन में लापरवाही ,19 मकान मालिकों पर लाखो का जुर्माना

शाह टाम्स संवाददाता

**सेलाकुई।** जनपद देहरादून में बाहरी व्यक्तियों और किरायेदारों के सत्यापन को लेकर पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है।

रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना सेलाकुई पुलिस ने क्षेत्र के हॉस्टलों, होम-स्टे और रिहायशी मकानों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले और बिना सत्यापन के किरायेदार रखने वाले 19 हॉस्टल संचालकों व मकान मालिकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने अभियान के तहत कुल 487 व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन किया।

जांच के दौरान जिन मकान मालिकों ने अपने किरायेदारों का विवरण पुलिस को उपलब्ध नहीं कराया था, उनके विरुद्ध पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कुल 19 चालान कर 1,90,000 रुपये का जुर्माना अध्यारोपित किया गया। इसके अतिरिक्त, धारा 81 पुलिस अधिनियम के तहत 6 चालान काटकर 1500 रुपये का संयोजन शुल्क भी मौके पर वसूला गया।

थानाध्यक्ष सेलाकुई ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से संदिग्धों और बाहरी व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करना अनिवार्य है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को स्पष्ट हिदायत दी है कि किसी भी बाहरी व्यक्ति, छात्र या किरायेदार को रखने से पहले उनका अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन करा लें। पुलिस प्रशासन के अनुसार, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह सत्यापन अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

## मयूर विहार कल्याण समिति का चुनाव संपन्न, राम ऋषि पाल बने अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मयूर विहार कल्याण समिति (पंजीकृत) के वर्ष 2026-2028 के लिए चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी पी.के. तिवारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी पी. वशिष्ठ की देखरेख में पूरी कराई गई। चुनाव में कुल 82 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें से 2 मत अमान्य पाए गए। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में राम ऋषि पाल सिंह ने शानदार जीत दर्ज की। उन्हें 63 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी सुनील कुमार मेहता को 17 मत मिले। इस प्रकार राम ऋषि पाल सिंह ने 46 मतों के अंतर से जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर संदीप आर्य निर्वाचित हुए। उन्हें 67 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी चंद्र प्रकाश शर्मा को 13 मत मिले। इस तरह संदीप आर्य ने 54 मतों के अंतर से विजय प्राप्त की। इसके अतिरिक्त कई पदों पर सर्वसम्मति से निर्विरोध चयन किया गया, जिनमें पी.के. सिंह को उपाध्यक्ष, प्रदीप भट्ट को सचिव, एच.एस. बरगली को संयुक्त सचिव तथा आर.के. अग्रवाल को लेखा परीक्षक के रूप में चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में पी. के. चिटकारा, एस.के. नौटियाल, एफ.एस. हसन, एम.एस. बिष्ट, आर.ए. खान, सुनील कुमार वध एवं संजीव शर्मा का निर्विरोध चयन किया गया।

## लक्ष्मण सिद्ध मंदिर का वार्षिक भंडारा संपन्न हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

शाह टाइम्स संवाददाता



**देहरादून।** हर्रावाला स्थित लक्ष्मण सिद्ध मंदिर में रविवार को वार्षिक भंडारे का समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत रुद्र यज्ञ से हुई, जो 11 ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। इस पावन यज्ञ में महंत भारत भूषण भारती, कल्पना भारती (बुआ जी), अधिवक्ता मूलचंद शीर्षवाल (पूर्व ग्राम प्रधान हर्रावाला), विमलेश देवी (पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हर्रावाला), पंकज कुमार, पंडित पुरुषोत्तम औघजा, पंडित अरविंद मिश्रा, पंडित क्रांति कुमार, नीरज कुमार वर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सुबह की आरती पंडित जीवन प्रकाश शुक्ला की और से संपन्न कराई गई, जिसमें जीत सिंह और नैना वर्मा भी उपस्थित रहे। भंडारे में मुख्य रूप से अधिवक्ता अनिल पंडित (पूर्व बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड), प्रशांत खरोला (पार्षद बालावाला), संजय सिंह चौहान, विमलेश देवी (पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हर्रावाला), अपील यादव व आभा बडथ्वाल आदि मौजूद रहे।

# सत्याग्रह करने पहंचे धीरेंद्र प्रताप गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप रविवार को जंतर मंतर पर अंकिता भंडारी हत्याकांड के मामले में सीबीआई की लचर पैरवी के विरुद्ध आंदोलन करने पहुंचे तो उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया।

प्रताप को चार घंटे से अधिक समय तक पुलिस हिरासत में रखा गया। इस दौरान उन्हें किसी भी व्यक्ति से संपर्क करने से रोक दिया गया। उधर कमला पंत के नेतृत्व में आए आंदोलनकारियों ने जंतर मंतर के दूसरे गेट पर प्रदर्शन किया। धीरेंद्र प्रताप ने अपनी गिरफ्तारी को लोकतंत्र की हत्या बताया और कहा कांग्रेस के राज में कभी ऐसा नहीं हुआ इसमें आंदोलन करने की बिल्कुल पूरी छूट थी।




कहा अंकिता भंडारी मसाले में जंतर मंतर पर किया आंदोलन गांधीवादी सत्याग्रह करने के अधिकार तक से वंचित किया जा रहा

प्रदर्शन में कमला पंत के अलावा अनिल पंत, चारु तिवारी, देव सिंह रावत, गरिमा दसोनी, मनोज जुगराण, पत्रकार उमाकांत लखेड़ा समेत अन्य लोगों ने भाग लिया और इस मामले की हो रही लचर पैरवी का विरोध किया।

बाद में प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते हुए धीरेंद्र प्रताप ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार में तमाम तरह के व्यक्तियों के प्रजातांत्रिक अधिकारों की हत्या की कर दी गई है और उन्हें प्रदर्शन करने और गांधीवादी सत्याग्रह करने के अधिकार तक से वंचित कर दिया गया है।

# रुद्रप्रयाग में गूंजा नारी शक्ति का स्वर

शाह टाम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जनपद मुख्यालय स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आज नारी सशक्तिकरण को लेकर एक भव्य एवं प्रभावशाली महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" को संसद में पारित न किए जाने के विरोध में आयोजित इस जन आक्रोश महिला सम्मेलन में महिलाओं की भारी भागीदारी ने कार्यक्रम को एक बड़े जनसंदेश में बदल दिया।

जनपद के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से पहुंची महिलाओंख्र विशेषकर स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी मातृशक्तिख्रने उत्साहपूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन में उमड़ी भीड़ ने यह स्पष्ट

■ भाजपा का विशाल महिला सम्मेलन, विपक्ष के खिलाफ फूटा जन आक्रोश

कर दिया कि अब महिलाएं अपने अधिकारों और सम्मान के मुद्दों पर पूरी तरह जागरूक और संगठित हो चुकी हैं।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राज्यमंत्री गीता रावत ने अपने संबोधन में कहा कि "नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।" उन्होंने विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर उनका रुख निराशाजनक रहा है, जिसके विरोध में आज का यह जन आक्रोश स्वाभाविक है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन जमलो. की, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह सहित अन्य महिला जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन जमलोकी के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मेलन में महिलाओं को एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर संघर्ष करने का आह्वान किया गया। सम्मेलन के दौरान उपस्थित महिलाओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे नारी सम्मान, अधिकार और जागरूकता के लिए निरंतर आवाज उठाती रहेंगी और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री अर्चना चमोली, सुषमा देवी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं जनप्रतिनिधि जैसे विनोद देवशाली, अरुण चमोली, राय सिंह राणा आदि भी उपस्थित रहे। समापन में यह सम्मेलन नारी शक्ति के सशक्त प्रदर्शन के रूप में उभरकर सामने आया, जिसने स्पष्ट संकेत दिया कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के मुद्दे पर समाज अब पहले से अधिक जागरूक, संगठित और मुखर हो चुका है।

## आतंक फैलाने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** लोगों में आंतक का पर्याय बना एक तेंदुआ वन विभाग टीम द्वारा लगाये गये पिंजरे में कैद हो गया है। तेंदुए के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। बतादें कि हेमपुर डिपो क्षेत्र के ग्राम गोपीपुरा की पांडे कालोनी के ठाकुर फार्म के बगीजे में पिछले काफी दिनों से एक तेंदुए की आवाजाही देखी जा रही थी जिससे वहां के लोगों में भय का वातावरण बना हुआ था। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए ठाकुरफार्म के बगीचे में पिंजरा लगाया था। आज प्रातः वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में इस क्षेत्र में घूम रहा तेंदुआ कैद हो गया। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर उक्त तेंदुए को सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया है। तेंदुए के पकड़े जाने से गोपीपुरा क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

# छात्रों ने किया हैप्रेक संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण

शाह टाम्स संवाददाता

**श्रीनगर, संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) श्रीनगर इकाई के स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट तथा गढ़वाल विवि के पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीन इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने गढ़वाल विवि स्थित उच्च शिखरीय पादप कार्यिकी शोध केंद्र (हैप्रेक) का शैक्षणिक भ्रमण किया।

हैप्रेक संस्थान के निदेशक डा. विजयकांत पुरोहित के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने संस्थान के ग्लास हाउस, टिशू कल्चर लैब समेत विभिन्न आधुनिक प्रयोगशालाओं और उपकरणों का अवलोकन कर उनके कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुदीप सेमवाल ने हैप्रेक संस्थान की

■ हैप्रेक में छात्रों ने जड़ी-बूटी अनुसंधान की बारीकियां जानी

स्थापना से लेकर वर्तमान तक जड़ी-बूटी अनुसंधान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।डॉ. जयदेव चौहान ने औषधीय पौधों के कृषिकरण एवं वैज्ञानिक तकनीकों से उनके उत्पादन पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. राजीव वशिष्ठ ने उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पाई जाने वाली दुर्लभ जड़ी-बूटियों और उनके औषधीय महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

वहीं डॉ. प्रदीप डोभाल ने संस्थान द्वारा जड़ी-बूटी अनुसंधान में किए जा रहे वैज्ञानिक कार्यों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुकेश मैठाणी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए पर्यावरणीय चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार साझा किए। साथ ही एबीवीपी के जिला संगठन मंत्री नितिन चौहान एवं डांग वार्ड पार्षद प्रदीप राणा ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

एबीपीपी के श्रेय मंमगाई ने बताया कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना और उन्हें जल, जंगल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना रहा। इस मौके पर छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। मौके पर भुवन चोमली, आयुष भारद्वाज, सारांश बर्तावाल, राहुल गौड़, जसवंत सहित आदि मौजूद थे।

# जनगणना-2027 का प्रथम चरण, घर-घर होगा मकान सूचीकरण का कार्य शुरु

## डीएम मयूर दीक्षित ने जनगणना कार्य को तैनात किए गए पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को पारदर्शिता से कार्य करने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अवगत कराया है कि भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) का कार्य जनपद हरिद्वार में दिनांक 25 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया गया है जो दिनांक 24 मई 2026 तक संचालित किया जायेगा।

जनपद में जनगणना का कार्य पारदर्शिता एवं सफलतापूर्वक के साथ सम्पन्न कराए जाने के लिए जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों के साथ बैठक आयोजित करते हुए सभी अधिकारी को निर्देश दिए है कि सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में जनगणना कार्य हेतु तैनात किए गए पर्यवेक्षको एवं प्रगणको द्वारा किए जा रहे कार्यों की निगरानी/मॉनिटरिंग करेंगे, जिससे कि जनगणना का कार्य पारदर्शिता के साथ समय पर सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने अवगत कराया है कि इस चरण में नियुक्त पर्यवेक्षक एवं प्रगणक द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य जनगणना प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक मकान का विस्तृत विवरण संकलित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य को सफलतापूर्व सम्पन्न कराने के लिए 2944 प्रगणक एवं 478 पर्यवेक्षक/सुपराइजर तैनात किए गए है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना -2027 कई दृष्टियों से विशेष एवं ऐतिहासिक है,क्योंकि यह पहली बार पूर्णत: डिजिटल माध्यम से संपादित किया जा रहा है। इस बार संपूर्ण कार्य मोबाइल एप्लिकेशन आधारित है तथा जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (ब्डडै च्वतजंस) का उपयोग किया जाएगा, जिससे कार्य की पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित होगी। जिलाधिकारी ने जनगणना कार्य हेतु तैनात किए गए पर्यवेक्षक एवं प्रगणक को निर्देश दिए है कि जनगणना कार्य इव महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है तथा इस कार्य को सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वाहन कुशलता एवं पारदर्शिता के साथ करे,इसमें किसी भी तरह से कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कर्मिको का सहयोग करते हुए सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी से बचें एवं प्रशासन का सहयोग करें।

# चारधाम यात्रा: ऋषिकुल पंजीकरण केंद्र की व्यवस्थाओं से प्रभावित हुए तीर्थ यात्री

शाह टाइम्स संवाददाता





**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा पर आए तीर्थ यात्रियों ने ऋषिकुल मैदान में बनाए गए यात्री पंजीकरण केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। नेपाल के झापा जिले से आई पवित्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पंजीकरण केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित हैं। यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है, जो सराहनीय पहल है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। नेपाल से आए दिलीप कुमार ने कहा कि पंजीकरण केंद्र पर पीने के पानी, बैठने और पंखों की बेहतर व्यवस्था की गई है। साथ ही, वहां तैनात कर्मचारियों का व्यवहार भी काफी अच्छा है। उन्होंने जिला प्रशासन, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। काठमांडू (नेपाल) से आए राजन ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए हरिद्वार में उनका पंजीकरण सरलता से और नि:शुल्क हुआ। उन्होंने व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इसी क्रम में नेपाल से आए तीर्थयात्री भानुप्रताप ने भी पंजीकरण केंद्र की व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें नि:शुल्क पंजीकरण सुविधा मिली और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# एचपीएम इनोटेक कंपनी में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** बहादराबाद थाना क्षेत्र स्थित एचपीएम इनोटेक कंपनी में रविवार को अचानक भीषण आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग इतनी विकराल थी कि फैक्ट्री परिसर से उठता काला धुआं दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही मायापुर फायर स्टेशन से दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। स्थानीय पुलिस बल ने भी तत्काल मोर्चा संभालते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। दमकल कर्मियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग ने देखते ही देखते फैक्ट्री के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आग के कारण फैक्ट्री में रखा माल जलकर राख हो गए, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि, इस घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और फायर विभाग की टीमें मामले की जांच में जुटी हैं।

# होली में विवाद, क्रॉस मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र के रावली महदूद गांव में होली के दौरान रंग लगाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने अब क्रॉस मुकदमा दर्ज कर लिया है। पहले पक्ष पर कार्रवाई के बाद अब दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी ग्राम प्रधान सहित 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दी गई तहरीर में रजनी पत्नी राजीव पाल ने बताया कि चार मार्च को उसका पति राजीव पाल गांव में दोस्त के घर होली खेलने गया था। आरोप है कि वहां मौजूद ग्राम प्रधान प्रमोद पाल और उनके समर्थकों ने विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर राजीव को पकड़कर दुकान में बंद कर दिया गया और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया।

महिला का आरोप है कि जब वह पति की तलाश में पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट और अभद्रता की गई। रिश्तेदारों के पहुंचने पर पति को छुड़ाया गया, लेकिन हमलावरों ने उन पर भी हमला बोल दिया। पुलिस ने प्रमोद पाल, मनोज पाल, राजपाल, मोंटी, नाथी, कल्लू, शिवम, विशाल, सुभाष चौहान, राजबीर और जानसन पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि मामले में क्रॉस केस दर्ज कर सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## अवैध चाकू के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उपनगरी ज्वालापुर क्षेत्र से पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार बीती शनिवार रात कोतवाली ज्वालापुर पुलिस के चेतक पुलिसकर्मियों ने रात्रि गश्त के दौरान सेक्टर 2 के पास से एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बंटी पुत्र राम कुमार निवासी लेबर कॉलोनी, रानीपुर बताया। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

## एक नजर ......

### ईट से हमला युवक की मौत, मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र की निर्मला छावनी में पड़ोसी युवक के साथ कहासुनी के बाद हुए हिंसक हमले में गंभीर रूप से घायल युवक ने दो दिन तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद एम्स ऋषिकेश में दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी पड़ोसी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है।

पुलिस के मुताबिक निर्मला छावनी निवासी नीरज सक्सेना ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका भाई दीपक सक्सेना 23 अप्रैल की रात करीब 10 बजे घर के बाहर मौजूद था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले सौरभ कौरी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ी और आरोप है कि गुस्से में आए सौरभ ने दीपक के सिर पर ईंट से वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से दीपक लहूलुहान होकर गिर पड़ा। परिजन उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया। दो दिन तक उपचार के दौरान दीपक की हालत गंभीर बनी रही और 25 अप्रैल को उसने दम तोड़ दिया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मोबाइल हैक कर 2.12 लाख की ठगी

**हरिद्वार।** साइबर अपराधियों ने मोबाइल हैकिंग के जरिए युवक के खाते से लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी कर दी। पीड़ित के मोबाइल और शॉपिंग एप का दुरुपयोग करते हुए साइबर ठगों ने फ्लिपकार्ट के माध्यम से दो महंगे मोबाइल फोन खरीद डाले। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आईटीसी प्रयाग, रोशनाबाद निवासी अभय कुमार ने पुलिस को बताया कि 24 अप्रैल की रात करीब 9:45 बजे उनके मोबाइल फोन को अज्ञात साइबर अपराधियों ने हैक कर लिया। इसके बाद उनके फ्लिपकार्ट अकाउंट से 2,12,371 रुपये के दो मोबाइल फोन खरीद लिए गए। मोबाइल पर आए संदेश से खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित का आरोप है कि साइबर ठगों ने सुनियोजित तरीके से उनके बैंकिंग और ऑनलाइन शॉपिंग सिस्टम का गलत इस्तेमाल कर वारदात को अंजाम दिया। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

### अश्लील इशारे कर लोगों को बुलाती 5 महिलाओं को पुलिस ने लिया हिरासत में

हरिद्वार। धर्मनगरी की मर्यादा से खिलवाड़ कर सार्वजनिक स्थान पर आने जाने वाले लोगों को गंदे गंदे इशारे कर अपनी ओर आकर्षित करने वाली 5 महिलाओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सभी आरोपी महिलाओं का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया है। रविवार नगर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन क्षेत्र में महिलाओं के दो पक्षों के बीच गाली-गलौच व मारपीट की जा रही है। सूचना पर पहुंची महिला पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों की 05 महिलाओं को हिरासत में ले लिया। बताया गया कि आरोपी महिलाएं आने-जाने वाले लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी जिसे लेकर विवाद हुआ था। आरोपी महिलाओ का चालान कर दिया गया है।

# डा. नरेश चौधरी नेक राह वीर सम्मान से सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी ने इंडियन रेडक्रास उत्तराखण्ड के चेयरमेन प्रोफेसर डा. नरेश चौधरी को नेक राहवीर सम्मान से सम्मानित किया है। परिवहन विभाग की नेक राह वीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को स्वर्णिम समय के भीतर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने वाले व्यक्तियों को सरकार द्वारा सम्मानित किया जाता है। इंडियन रेडक्रास उत्तराखण्ड के चेयरमेन एवं ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रोफेसर डा.नरेश ने बीते वर्ष 5 मई को नजीबाबाद मार्ग पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले दो व्यक्तियों को अपने वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। जिनमें से एक घायल की गंभीर हालत की वजह से चिकित्सकों के हायर सेंटर रैफर करने पर डा. चौधरी ने उसे एम्स पहुंचाया। समय पर उपचार मिलने से दोनो व्यक्तियों का जीवन बच गया। डा.नरेश चौधरी के इस सराहनीय कार्य को देखते हुए जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित ने डा.नरेश चौधरी को नेक राह वीर सम्मान से सम्मानित किया और उन्हें पांच हजार रूपए का चौक प्रदान किया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि डा. नरेश चौधरी ने दोनों व्यक्तियों का बहुमूल्य जीवन बचाकर जो सराहनीय सच्ची मानव सेवा की है वह अतुल्नीय एवं उल्लेखनीय उदाहरण है। डा. नरेश चौधरी ने कहा कि उनके लिये मानव सेवा एवं सामाजिक सेवा अपने मूल दायित्वों के अतिरिक्त सर्वोपरि है और विभिन्न प्लेटफार्मों पर जो सम्मान उन्हें मिलता है। उससे उन्हें अधिक ऊर्जा एवं समर्पण के साथ कर्मठता से सेवा करने की प्रेरणा मिलती है।





संयुक्त आयुक्त परिवहन राजीव मेहरा, आरटीओ. संदीप सैनी, अनिता चमोला, एआरटीओ निखिल शर्मा, नेहा झा, परिवहन अधिकारी भारत भूषण एवं उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डा.अरुण त्रिपाठी एवं परिसर निदेशक डा.अनूप गक्खड़ ने डा.नरेश चौधरी को बधाई दी।

# भाजपा नेता अमित कुमार ने पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल का किया स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रविवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं साहित्यकार रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने शिरकत की। कार्यक्रम में उनके पहुंचने पर भाजपा नेता अमित कुमार बिट्टू ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान अमित कुमार बिट्टू ने निशंक को पटका पहनाकर एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने हिंदी पत्रकारिता की समृद्ध परंपरा और उसके योगदान पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। निशंक ने हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्षों की यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए इसके भविष्य को लेकर भी अपने विचार साझा किए।

# न्यासा ने जीती सोलो डांस प्रतियोगिता

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ऑरा बुगी मंच द्वारा आयोजित सोलो डांस प्रतियोगिता में अचीवर्स होम पब्लिक स्कूल की छात्रा न्यासा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ उन्हें 21,000 की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। फोनिक यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। न्यासा ने अपने दमदार और अभिव्यक्तिपूर्ण नृत्य से निर्णायकों एवं दर्शकों का दिल जीत लिया। इस प्रतियोगिता में रूड़की, भगवानपुर, हरिद्वार के 144 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था।

# गैस एजेंसी पर बवाल : मारपीट में एक नामजद समेत 12 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव सुकरास्सा स्थित एक गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने गए युवक व एजेंसी कर्मचारियों के बीच हुई मारपीट में एजेंसी कर्मचारी की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद व 10 से 12 अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मारपीट की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार घटना बीते शुक्रवार की है गांव सुकरासा स्थित एक गैस सिलेंडर एजेंसी में सिलेंडर लेने के दौरान बवाल हो गया। जिस पर इब्राहिमपुर निवासी एक युवक रजत पुत्र प्रदीप ने अपने 10 से 12 अज्ञात साथियो के साथ एजेंसी कर्मचारियों के साथ मारपीट की है। बताया कि युवक गैस सिलेंडर लेने एजेंसी के गोदाम आया था मगर उसे सिलेंडर नहीं मिला तो युवक ने गाली गलौज शुरू कर दी। युवक व एजेंसी कर्मचारियों में इसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। एजेंसी कर्मचारियों ने युवक को अगले दिन सिलेंडर लेने को कहा तो युवक ने अपने साथियो को बुला लिया ओर जिसके बाद एजेंसी कर्मचारी के साथ मारपीट हुई। मामले में एजेन्सी कर्मचारी बिरमपाल उर्फ बंटी पुत्र ओमकार ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक नामजद व 10 से 12 अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की जांच में जुटी है। कुछ लोग मामले में समझौता करने का प्रयास करने में भी लगे है। एसओ रविन्द्र कुमार ने बताया गैस सिलेंडर लेने गए युवक व एजेंसी कर्मचारियों के बीच मारपीट हुई थी। मामले की जांच की जा रही है अभी एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# रामपुर रायघाटी से चिड़ियापुर तक खनन माफिया बेलगाम, बंदी के बीच नदियों का सीना चीर रहे पोकलैंड

## लक्सर के रामपुर रायघाटी में अवैध खनन, चिड़ियापुर के जंगल रास्तों से दौड़ रहे ओवरलोड डंपर

**खनन पर रोक बेअसर, रामपुर रायघाटी की नदियों से चिड़ियापुर क्रशरों तक पहुंच रही अवैध सामग्री**

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जिले में खनन पर रोक के सरकारी दावों के बीच लक्सर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर रायघाटी से सामने आई तस्वीरें प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। यहां नदियों के भीतर पोकलैंड मशीनों से खुलेआम अवैध खनन किए जाने और भारी मात्रा में खनन सामग्री को ओवरलोड डंपरों के जरिए चिड़ियापुर के जंगलों व संपर्क मार्गों से क्रशर इकाइयों तक पहुंचाने का खेल धड़ल्ले से जारी है। यह पूरा नेटवर्क न केवल सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ा रहा है, बल्कि पर्यावरण, राजस्व और कानून व्यवस्था तीनों को खुली चुनौती देता नजर आ रहा है।

स्थानीय सूत्रों और वायरल वीडियो के अनुसार रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक नदियों में भारी मशीनें उतारी जा रही हैं। पोकलैंड मशीनें नदी तल को गहराई तक खोद रही हैं, जिससे प्राकृतिक संरचना को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। इसके बाद खनन सामग्री से भरे ओवरलोड डंपर बिना किसी भय के सड़कों, ग्रामीण मार्गों और वन क्षेत्र से गुजरते हुए क्रशरों तक पहुंच रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब शासन स्तर पर खनन बंद होने के आदेश लागू हैं, तो आखिर यह अवैध कारोबार किसके संरक्षण में चल रहा है? क्या प्रशासन, खनन विभाग और पुलिस को इसकी भनक नहीं है, या फिर सब कुछ जानते हुए भी आंखें मूंद ली गई हैं? ओवरलोड डंपरों की लगातार आवाजाही से चिड़ियापुर और आसपास के क्षेत्रों की सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि तेज रफ्तार और भारी वाहनों के कारण दुर्घटना का खतरा लगातार बढ़ रहा है, जबकि जंगल क्षेत्र में इस गतिविधि से पर्यावरणीय संतुलन भी बिगड़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि नदी क्षेत्रों में इस तरह अनियंत्रित खनन से जलस्तर प्रभावित हो सकता है, कटाव बढ़ सकता है और भविष्य में बाढ़ जैसे खतरे गंभीर रूप ले सकते हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार विभागों की चुप्पी कई आशंकाओं को जन्म दे रही है।

### आखिर क्या कर रहे हैं विभाग और अधिकारी

जब जिले में खनन प्रतिबंधित है तो पोकलैंड मशीनें नदी में कैसे उतर रही हैं? अवैध खनन सामग्री से भरे ओवरलोड डंपर किनकी शह पर बेखौफ दौड़ रहे हैं? क्या खनन विभाग की निगरानी सिर्फ कागजों तक सीमित है? पुलिस और प्रशासनिक चेकपोस्ट इन वाहनों को क्यों नहीं रोक पा रहे? क्या राजस्व और पर्यावरण को करोड़ों की चपत पहुंचाने वाले इस नेटवर्क पर किसी प्रभावशाली संरक्षण का हाथ है?

### कार्रवाई होगी या यूहीं चलेगा अवैध खनन का धंधा

रामपुर रायघाटी से लेकर चिड़ियापुर मार्ग तक फैला यह खेल साफ संकेत दे रहा है कि अवैध खनन माफिया के हौसले बुलंद हैं। यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो न केवल प्राकृतिक संसाधनों की लूट जारी रहेगी, बल्कि सरकारी प्रतिबंध भी मजाक बनकर रह जाएंगे। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन, खनन विभाग और पुलिस इस गंभीर मामले पर सख्त कार्रवाई करते हैं या फिर अवैध खनन का यह धंधा यूं ही नदियों का सीना चीरता रहेगा।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एक संपत्ति जिसका खसरा नंबर-91, व कुल क्षेत्रफल 680 वर्गफुट है जो कि स्थित शिवनगर भूपतवाला हरिद्वार (अन्दर सीमा नगर निगम हरिद्वार) है से संबंधित एक पिछला/पुराना असल विक्रय पत्र जो कि दिनांकित 30/12/2006 को उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में पंजीकृत है जिसका बही नं0 1 जिल्द 1882/1894 पृष्ठ 61/407 से 416 दस्तावेज नं0 14960 है वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिल रहा है। इस बाबत पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। उक्त वर्णित असल विक्रय पत्र को किसी व्यक्ति/वित्तीय संस्थान/बैंक/न्यायालय में बंधक नहीं रखा गया है और ना ही कोई भी दुरूपयोग किया गया है। मदन गिरी पुत्र श्री दर्शन गिरी निवासी मुखिया गली भूपतवाला हरिद्वार तहसील व जिला हरिद्वार।

# ज्वालापुर में सट्टेबाज : छोटी मछलियां फंसी, बड़े चेहरे अब भी बेखौफ

## ज्वालापुर क्षेत्र में बड़े सट्टा किंग उड़ा रहा कानून का मखौल, धड़ल्ले से चल रहा काला खेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में अवैध सट्टे के कारोबार पर पुलिस ने हाल ही में कार्रवाई कर कुछ सट्टेबाजों को गिरफ्त में लिया, लेकिन इस कार्रवाई के बाद भी कई बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस की पकड़ में जहां छोटे स्तर पर काम करने वाले सट्टेबाज आए, वहीं क्षेत्र के चर्चित बड़े संचालक अब भी बेखौफ होकर अपना नेटवर्क चला रहे हैं। सूत्रों के अनुसार ज्वालापुर क्षेत्र में एक कथित सट्टा किंग अब भी खुलेआम अपने अवैध धंधे को संचालित कर रहा है। चर्चाओं में यह भी सामने आ रहा है कि पुलिस की कार्रवाई के बावजूद उसका कारोबार प्रभावित नहीं हुआ, जिससे सवाल उठने लगे हैं।

सूत्र बताते हैं कि पुलिस की छापेमारी कई छोटी मछलियां फंस, जबकि लंबे समय से सट्टे के बड़े नेटवर्क को संचालित करने वाले चेहरे बच निकले। ऐसे में यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या कार्रवाई केवल औपचारिकता थी या फिर बड़े नामों तक पहुंचने में कोई अदृश्य दबाव काम कर रहा है।

ज्वालापुर और इसके आसपास के क्षेत्रों में अवैध सट्टा कारोबार लंबे समय से सामाजिक चिंता का विषय बना हुआ है। आरोप है कि इस कारोबार के चलते युवाओं को गलत दिशा मिल रही है और आर्थिक अपराधों को बढ़ावा मिल रहा है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या पुलिस वास्तव में पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में आगे बढ़ेगी या फिर कार्रवाई केवल छोटे सट्टेबाजों तक सीमित रह जाएगी। लोगों की नजर अब पुलिस की आगामी कार्रवाई पर टिकी है। यदि बड़े संचालकों पर भी सख्त कदम नहीं उठाए गए तो यह कार्रवाई केवल सतही मानी जाएगी, जबकि जमीनी स्तर पर अवैध कारोबार बदस्तूर जारी रहेगा। वहीं, ज्वालापुर में चाचा भतीजे की जोड़ी मोबाइल के माध्यम से सट्टे का अवैध कारोबार धड़ल्ले से कर रहे है।

## आर्थिक उदारीकरण बनाम बाजारीकरण के दौर में मीडिया की भूमिका पर गहन चर्चा

# जनहितकारी पत्रकारिता को आगे बढ़ाएं पत्रकार : आचार्य बालकृष्ण

**हिंदी पत्रकारिता द्विशताब्दी समारोह**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर रविवार को प्रेस क्लब सभागार में भव्य द्विशताब्दी समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, आचार्य बालकृष्ण और एंकर प्रियंका शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में बड़ी संख्या में पत्रकारों व बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में "आर्थिक उदारीकरण बनाम बाजारीकरण के दौर में पत्रकारिता" विषय पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने बदलते मीडिया परिदृश्य, मूल्यों और डिजिटल चुनौतियों पर विचार रखे। रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता की 200 साल की यात्रा संघर्ष, समर्पण और जनसेवा का प्रतीक है। उन्होंने अपने शुरुआती पत्रकारिता अनुभव साझा करते हुए बताया कि सीमित संसाधनों में भी उन्होंने "सीमांत वार्ता" जैसे अखबार का प्रकाशन किया।



अध्यक्षता करते हुए आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य समाज को सही दिशा देना और सत्य को सामने लाना है। उन्होंने निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता प्रियंका शर्मा ने डिजिटल युग की चुनौतियों, सोशल मीडिया के प्रभाव और फेक न्यूज की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई। हिंदी पत्रकारिता का 200वां वर्ष केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी समय है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को बदलते समय के साथ खुद को ढालना होगा, लेकिन साथ ही पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों सत्य, निष्पक्षता और जनहित को बनाए रखना भी जरूरी है। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम में डा. शिवा अग्रवाल, रोहित सिखोला, सुनील पाल, आशीष मिश्रा, मनोज सिंह रावत, केके पालीवाल, रामेश्वर गौड़, डा. मनोज सोही, मनोज खन्ना, विकास कुमार झा, आदि पत्रकारों सहित राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, मनोज गौतम, युवा कांग्रेस नेता कैख खुराना, कांग्रेस नेत्री संतोष चौहान, लता जोशी, आशु चौहान, रंजिता झा आदि अतिथी मौजूद रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
सैफ सलमानी
ब्यूरो चीफ
शाह टाइम्स हरिद्वार
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

## एक नजर

### अल्मोड़ा में चरस के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** पुलिस ने 488 ग्राम चरस के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चे. कंग अभियान चलाया। इस दौरान लोधिया बेरियर के पास वाहन संख्या लो. धिया यूके 02 5247 को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन में सवार आरोपी हिमांशु बोरा पुत्र सुरेंद्र सिंह बोरा, निवासी कार रोड, लालकुआं जिला नैनीताल, सुमित सिंह दानू पुत्र गजेंद्र सिंह दानू, निवासी इंद्रानगर, बिन्दुखत्ता, नैनीताल और साहिल टम्टा पुत्र गणेश प्रसाद निवासी लोभ, जिला बागेश्वर के कब्जे से 488 ग्राम चरस बरामद हुई। मौके पर पुलिस ने चरस को सीज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बरामद चरस की कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी गई। गिरफ्तारी टीम में शिवराज सिंह राणा, जगपाल सिंह, इरशाद उल्ला, राकेश खेतवाल शामिल रहे।

### एआई केंद्रीकृत कंप्यूटर कंट्रोल कक्ष होंगे स्थापित

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष आयोजन को लेकर आयोग के सदस्य एसएस सिंह रौतेला ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में सदस्य ने परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा सभी स्तरों पर पुख्ता तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं, जिससे परीक्षा पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न हो सके। परीक्षा की निगरानी के लिए एआई आधारित केंद्रीकृत कंप्यूटर कंट्रोल कक्ष स्थापित किया जाएगा। जिसके माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण भी सुनिश्चित किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा समय से डेढ़ घंटा पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। यहां बैठक में एडीएम युक्ता मिश्र, मुख्य कोषाधिकारी वीरेंद्र रावत, सीईओ चंदन सिंह बिष्ट समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### नरूला की आंखों से मिलेगी दो लोगों को रोशनी

**काशीपुर।** आवास विकास निवासी सुशील नरूला की मृत्यु के पश्चात नरूला परिवार द्वारा नेत्रदान किये जाने से दो लोगों के जीवन में उजाला हो सकेगा। वसुधैव कुटुम्बकम् काशीपुर के तत्वाधान में समाजसेवी राज. कुमार सेठी के सहयोग व नरूला परिवार की उदारता से नगर में 47वां नेत्रदान संपन्न हुआ। सुशील नरूला की मृत्यु के उपरान्त उनकी धर्मपत्नी श्रीमति निर्मल नरूला, सुपुत्र आनंद नरूला व प्रवीण नरूला ने नेत्रदान की सहमति प्रदान की। संस्था के संस्थापक सदस्य दीपक मित्तल ने बताया कि भारत में लगभग 4 मिलियन लोग कॉर्निया की समस्या के कारण अंधत्व का शिकार हैं। मृत्यु के उपरांत किया गया नेत्रदान का ऐसा निर्णय, ऐसे अंधत्व के शिकार लोगों के जीवन में उजाला ला सकता है।

### भीषण गर्मी से निपटने को प्रशासन अलर्ट: एसडीएम

**काशीपुर।** जैसे-जैसे तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, प्रशासन भी गर्मी से आमजन को राहत देने के लिए सक्रिय हो गया है। उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह ने कहा कि अभी अप्रैल माह है, लेकिन आने वाले मई और जून में भीषण गर्मी पड़ने की पूरी संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उपजिलाधिकारी ने बताया कि शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों रोडवेज बस अड्डा, मुख्य चौराहों, बाजार क्षेत्रों और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में पीने के पानी की विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसके तहत जगह-जगह प्याऊ स्थापित किए जाएंगे, जहां राहगीरों, यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य यह है कि तेज धूप और लू के बीच लोगों को पानी के लिए भटकना न पड़े और उन्हें समय पर राहत मिल सके। इसके साथ ही नगर निगम काशीपुर के अधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं कि सभी वार्डों, सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख मार्गों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### दुर्घटना के आरोपी बाइक चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** एक युवक ने बाइक चालक पर उसके पिता को मौत के घाट उतारने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम रुपपुर टन्डौला थाना व तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद व हाल ढकिया गुलाबो निवासी सचिन कुमार पुत्र चन्द्रसेन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 अप्रैल की शाम लगभग 7 बजे उसके पिता चन्द्रसेन बहन की शादी में आये रिश्तेदारों को अपने घर से पैदल-पैदल जसपुर बस अड्डे छोड़ने जा रहे थे कि ढकिया गुलाबों मार्ग पर मजार के पास बाइक सं. यूके18एस- 5261 के चालक ने उसके पिता को पीछे से टक्कर मार दी। घटना में उसके पिता गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस दौरान बाइक सवार बाइक को छोड़कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल पिता को मुरादाबाद रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया जहां 23 अप्रैल को पिता की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# डायरेक्ट सेलिंग मॉडल आत्मनिर्भर भारत का सशक्त माध्यम : सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुग्राम में आयोजित एडब्ल्यूपीएल के भव्य विजय पर्व कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से एडब्ल्यूपीएल के उन प्रतिभाशाली एवं परिश्रमी साथियों को सम्मानित किया जा रहा है, जिन्होंने अपने परिश्रम और समर्पण से सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री ने जानक. ारी दी कि यह संस्थान डायरेक्ट सेललग मॉडल के माध्यम से अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा रहा है, जिससे ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं और लाखों लोगों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित विशाल जनसमूह का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे यह स्पष्ट होता है कि डायरेक्ट सेलिंग मॉडल आज लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए ॉच्स के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ डॉ. संजीव कुमार तथा उनकी पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अपने संबा.




ेधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को जॉब सीकर के बजाय जॉब क्रिएटर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है और डायरेक्ट सेललग मॉडल इसी सोच का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल न केवल आलथक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि व्यक्तित्व विकास और क्षमताओं को निखारने का भी अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं एवं मातृशक्ति की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि आज महिलाएं इस प्रकार के प्लेटफॉर्म के माध्यम से परिवार की आलथक स्थिति को मजबूत कर रही हैं और समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2021 में केंद्र सरकार द्वारा डायरेक्ट सेलिंग क्षेत्र के लिए उपभोक्ता संरक्षण एवं स्पष्ट नियम लागू किए गए, जिससे इस क्षेत्र में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और उपभोक्ता हितों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। इन नियमों से डायरेक्ट सेलर्स के अधिकार मजबूत हुए हैं तथा पूरे सेक्टर को एक संगठित एवं भरोसेमंद ढांचा प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है और देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के ख्ष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे देश में निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत को विश्व स्तर पर विकास, विश्वास और अवसरों की भूमि के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया, वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके माध्यम से देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के अंतर्गत 3.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश समझौते हुए, जिनमें से 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था निरंतर सशक्त हो रही है, जिसमें जीएसडीपी में 7.234 की वृद्धि और प्रति व्यक्ति आय में लगभग 414 की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राज्य का वार्षिक बजट 60 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 20 हजार से अधिक नए उद्योग स्थापित हुए हैं तथा स्टार्टअप्स की संख्या 700 से बढ़कर 1750 से अधिक हो गई है। साथ ही हेलिपोर्ट और हेलिपैड की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे कनेक्टिविटी और आपदा प्रबंधन क्षमता मजबूत हुई है। सीएम ने कहा कि इनोवेशन इंडेक्स में हिमालयी राज्यों में दूसरा स्थान और नीति आयोग के एसडीजी इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त करना राज्य की उपलब्धियों को दर्शाता है।

उन्होंने मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड की शुरुआत की गई है, जिसके माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप प्रदेश की लगभग पौने तीन लाख महिलाएं ह्लखपति दीदीह्व बनकर सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर हुई हैं। उन्होंने कहा कि एडब्ल्यूपीएल भी स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में अपना सक्रिय योगदान दें तथा देश को आगे बढ़ाने के इस अभियान में सहभागी बनें।

## गणना के लिए 180 भवनों की जिम्मेदारी एक प्रगणक पर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जनपद में सूचीकरण एवं भवन गणना का कार्य औपचारिक रूप से शुरू हो गया है। इस अभियान के तहत सभी ब्लॉकों और शहरी वार्डों में प्रगणकों की टीमें घर-घर जाकर डेटा संग्रहण में जुट गई हैं। प्रशासन ने पूरे जनपद को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित किया है, जहां प्रत्येक प्रगणक को औसतन 180 भवनों की गणना की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अभियान के अंतर्गत हर प्रकार के भवन चाहे वह आवासीय हो या व्यावसायिक का डिजिटल माध्यम से पंजीकरण किया जा रहा है। जनगणना निदेशालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार यह पूरी प्रक्रिया रियल-टाइम मॉनिटरिंग के तहत संचालित हो रही है, जिससे प्रतिदिन कार्य प्रगति की समीक्षा की जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भवन गणना के लिए केवल मौखिक जानकारी ही पर्याप्त है। इस दौरान किसी भी प्रकार के दस्तावेज या मोबाइल ओटीपी की आवश्यकता नहीं होगी। यदि कोई व्यक्ति ओटीपी या गोपनीय दस्तावेज मांगता है, तो नागरिक तुरंत टोल-फ्री नंबर 1855 पर इसकी सूचना दे सकते हैं। अधिकारियों ने यह भी आश्वस्त किया है कि एकत्रित सभी डेटा पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा और इसका उपयोग भविष्य की योजनाओं एवं विकासात्मक नीतियों के निर्माण में किया जाएगा।

## फायर सीजन के मद्देनज़र पुलिस अलर्ट फायर हाइड्रेंटों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** वनाग्नि की घटनाओं और फायर सीजन की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए बागेश्वर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक बागेश्वर जितेन्द्र मेहरा के निर्देशन में नगर क्षेत्र में स्थापित फायर हाइड्रेंटों की कार्यक्षमता का सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। रविवार को फायर यूनिट बागेश्वर द्वारा जल निगम बागेश्वर के पंप ऑपरेटरों के साथ संयुक्त रूप से नगर के मंडलसेरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित फायर हाइड्रेंटों का निरीक्षण एवं परीक्षण किया गया। इस दौरान हाइड्रेंटों की कार्यक्षमता और जल प्रेशर की गहन जांच की गई। निरीक्षण



के दौरान पाया गया कि नगर क्षेत्र में स्थापित सभी फायर हाइड्रेंट उच्च कार्य क्षमता के साथ सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। टीम ने मौके पर ही प्रेशर टेस्टिंग कर उपकरणों की स्थिति का आंकलन किया और आवश्यक तकनीकी पहलुओं की भी समीक्षा की। पुलिस प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आपात स्थिति में अग्निशमन व्यवस्था पूरी तरह सक्षम रहे। साथ ही संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि नियमित रूप से ऐसे निरीक्षण अभियान चलाते रहें।

### बारिश के बाद उमस

**बागेश्वर।** जिले में शनिवार देर रात हुई बारिश ने जंगलों में लगी आग पर काफी हद तक काबू पा लिया है। हालांकि नगर मुख्यालय में महज 20 मिनट की हल्की बारिश से उमस और बढ़ गई, जिससे रविवार को दिनभर गर्मी और चिपचिपाहट बनी रही। जानकारी के अनुसार, कपकोट तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में देर शाम बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई, जबकि दुगनाकुरी तहसील क्षेत्र में करीब दो घंटे तक तेज बारिश दर्ज की गई। वहीं नगर मुख्यालय में रात साढ़े आठ बजे बारिश शुरू हुई, लेकिन यह अपेक्षाकृत कम रही। बारिश के चलते वन विभाग को बड़ी राहत मिली है। जिन इलाकों में अच्छी बारिश हुई, वहां जंगलों में धधक रही आग काफी हद तक बुझ गई है। इससे आग पर नियंत्रण पाने में मदद मिली है। इधर किसानों के लिए भी यह बारिश राहत लेकर आई है।

## जल, जंगल, महिला आरक्षण पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड लोक वाहनी ने महिला आरक्षण बिल पर भाजपा पर लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। रविवार को वाहनी की बैठक में महिला आरक्षण बिल समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। मालरोड स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि महिला आरक्षण को लोकसभा की सीटों के साथ जोड़कर भाजपा भ्रम फैला रही है। कहा कि वास्तव मे यदि सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती है तो लोकसभा की मौजूदा सीटों पर ही संविधान की व्यवस्था के अनुरूप महिलाओं को तत्काल आरक्षण दिया जाना चाहिए। सरकार चाहे तो सभी राजनैतिक दलों के साथ आमराय बना सकती है। संसद की सीटों को बढ़ाना एक अलग मुद्दा है उस पर विस्तार से चर्चा हो



सकती है। इसके अलावा बैठक में मानव व वन्यजीव संघर्ष पर भी चिंता के साथ नाराजगी व्यक्त की गई। कहा गया कि एक ओर सरकार धार्मिक उन्माद पैदा कर रही है दूसरी ओर लोग हिंसक जानवरों का निवाला बन रहे है। लोगों की जिंदगियां बचाने मे वन विभाग पूरी तरह अक्षम सबित हो रहा है। बैठक में राजीव लोचन साह, पूरन चंद्र तिवारी, अधिवक्ता जगत रौतेला, दयाकृष्ण कांडपाल, जंग. बहादुर थापा, अजयमित्र सिंह बिष्ट, अजय सिंह मेहता, हारिस मुहम्मद, कुंदन आदि मौजूद रहे।

## उर्वशी दत्त बाली की पहल से अनाथ बच्चों को मिलेगा आत्मविश्वास और सीखने का मंच

**काशीपुर।** गुरुकुल फाउंडेशन द्वारा अनाथ बच्चों के लिए एक सराहनीय और अनोखी पहल की शुरुआत की गई है, जिसमें डी-बाली ग्रुप की डायरेक्टर उर्वशी दत्त बाली की अहम भूमिका रही है।

इस कार्यक्रम के तहत गुरुकुल स्कूल में महीने में एक दिन इन बच्चों को आमंत्रित किया जाएगा, जहां वे अन्य विद्यार्थियों के साथ मिलकर विभिन्न शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में कंप्यूटर, पेंटिंग और अन्य स्किल-बेस्ड गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दिया जाएगा। साथ ही, नियमित प्रतियोगिताओं के जरिए उनमें उत्साह और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि उर्वशी दत्त बाली के प्रयासों से ही इस पहल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी समर्थन मिल रहा है। यूनाइटेड किंगडम की यूनिवर्सिटी आफ ऑक्सफ़ोर्ड के डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन से जुड़े स्कॉलर एवं यश फाउंडेशन इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर तेजस डोगरा भी इस अभियान से जुड़े हैं। गुरुकुल फाउंडेशन की प्रिंसिपल मीनल वडावर तथा डायरेक्टर वसुधा कपूर और नीरज कपूर के नेतृत्व में यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभर रही है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

Gmail id-npprudraprayag6@gmail.com, Ph-9410535700

पत्रांक : 103/2026-27 दिनांक : 25.04.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग क्षेत्रान्तर्गत् समस्त सैप्टिक टैंकों के निस्तारण में लगे सभी सफाई मित्र बिना सेफ्टी गियर/पी.पी.ई. किट के सीवर, सैप्टिक टैंकों में कार्य करते हुए पकड़े/पाये जाने पर सम्बन्धित सफाई मित्र, सीवर सैप्टिक टैंक वाहन स्वामी, वाहन/व्यावसायिक आवास/ व्यक्तिगत आवास स्वामियों के खिलाफ नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग द्वारा विहित प्राविधानों के तहत् कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

**अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

### पिता-पुत्र पर लगाया 10 हजार ईट चोरी करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** एक व्यक्ति गेहूं कटाई के लिए अपने गांव गया, पीछे से एक प्लॉट में रखी उसकी 10 हजार ईटें चोरी हो गईं। उसने एक पिता-पुत्र पर ईटें चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। दर्शन विहार, काशीपुर निवासी सुमित यादव पुत्र सोमपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने 17 जनवरी 2026 को 10 हजार ईटें अपने प्लॉट कचनालगाजी पर घर निर्माण हेतू मंगवाई थीं। वह गेहूं कटाई के लिए 10 दिन के लिये अपने घर ग्राम गंझेड़ा आलम, ठाकुरद्वारा चला गया। सुमित ने बताया कि जब वह अपने गांव से गेहूँ कटाई का कार्य पूर्ण करके 18 अप्रैल 2026 की शाम को प्लॉट पर आया तो देखा कि ईटें वहां पर नहीं हैं। उसके बाद उसने मैदान में खेल रहे बच्चों से पता किया, तो उन्होंने बताया कि ईटे टैम्पू द्वारा दो-तीन दिन से यहां से ले जायी जा रहीं हैं। जिसके बाद उसने अपने चाचा सतवीर सिंह से सम्पर्क किया तब उन्होंने टैम्पू चालक लगाकर उसको फोन किया। चालक ने बताया कि 16, 17, 18 अप्रैल 2026 को फरीद और लतीफ निवासी कुमाऊं काला. ेनी, कचनालगाजी, काशीपुर दोनों टैम्पू चालकों द्वारा उक्त मैदान से ईटें विन्ध्यावासिनी कालोनी, चैती चौराहा, निकट सन्धू फार्म के एक खाली प्लाट में रखी गयी हैं। सुमित ने बताया कि टैम्पू चालकों द्वारा सुनिश्चित किया गया कि उनके द्वारा उक्त 10,000 ईटें कृष्णा गौतम व उनके पुत्र सुधाशुं द्वारा रखवायी गयी हैं। इस सम्बन्ध में उसने उक्त लोगों से ईटें वापस करने को कहा तो उन्होंने उसकी एक ना सुनी। उसने उक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

## अपनी सादगी के लिए याद किए जाएंगे चंदन राम दास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** चंदन राम दास की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बागेश्वर द्वारा विभिन्न स्थानों पार्टी कार्यालय बागेश्वर, खरेही मंडल, ग्रामीण मंडल एवं गरुड़ मंडल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिका. रियों ने स्वर्गीय चंदन राम दास को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान उनकी स्मृति में चंदन के पौधों का रोपण भी किया गया। वक्ताओं ने कहा कि चंदन राम दास अपनी सादगी, जनसेवा और विकास कार्यों के लिए सदैव याद



किए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय बागेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में किशन सिंह मलड़ा को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्वती दास, भास्कर कुमार दास, प्रभा गढ़िया, इंद्र सिंह फर्स्वाण, विवेक तिवारी, बसंती देव, नीमा धपोला, मथुरा प्रसाद, संजय परिहार, रेखा गोस्वामी, आदर्श कठायत, लक्ष्मीनाथ गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### डिग्री कालेज में रसायन विज्ञान विभाग का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**काशीपुर।** राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा विभागीय परिषद के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करने हेतु पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य प्रो. कल्पनाथ यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें समाज में उनकी उपयोगिता एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अर्जित ज्ञान का उपयोग समाज के विकास और कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. नीरू गुप्ता, प्राध्यापकगण डॉ. ममता बेलवाल, डॉ. भानुप्रताप सिंह गौतम एवं डॉ. चन्द्रकला सिंह उपस्थित रहे।

## पत्रकारों में आक्रोश बरकरार

### नर्सिंग कॉलेज प्रबंधक की अभद्रता के विरोध में डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नगर में मां अम्बे इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ बदसलूकी और मारपीट का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रेस क्लब पदा. धिकारियों ने डीएम से मुलाकात कर संस्थान के प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। इधर, मामले में डीएम ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए है। ज्ञापन में कहा कि बीते दिनों पत्रकार एक गंभीर प्रकरण की सूचना मिलने पर समाचार संकलन के लिए संस्थान पहुंचे थे। आरोप है कि संस्थान के प्रबंधक संदीप सिंह ठाकुर ने पत्रकारों के साथ अचानक आक्रामक और अभद्र व्यवहार किया। पत्रकारों के साथ न केवल बदसलूकी की गई, बल्कि उनके कैमरे और माइक आईडी भी छीन लिए गए। इस दौरान उन्हें डराने-धमकाने और देख लेने की धमकी भी दी गई। जिससे पत्रकारों के कार्य में गंभीर बाधा उत्पन्न हुई। प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने डीएम से पूरे प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच कराई जाने, दोषी प्रबंधक के विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई करने, संस्थान के सुरक्षा मानकों, अग्नि सुरक्षा और भवन की वैधता की विस्तृत करने की मांग उठाई। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में प्रेस क्लब सचिव अशोक पांडे, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश पांडे, कोषाध्यक्ष संतोष बिष्ट, उपसचिव मोहित अधिकारी, हरीश भंडारी, पीसी तिवारी, नसीम अहमद, किशन जोशी, कंचना तिवारी, रोहित कार्की, रोहित भट्ट, प्रमोद जोशी, पवन नगरकोटी समेत अन्य पत्रकार मौजूद रहे।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

Gmail id-npprudraprayag6@gmail.com, Ph-9410535700

पत्रांक : 103/2026-27 दिनांक : 25.04.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग क्षेत्रान्तर्गत् निर्माण एवं विध्वंसक (C&d Waste) कूड़े के निस्तारण हेतु नगर पालिका के पास यूजर चार्जेज बेस पर ट्रैक्टर ट्रॉली उपलब्ध है। C&d वेस्ट उठान हेतु नगरपालिका परिषद में टोल फ्री नम्बर 18001802930 अथवा सफाई निरीक्षक या EMail:- npprudraprayag6@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

**अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

**पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

अधिशासी अभियन्ता (जानपद मुख्यालय), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून-248002

दूरभाष नं0 0135-2532772 दूरभाष नं0: 7088112452 Email:- hqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **25.05.2026** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यो का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकम टैक्स/जी.एस. टी./ ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **23.05.2026** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी० अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो Executive Engineer, HQPU, PTCUL के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) T-01/2026-27: पिटकुल मुख्यालय, "विद्युत भवन" परिसर के बाहरी परिसर में CC का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित अन्य जानपद सम्बन्धित छुटपुट अनुरक्षण कार्य।

2) T-02/2026-27: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग के तृतीय तल हेतु Fire Alarm Panel System की आपूर्ति एवं स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य छुटपुट कार्य।

3) T-03/2026-27: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में तृतीय तल पर स्थापित Electrical Panel कक्ष में Sliding Door के टूटे शीसे एवं Locks बदलवाना एवं अन्य जानपद सम्बन्धित छुटपुट अनुरक्षण कार्य।

4) T-04/2026-27: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग की छत पर स्थापित Fire Service हेतु 01 No- Monoblock Pumpset, Make Kirloskar की आपूर्ति एवं स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित छुटपुट अनुरक्षण कार्य।

5) T-05/2026-27: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में द्वितीय तल पर स्थापित 02 नं० प्रसाधन कक्ष एवं पैन्ट्री कक्ष में स्थापित Floor Tiles एवं Wall Tiles की Grouting का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित छुटपुट अनुरक्षण कार्य।

पत्रांक: 23/जा0(मु0)/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांक: 25.04.2026

अधिशासी अभियन्ता, जानपद (मु0)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

Gmail id-npprudraprayag6@gmail.com, Ph-9410535700

पत्रांक : 103/2026-27 दिनांक : 25.04.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय क्षेत्र से निकलने वाले बल्क वेस्ट जनरेटर (BWG) के अन्तर्गत् जिस भी घर/ प्रतिष्ठान/ संस्थान से 100 किग्रा0 प्रतिदिन कूड़ा जनरेट करता है वह BWG की श्रेणी में होगा। उक्त संस्थान या व्यक्ति को नियमानुसार गीले कचरे का निस्तारण अपने परिसर में करना अनिवार्य होगा। यदि संस्थान/ व्यक्ति नियमानुसार पालन नहीं करता है तो उनके विरूद्ध नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन नियम-2016 (यथा संसोधित 2025) के अन्तर्गत् कार्यवाही की जायेगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित उल्लंघनकर्ता का होगा।

**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

**अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

# फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

## लेनदेन का मामला, रिवॉल्वर व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते शनिवार की रात भोटिया पड़ाव क्षेत्र के सुभाषनगर क्षेत्र में फायरिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वारदात में प्रयुक्त एक 32 बोर की रिवाल्वर, एक जिंदा कारतूस, एवं एक खोखा कारतूस 32 बोर का बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। रविवार को सीओ अमित कुमार ने फायरिंग मामले का खुलासा करते हुए बताया कि कपूर आटा चक्की, सुभाष नगर निवासी कमल परमार पुत्र डुंगर सिंह परमार ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी कि वह बीते शनिवार को अपने



दोस्त योगेन्द्र परमार पुत्र नरेन्द्र सिंह परमार निवासी आदर्श कॉलोनी, सुभाषनगर, तथा सुदर्शन परमार पुत्र दर्शन सिंह परमार निवासी बैंक कॉलोनी दोनहरिया के साथ अपने घर के पास ही खड़े होकर बात कर रहे थे तभी अचानक शात सात बजे मनीष परिहार नामक व्यक्ति अपनी कार संख्या यूके04एक्यू-3663 से वहां पहुंचा और अपनी रिवाल्वर से फायर कर उसे जाने से मारने की कोशिश की गई।

पीड़ित ने बताया कि फायर उसके मकान की सीढ़ियों के जीने में जाकर लगी और वह बाल-बाल बच गया। फायर की आवाज सुनकर आस-पास के लोग एकत्र हो गए और आरोपी मनीष कार लेकर वहां से फरार हो गया। सीओ अमित कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाल विजय मेहता के नेतृत्व में टीम का गठन किया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। टीम ने रात्रि ही फायरिंग करने वाले आरोपी मनीष परिहार पुत्र जवाहर सिंह परिहार निवासी कृष्णानगर फेस-ई डहरिया, व मूलरूप से कपकोट बागेश्वर को घटना में प्रयुक्त 32 बोर की रिवाल्वर, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया है कि जिस स्थान पर गोली चली, वहां कमल का दोस्त विशाल रहता है। दोनों पहले साथ में खनन का काम करते थे। बकौल कमल, उसा विशाल से डेढ़ करोड़ रुपए का लेनदेन है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109 बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरेपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। टीम में एसएसआई भूपेन्द्र सिंह मेहता, कांस्टेबल ललित नाथ, मुकेश सिंह शामिल रहे।

# जंगल में मिली वन गुर्जर की लाश

## मवेशी लेने गया था, भालू के हमले की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चोरगलिया थाना क्षेत्र के जंगल में मवेशी लेने गए एक वन गुर्जर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। एक दिन बाद उसका शव जंगल से बरामद होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में जंगली जानवर, विशेषकर भालू के हमले की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर वन गुर्जरों ने हाईवे से करीब पांच किलोमीटर भीतर जंगल में एक शव पड़े होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान 45 वर्षीय मो. आरिफ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मो. आरिफ शनिवार शाम अपनी भैंसों को वापस लाने के लिए जंगल की ओर गए थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रविवार को खोजबीन के दौरान उनका शव जंगल में मिला। चोरगलिया कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर जानवर के हमले के स्पष्ट निशान पाए गए हैं। शरीर का एक हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त था, जिससे भालू के हमले की संभावना प्रबल हो जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस इलाके में घटना हुई, वहां भालुओं की गति. विधियां अक्सर देखी जाती हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और उसने भी जंगली जानवर के हमले की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस ने किसी आपरा. धिक घटना से इनकार किया है।

# साली की शादी में विवाद होने के बाद जीजा ने लगाई फांसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साली की शादी में शामिल होने गए एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के बाद आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस ने पूरे मामले की जांच कर दी है। जानकारी के अनुसार चोरगलिया थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर दानीबंगर निवासी जय प्रकाश अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मुखानी क्षेत्र के पीलीकोठी स्थित किराए के मकान में रहता था। बताया जा रहा कि बीते 25 अप्रैल को वह परिवार सहित अपनी साली की शादी में शामिल होने गया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसका परिवार से विवाद हो गया। विवाद के बाद जय प्रकाश नाराज होकर पत्नी और बच्चों को शादी में ही छोड़कर अपने घर पीलीकोठी लौट आया। काफी देर तक जब वह समारोह में नजर नहीं आया तो परिजनों ने उसे फोन किया, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं किया। परेशान परिजनों ने रविवार को मकान मालिक को सूचना दी। मकान मालिक जब पीलीकोठी स्थित घर पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद मिला। कई बार आवाज देने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो जय प्रकाश फांसी के फंदे से लटका हुआ था। पुलिस ने जय प्रक. ाश को फंदे से नीचे उतारकर सुशीला तिवारी चिकित्सालय लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सीओ अमित कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सफाई कर्मचारियों का हो रहा शोषण: अमित कुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम पर सरकारी आवासों की आड़ में कर्मचारियों के शोषण का आरोप लगाते हुए देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ ने कड़ा विरोध जताया है। संघ ने इस



संबंध में नगर आयुक्त को ज्ञापन के माध्यम से गंभीर अनियमितताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है। संघ ने कहा कि नगर निगम में वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को आवास भत्ता, पेंशन और ग्रेच्युटी जैसे मूलभूत अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। आरोप है कि जिन आवासों में कर्मचारी रह रहे हैं, वे नगर निगम के स्वामित्व वाले भी नहीं हैं, फिर भी कर्मचारियों को गुमराह कर लाभ रोके जा रहे हैं। प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार ने बताया कि सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी भी नगर निगम द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे स्थिति और संदिग्ध हो जाती है। साथ ही एससी-एसटी आयोग में दर्ज शिकायत के बावजूद आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। संघ का दावा है कि ये आवास 1957-58 के आसपास सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा बनाए गए थे और कर्मचारियों द्वारा किश्तों के माध्यम से इनकी लागत भी जमा की जा रही है। इसके बावजूद उन्हें मकान भत्ता और अन्य सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। संघ ने आरोप लगाया कि नगर निगम कर्मचारियों की अज्ञानता का फायदा उठाकर उनका शोषण कर रहा है और उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो कर्मचारी आंदोलन और सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।

# सीएम को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल जनपद के भीमताल, धारी, ओखलकांडा, रानीबाग और कठघरिया क्षेत्र में बाघ-तेंदुए के बढ़ते आतंक तथा स्कूल बस किराए में वृद्धि को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है। इन दोनों मुद्दों पर रविवार को ठंडी सड़क स्थित झंडा पार्क में संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया



गया कि 30 अप्रैल को आयोजित वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके लिए ज्ञापन का प्रारूप तैयार करने के लिए दो सदस्यीय समिति का गठन किया गया। इस दौरान पूर्व नौसैनिक आनंद सिंह ठठोला की पुस्तक समकालिक सामाजिक सरोकारों का संक्षिप्त संकलन का विमोचन भी किया गया। बैठक में आगामी समय में जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर सहमति बनी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद सिंह भाकुनी ने और संचालन महासचिव लक्ष्मण सिंह गौनिया ने किया। अंत में सभी सदस्यों ने निर्णयों पर सहमति जताते हुए बैठक का समापन किया गया। इस मौके पर आनंद सिंह भाकुनी, लक्ष्मण सिंह गौनिया, शंकर दत्त तिवारी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह बोरा, आनंद सिंह रावत, मोहन सिंह, डीडी शर्मा, वीरेंद्र सिंह भाकुनी, डीसी पाठक, मोहन चंद पांडे, पूरन सिंह, वीडी भट्ट, किशोर कुमार जोशी, भुवन चंद्र उप्रेती, सचिन वल्दिया, केके जोशी, जगदीश जोशी रहे।

# अस्पताल के शौचालय से बेच रहा था स्मैक

## निजी हॉस्पिटल के स्टाफ की सूचना पर पकड़ा गया तस्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी। एक निजी अस्पताल के शौचालय को नशे का अड्डा बनाकर स्मैक की सप्लाई करने वाले 20 वर्षीय युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अस्पताल स्टाफ की सूचना पर भोटियापड़ाव चौकी पुलिस ने छापा मारकर आरोपी को 8 ग्राम स्मैक के साथ धर दबोचा।

पकड़ा गया आरोपी स्मैक को उत्तर प्रदेश से लेकर आता था और हल्द्वानी से अल्मोड़ा तक उसकी सप्लाई करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार ठंडी सड़क स्थित निजी अस्पताल के



स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी कि कुछ युवक घंटों तक अस्पताल के शौचालय में बैठे रहते हैं। स्टाफ ने अनहोनी की आशंका जताई। इस पर चौकी प्रभारी आरती सचदेवी ने टीम के साथ शनिवार को छापेमारी कर दी। पुलिस टीम ने शौचालय से निखिलेश कनवाल निवासी खत्याड़ी अल्मोड़ा बताया, जबकि दूसरे ने भूपेंद्र सिंह निवासी खत्याड़ी अल्मोड़ा बताया। तलाशी में पुलिस को निखलेश के पास से 8 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा। हालांकि दूसरे के पास से पुलिस को कुछ नहीं मिला। पूछताछ में निखलेश ने बताया कि वह बीए का छात्र है और अपनी पढ़ाई अल्मोड़ा से कर रहा है। बरामद स्मैक वह उत्तर प्रदेश से लेकर आता था और अस्पताल के कुछ लोगों को बेचता और पैसों में पिलाता था। इसके अलावा वह स्मैक लेकर अल्मोड़ा भी बेचता था।

# रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने बनाई नई कार्यकारिणी

## जलील अहमद अध्यक्ष, नितेश बने मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन हल्द्वानी डिपो शाखा के चुनाव रविवार को बस स्टेशन स्थित यूनियन के कैंप कार्यालय में निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी मनोज भट्ट, किशोरी लाल और प्रीतम सिंह के निर्देशन में सर्वसम्मति से पूरी कराई गई। चुनाव में जलील अहमद को अध्यक्ष और नितेश शर्मा को मंत्री चुना गया। इसके अलावा सुमन और अजय सिंह को उपाध्यक्ष, हरजीत कौर एवं योगेश जोशी को संयुक्त मंत्री, योगेश कुमार को संगठन मंत्री तथा मोहम्मद इमरान को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संजीव अग्रवाल, अफसार अंसारी, संदीप कुमार, मिंदर सिंह, अनीस अहमद और यशपाल को शामिल किया गया। वहीं प्रांतीय प्रति.



निधि के तौर पर अख्तर चौधरी, सुनील जोशी, आफताब अहमद और जीवन बिष्ट तथा क्षेत्रीय प्रतिनिधि के रूप में ब्रजेश सिंह, इकबाल अहमद, नितिन दीक्षित और विश्वास सिंह का चयन हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जलील अहमद और मंत्री नितेश शर्मा ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि वे सभी के सहयोग से परिवहन निगम के संचालन को बेहतर बनाएंगे। साथ ही समय पर वेतन भुगतान, बंद मार्गों को पुनः शुरू कराने और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै और महामंत्री अशोक चौधरी ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि टीम कर्मचारियों और निगम से जुड़ी समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएगी। इस मौके पर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बिष्ट, क्षेत्रीय मंत्री मनिंदर सिंह, गोपेश्वर श्रीवास्तव, नवीन लो. हनी, सुखदेव सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### डीआर नीति के विरोध में रोडवेज कर्मियों का धरना 30 से

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो में ड्यूटी रेस्ट (डीआर) व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों में असंतोष बढ़ गया है। निगम प्रबंधन पर डीआर नियमों की अनदेखी कर कर्मचारियों पर दबाव बनाने के आरोप लगाते हुए रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चे ने 30 अप्रैल से धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया है। संयुक्त मोर्चे के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरूवार 30 अप्रैल से धरना सुबह 11 बजे से सहायक महाप्रबंधक कार्यालय काठगोदाम डिपो में शुरू होगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सकारात्मक समाधान नहीं निकला, तो आंदोलन को आगे भी जारी रखा जाएगा। इस संयुक्त मोर्चे में रोडवेज संयुक्त परिषद, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन और रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन शामिल हैं। मोर्चे के संच. ालन की जिम्मेदारी मनोज मनराल, मनोज भट्ट और हेमंत गड़िया को सौंपी गई है। यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि डिपो में पिछले 20 वर्षों से डीआर की व्यवस्था लागू है, जिसके तहत कर्मचारी लगातार लंबी ड्यूटी कर रहे हैं। उनका आरोप है कि निगम प्रबंधन इस व्यवस्था में बदलाव कर कर्मचारियों के अधिकारों को प्रभावित करना चाहता है।

# धूमधाम से मनाया गया चार्टर-डे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सामाजिक संस्था लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी का चार्टर-डे समारोह आरटीओ रोड स्थित रिया पैलेस में बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ




आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लायंस परिवारों और बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेकर माहौल को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब के अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, सचिव निशुल अग्रवाल और कोषाध्यक्ष राखी अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में लकी ड्रॉ के विजेताओं में प्रदीप अग्रवाल, राखी अग्रवाल, राजू भोसाले, संजय गर्ग और अशोक जैन को बंपर पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को डा. प्रमोद अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, डा. अनुज अग्रवाल और भाजपा नगर अध्यक्ष मधुकर श्रुतिय द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गुब्बारा बचाओ कपल गेम रहा, जिसमें करीब तीन दर्जन दंपतियों ने भाग लिया। समारोह में सुमन जैन, विजय कुमार शर्मा, राकेश वर्मा, अंकुर गुप्ता, अजय कृष्ण गोयल, अतिन अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, संतोष, अंसील वर्मा मौजूद रहे।

# खेल समारोह 29 अप्रैल को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति की मासिक बैठक पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय भवन स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे ने की, जबकि संचालन महामंत्री डीके पांडे द्वारा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं खेल समारोह 2026 और समिति के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि 29 अप्रैल को मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में वरिष्ठ नागरिकों के लिए खेलकूद कार्यक्रम और 30 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित कई विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की संभावना जताई गई। समिति ने



सभी सामाजिक संगठनों, पेंशनर्स, भूतपूर्व सैनिकों और खेल संगठनों से इस आयोजन को भव्य बनाने में सहयोग की अपील की है। वहीं, वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने पर मई माह के तृतीय सप्ताह में द्विवार्षिक अधिवेशन और आवश्यक होने पर चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में इंदर सिंह निगल्टिया, डीके पंत, दिनेश पन्तोला, विष्णु सिंह रावत, एलएम लोहनी, बीडी जोशी, रमेश चंद पांडे, केडी पांडे, शंकर दत्त तिवारी, देवेंद्र सिंह खाती, डा. एचडी तिवारी, मोहन सिंह जन्तवाल, एसके अग्रवाल, मोहन चंद्र बुड़लाकोटी, डा. जगदीश चंद्र सती, सुरेश आर्य, त्रिभुवन पंत, महेश चंद्र आर्या, केके कबड्वाल, एडी डोर्वी, आनंद सिंह भाकुनी, भगवती बिष्ट, नीरू धवन, मीरा श्रौतिया, सरोजिनी तिवारी, जगदीश चंद्र डालाकोटी, वीरेंद्र सिंह परिहार मौजूद रहे।

# गर्मी से बचाव के टिप्स दिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता के ध्येय के साथ रविवार को आर्य समाज में एक विशेष स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन किया गया। बढ़ते तापमान और लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हीट स्ट्रोक (लू लगना) से बचाव और उससे जुड़ी सावधानियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध स्वास्थ्य विशेषज्ञ प्रो. डा. विनय खुल्लर ने लोगों को संबो. धित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में हल्द्वानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच चुका है, जो मानव शरीर पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने बताया कि जब शरीर का तापमान 106 डिग्री फारेनहाइट तक पहुंच जाए और पसीना आना बंद हो जाए, तो यह हीट स्ट्रोक का गंभीर संकेत होता है, जिसे नजरअंदाज करना जानलेवा साबित हो सकता है। डा. खुल्लर ने आयुर्वेदिक दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि इस ऋतु में व्यक्ति को अपनी शारीरिक क्षमता का केवल अर्ध व्यायाम ही करना चाहिए, ताकि शरीर की ऊर्जा और जल संतुलन बना रहे। उन्होंने कहा कि अत्यधिक शारी. रिक परिश्रम, धूप में लंबे समय तक रहना और अनियमित दिनचर्या इस मौसम में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है। कार्यक्रम के दौरान डा. खुल्लर ने आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति हीट स्ट्रोक के कारण बेहोश हो जाए तो उसे तुरंत ठंडी जगह पर ले जाकर उसके शरीर पर ठंडे पानी से स्पंजिंग करनी चाहिए। बिना किसी देरी के चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए।

# सदस्यता बनेगी जनआंदोलन: तिवारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के सूर्याजाला में आयोजित एक कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं ने वर्तमान सरकार की नीतियों के खिलाफ खुलकर नाराज़गी जताते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। युवाओं ने बढ़ती बेरा. ेजगारी, बिगड़ती कानून-व्यवस्था और जंगली जानवरों के बढ़ते हमलों को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी रहे। इस दौरान रघुवर सिंह, दीपक सूर्या, निर्मल कुमार, रोहित कुमार, कृपाल सिंह, तनुत सूर्या, देवेंद्र सूर्या, मनीश कुमार, भारत सूर्या, रजत सूर्या, विरेंद्र पतरिया, प्रयांसु आर्य, राहुल राणा, करन राणा, देवेंद्र बिष्ट और अमन वर्मा सहित कई युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली। कार्यक्रम में न्याय पंचायत अध्यक्ष संदीप राणा ने नवागंतुक सदस्यों का स्वागत करते



हुए कहा कि जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है और कांग्रेस ही इस बदलाव का नेतृत्व करेगी। नीरज तिवारी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है और आम जनता को असुरक्षित छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक जनता की आवाज उठाती रहेगी और अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि कालाढूंगी समेत पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा, ताकि पार्टी को और मजबूत किया जा सके। इस मौके पर कुबेर सिंह निगलटिया, ग्राम प्रधान हेमू पड़लिया, हरीश पांडे, पान सिंह सूर्या, सरदार दर्शन सिंह किशोरी लाल, जीवन सूर्या मौजूद रहे।

# 'देश की आधी आबादी के अधिकारों पर प्रहार'

## भाजपा महिला मोर्चा विपक्ष के खिलाफ हुआ लामबंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा महिला मोर्चा ने मातृशक्ति के साथ मिलकर विपक्ष पर संसद में नारी सम्मान के मुद्दे पर सवाल उठाते हुए व्यापक जनआक्रोश अभियान की घोषणा की है। एमबी महाविद्यालय में आयोजित महिला आक्रोश सम्मेलन में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का नकारात्मक व गैर-जिम्मेदाराना रवैया देश की आधी आबादी के अधिकारों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित यह ऐतिहासिक अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम है, लेकिन विपक्ष ने संकीर्ण राजनीति के चलते इसका विरोध कर



महिलाओं की भावनाओं को आहत किया है। इसी के विरोध में उत्तराखंड में व्यापक स्तर पर महिला जन आक्रोश कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रुचि भट्ट ने बताया कि अभियान के तहत महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और महिला छात्रावा. सों में जनसंपर्क अभियान चलाकर युवतियों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही सोशल मीडिया पर 10 दिनों तक संगठित अभियान चलाकर महिलाओं की आवाज को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में महिला जनप्रतिनिधियों, सांसदों, विधायकों, महापौरों, जिला पंचायत अध्यक्षों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, छात्राओं और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सम्मेलन में वक्ता के रूप में डा. जयश्री तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने की उम्मीद थी, लेकिन विपक्षी दलों के कारण यह प्रयास सफल नहीं हो सका, जिससे महिलाओं में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं अपने अधिकारों के लिए जागरूक होकर हर क्षेत्र में आवाज उठा रही हैं और इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगी। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, नैनीताल विधायक सरिता आर्या, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती, मेयर गजराज बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री भावना मेहरा, रेनू अधिकारी, बबली चौहान, ममता पलरिया, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी, श्रुति तिवारी, विजयलक्ष्मी, भूमिका गोयल, आभा गोस्वामी और राशि जैन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुक्त विवि में नव प्रवेशित शिक्षार्थियों के लिए इंडक्शन एवं काउंसलिंग का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में रविवार को मॉडल अध्ययन केंद्र की ओर से नवप्रवेशित शिक्षार्थियों के लिए इंडक्शन एवं काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने किया।

स्वागत भाषण में डा. विशाल शर्मा ने विश्वविद्यालय की महत्ता और छात्रों के भविष्य निर्माण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. लोहनी ने छात्रों को विश्वविद्यालय की विभिन्न सुविधाओं, छात्रवृत्ति योजनाओं, डिजीलॉकर और हेलो हल्द्वानी एफएम जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इंडक्शन एवं काउंसलिंग कार्यक्रम की उपयोगिता बताते हुए स्व-अध्ययन सामग्री के साथ अन्य संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि समय-समय पर आयोजित काउंसलिंग सत्रों में समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन और करियर मार्गदर्शन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाती है। साथ ही परीक्षा समाप्ति के 15 दिनों के भीतर अधिकांश परिणाम घोषित किए जाने की जानकारी भी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य नव प्रवेशित छात्रों को विश्व. विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, नीतियों, सुविधाओं और ऑनलाइन डिस्टेंस लर्निंग प्रणाली से परिचित कराना रहा। इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, अध्ययन सामग्री वितरण, कार्यशालाओं और कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रो. पीडी पंत ने शैक्षणिक गतिविधियों एवं अध्ययन सामग्री प्रणाली, प्रो. रेनू प्रकाश ने ओडीएल प्रणाली, प्रो. एमएम जोशी ने अध्ययन केंद्रों की उपयोगिता, डा. सुमित प्रसाद ने प्रवेश प्रक्रिया के तकनीकी पहलुओं पर जानकारी दी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. सोमेश कुमार ने परीक्षा प्रणाली और परिणाम से जुड़े पहलुओं पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. जितेंद्र पांडे ने म्यूकस और कौशल विकास के महत्व को रेखांकित किया। डा. राज. ेश मठपाल ने प्रायोगिक और कार्यशाला आधारित शिक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन डा. मनीषा पंत ने किया, जबकि डा. विनय सिंह रावत ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय निदेशक रेखा बिष्ट, कमला राठौर, प्रदीप पंत, बीना फुलारा, राजेश आर्य सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**अदालती सूचना**

आज्ञा से कल्पना उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा समक्ष न्यायालय सिविल जज,(जू०डि), देहरादून।

**मूलवाद सं० 220/2025**

1. श्री विनोद कुमार अग्रवाल पुत्र श्री सैन मंगल, निवासी- मंगल भवन, टर्नर रोड, क्लेमेंट टाउन, देहरादून,उत्तराखण्ड।
2. श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी श्री विनोद कुमार, निवासी-93, कैंटोनमेंट बोर्ड, टर्नर रोड, चन्द्रबनी ग्रांट,देहरादून, उत्तराखण्ड। ........वादीगण

बनाम

श्री संदीप कुमार आदि ......प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम

1. श्री यशपाल उर्फ नारायण पुत्र स्व० श्री हरबंस लाल, निवासी- प्रेम नगर,देहरादून।
2. श्रीमती ललिता मेहंदीरत्ता पत्नी स्व० श्री सुभाष चन्द्र मेहंदीरत्ता, निवासी-प्रेम नगर, देहरादून। .........प्रोफोर्मा प्रतिवादीगण 5 व 6

चूँकि उपरोक्त नामांकित वादी ने इस न्यायालय में आपके विरूद्ध विक्रय विलेख निष्पादन व स्थाई निषेधाज्ञा हेतु मूलवाद प्रस्तुत किया गया है, जिसमे प्रतिवादपत्र सुनवाई हेतु दिनांक 22.05.2026 की तिथि नियत है। अतएवं प्रतिवादी सं0 5 से 6 को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि आपको उक्त वाद के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह उक्त तिथि को प्रातः 10:00 बजे उपरोक्त न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर आपत्ति पेश करें। उक्त तिथि के बाद कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जायेगी और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त वाद एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा तथा वाद पर उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 20.4.2026 को जारी किया गया। **प्रबंधक**

न्यायालय सिविल जज,(जू०डि०), देहरादून।

# चेन्नई को हरा गुजरात ने चौथी जीत दर्ज की

**गुजरात ने 16.4 ओवर में 159 रन का लक्ष्य पाया सुदर्शन की फिर 87 रनों की शानदार पारी**



**चेन्नई, वार्ता।** कगिसो रबाडा (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद साई सुदर्शन (87) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 37वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 20 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी।

गुजरात टाइटंस की यह टूर्नामेंट में चौथी जीत है। 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 16.4 ओवरों में दो विकेट पर 162 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। साई सुदर्शन और शुभमन गिल की जोड़ी ने संभल कर खेलते हुए पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। सातवें ओवर में नूर अहमद ने शुभमन गिल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। गिल ने 23 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के उड़ाते हुए 33 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में अकील हुसैन ने साई सुदर्शन को आउट कर पवेलियन भेज दिया। साई सदुर्शन ने 46 गेंदों में चार चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 87 रनों की पारी खेली। जॉस बटलर ने नाबाद 39 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में 30 गेंदों का सामना किया और चार चौके और एक छक्का लगाया। इससे पहले आज यहां ऋतुराज गायकवाड़ (नाबाद 74) की कप्तानी पारी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सात विकेट पर 158 रनों का स्कोर खड़ा किया।

गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने महज 37 रन के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। संजू सैमसन (11), उर्विल पटेल (चार), सरफराज खान (शून्य) और डेवाल्स ब्रेविस (दो) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए शिवम दुबे ने कप्तान गायकवाड़ के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी हुई। 16वें ओवर में अरशद खान ने शिव दुबे को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा।

शिवम दुबे ने 17 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 22 रन बनाये। 18वें ओवर कगिसो रबाड़ा ने कार्तिक शर्मा नौ गेंदों में 15 रन को आउट किया। जेमी ओवरर्टन ने छह गेंदों में 18 रन बनाये। उन्हें अरशद खान ने आउट किया। चेन्नई सुपर किंग्स ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 158 रनों का स्कोर खड़ा किया। ऋतुराज गायकवाड़ ने 60 गेंदों में छह चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 74 रनों की पारी खेली। गुजरात टाइटंस की ओर से कगिसो रबाड़ा ने तीन विकेट लिए। अरशद खान को दो विकेट मिले।

## भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 14 रनों से हराया

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** दीप्ति शर्मा (नाबाद 36 रन/ पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 14 रनों से शिकस्त दी। यह पांच मैचों की सीरीज में भारत की पहली जीत है। दीप्ति शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।

186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम को दीप्ति शर्मा के कहर का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और 14 रनों से मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए सुने लूस ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। तेजमिन ब्रिट्स (30), कायला रेनेके (21) और कप्तान लॉरा वुलफॉर्ट (18) रन बनाकर आउट हुई। एलिज मारी मार्क्स ने नाबाद 21 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारतीय महिला टीम के लिए दीप्ति शर्मा ने चार ओवरों में 19 रन देकर पांच विकेट झटके। क्रांति गौड़ , श्री चारणी, काश्वी गौतम और शेफाली वर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले शनिवार देर रात खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 185 रनों का स्कोर खड़ा किया।

### खेल विशेष

**मानस और आहना बने सर्वश्रेठ एथलीट**

**नई दिल्ली, वार्ता।** मोती लाल नेहरू कॉलेज (सांध्य) ने अपनी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। तीन दिवसीय आयोजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए मानस कुमार (बी-ए- प्रोग्राम, प्रथम वर्ष) ने तीन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर सर्वश्रेठ एथलीट (पुरुष) का खिताब जीता। वहीं आहना बराल (बी-ए- प्रोग्राम, प्रथम वर्ष) ने चार प्रतियोगिताओं में प्रथम तथा एक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सर्वश्रेठ एथलीट (महिला) का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम की शुरुआत अनुशासित मार्च-पास्ट, ध्वजारोहण एवं शपथ ग्रहण समारोह से हुई। मुख्य अतिथि प्रो- बलराम पाणि ने प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशिट अतिथि के रूप में कर्नल सुरिदर सिंह एवं श्री जगवीर मलिक उपस्थित रहे।

**चीन ने डेनमार्क को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई**

**हॉर्सेंस (डेनमार्क), वार्ता।** मौजूदा चैंपियन चीन ने शनिवार को उबेर कप के ग्रुप चरण में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उसने मेजबान डेनमार्क को 5-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी महिला टीम ने अपने दूसरे ग्रुप 'ए' मुकाबले में जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिसमें उसने सभी पांच मैच सीधे गेम में जीते। वांग झीई, हान यू और शू वेनजिग ने तीन एकल मैचों में जीत दिलाई, जबकि युगल जोड़ियों लियू शेंगशू/तान निंग और जिया यिफान/झांग शुशेन ने अपने डेनिश प्रतिद्वंद्वियों को दो गेम में हराकर चीन के लिए एक और क्लीन स्वीप सुनिश्चित किया। चीन, जिसने शुक्रवार को यूक्रेन के खिलाफ 5-0 की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी।

**अनकैप्ड मोमिना रियासत पाकिस्तान की महिला टीम में शामिल**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे खिलाफ होने वाली महिला एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में अनकैप्ड बल्लेबाज बल्लेबाज मोमिना रियासत को टीम में जगह दी है। चयनकर्ताओं ने मोमिना रियासत अगले महीने कराची में जम्बिाब्वे के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की घरेलू सीरीज के लिए 15-सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। एकदिवसीय मैचों में टीम की कप्तानी फातिमा सना ही करती रहेंगी। ए मैच आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2025-29 का हिस्सा हैं। मोमिना को टीम में शामिल करने के अलावा, चयनकर्ताओं ने टीम के मुख्य खिलाड़ियों को ज्यादातर वही रखा है। टीम में आलिया रियाज, डायना बेग, मुनीबा अली और सिदरा अमीन जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। जिम्बाब्वे की महिला टीम अपने पहले पाकिस्तान दौरे के लिए 29 अप्रैल को कराची पहुंचेगी। एकदिवसीय सीरीज से पहले, दोनों टीमें 30 अप्रैल से तीन मई तक अभ्यास करेंगी।

## ऑरेंज कैप पर अभिषेक व पर्पल कैप पर अंशुल का कब्जा

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 35वें और 36वें मुकाबले के दौरान एक ही दिन तीन बार ऑरेंज कैप के विजेता बदले। दिन के आखिरी मुकाबले बाद सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के अभिोक शर्मा ने इस पर अपना कब्जा कर लिया है। वहीं पर्पल कैपर अंशुल कम्बोज के पास है।

दिल्ली में शाम ढलते-ढलते दिल्ली के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने नाबाद 152 रन बनाकर नंबर वन स्थान हासिल कर लिया, जो टी-20 क्रिकेट इतिहास में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है। सात पारियों में 357 रन के साथ राहुल शीर्ा पर पहुंचे, लेकिन वहां दो घंटे भी नहीं टिक सके। जयपुर में वैभव सूर्यवंशी ने 37 गेंदों में 103 रन ठोककर 357 रन तक पहुंचते हुए बेहतर स्ट्राइक रेट के आधार पर ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। एक घंटे बाद एसआरएच के सलामी बल्लेबाज अभिोक शर्मा 29 गेंदों में 57 रन बनाकर बल्लेबाजी तालिका में सबसे ऊपर पहुंच गए। आठ पारियों में चौथी बार 50 से अधिक स्कोर बनाकर अभिोक अब 380 रन के साथ बल्लेबाजी तालिका में शीर्ा पर हैं, जो सूर्यवंशी और राहुल दोनों से 23 रन ज्यादा हैं। हाइनरिक क्लासन ने एसआरएच की जीत में 29 रन बनाकर शीर्ा पांच में अपनी जगह मजबूत की और चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके नाम 349 रन हैं और वह कोहली से थोड़ा आगे हैं। बविराट कोहली (320 रन) 24 घंटे के भीतर पहले स्थान से फिसलकर पांचवें स्थान पर पहुंच गए, क्योंकि शनिवार को पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रन का लक्ष्य हासिल किया, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने भी राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ 229 रन का पीछा किया। पर्पल कैप मामले में एसआरएच के तेज गेंदबाज इशान मलिंगा ने आरआर के खिलाफ दो विकेट लेकर 38 रन दिए और अब चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज के बेहद करीब पहुंच गए हैं। मलिगा ने यशस्वी जायसवाल और डोनोवन फरेरा को आउट किया। दोनों गेंदबाजों के नाम अब 14 विकेट हैं।

## दिल्ली को अपनी कैचिंग में करना होगा सुधार

**आरसीबी के खिलाफ मुकाबला आज अरुण जेटली स्टेडियम में**



**नई दिल्ली, वार्ता।** रिकॉर्ड स्कोर बनाने के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स को पंजाब किंग्स के खिलाफ कल हार का सामना करना पड़ा और अब सोमवार को मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ यहां अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन के 39वें मैच में उसे अपनी फील्डिग, खास तौर पर कैचिंग में सुधार करना होगा तभी वह जीत की उम्मीद कर पाएगा।

इस मुकाबले में सभी की निगाहें पूरी तरह से केएल राहुल पर टिकी हैं, जिनकी रिकॉर्ड तोड़ फॉर्म इस टूर्नामेंट की सबसे बड़ी चर्चा का विाय रही है। पंजाब के खिलाफ 152 रनों की शानदार नाबाद पारी खेलने वाले-जो आईपीएल के इतिहास में किसी भी भारतीय खिलाड़ी का अब तक का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है, राहुल दिल्ली की बल्लेबाजी की रीढ़ बनकर उभरे हैं। उन्होंने इस सीजन में कई मैचों में अकेले दम पर टीम को जीत दिलाई है। सात पारियों में 357 रन और एक बेहतरीन स्ट्राइक रेट के साथ, क्रीज पर उनका दबदबा बेजोड़ रहा है।

फिर भी, दिल्ली के अभियान की विडंबना यह है कि राहुल के शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम को लगातार जीत नहीं मिल पाई है। पंजाब किंग्स के हाथों मिली करारी हार-जिसमें दिल्ली 264 रनों के विशाल स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही, ने एक गहरी समस्या को उजागर किया है: एक कमजोर गेंदबाजी आक्रमण, जो टीम की विस्फोटक बल्लेबाजी का साथ देने में संघर्ा कर रहा है।

नीतीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स और अन्य खिलाड़ियों के योगदान से टीम को कुछ सहारा तो मिला है, लेकिन राहुल पर टीम की अत्यधिक निर्भरता अभी भी साफ नजर आती है। इसके बिल्कुल विपरीत, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम है, जिसने संतुलन और सामूहिक ताकत के दम पर शानदार प्रदर्शन किया है। सात मैचों में पांच जीत के साथ, उन्होंने अपने अभियान को किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर रहने के बजाय, खेल के सभी विभागों में लगातार अच्छे प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया है। विराट कोहली ने बल्ले से मोर्चा संभालते हुए 328 रन बनाए हैं।

## हम हारना डिजर्व करते हैं: अक्षर पटेल



**नई दिल्ली, वार्ता।** शनिवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने जब 264 रन का एक विशाल स्कोर खड़ा किया था, तो किसी को भी नहीं लगा था कि पंजाब किंग्स इस मैच को सात गेंद शो रहते ही जीत जाएगी। लेकिन प्रभसिमरन सिंह के 26 गेंदों में 76 और कप्तान श्रेयस अय्यर की 71 रनों की पारी की मदद से पंजाब ने मैच को छह विकेट से आसानी से जीत लिया।

इस दौरान सब फील्डर करुण नायर ने श्रेयस के 29 और 35 के स्कोर पर दो कैच छोड़े, जबकि प्रभसिमरन का भी एक कठिन और एक थोड़ा आसान कैच डीसी के फील्डरों ने छोड़े। इसके अलावा प्रियांश आर्य, कूपर कॉनॉली और शशांक सिंह का भी कैच डीसी के फील्डरों द्वारा छोड़े गए। वहीं पारी के तीसरे ओवर में ऐसा ही एक कठिन कैच लपकने के चक्कर में उनके तेज गेंदबाज लुंगी एन्गिडी चोटिल होकर मैच से बाहर हो गए, जिनके चार ओवरों की कमी उन्हें पूरे मैच के दौरान खली। मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए डीसी के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि हम लगातार वही गलतियां दोहरा रहे हैं। इस तरह की पिच पर अगर आप अपने गेंदबाजों को सपोर्ट नहीं करेंगे और इतने सारे मौके देंगे, तो मुझे लगता है कि हम ऐसी हार डिजर्व करते हैं। इसके अलावा हमारी बोलिग यूनिट ने जिस तरह से पावरप्ले में गेंदबाजी की, उसे भी हमें देखना होगा। इस पिच पर 264 का स्कोर बहुत अच्छा स्कोर था, बस हमें ए मौके नहीं गंवाने चाहिए थे और थोड़ी बेहतर गेंदबाजी करनी चाहिए थी। पंजाब ने पावरप्ले में 116 रन बनाए, जो कि इस चरण में आईपीएल का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। यह डीसी की इस सीजन सात मैचों में चौथी हार थी, इसमें एक मैच वह भी शामिल है, जब उन्होंने अपने होमग्राउंड पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ एक रन से मैच गंवाया था। अक्षर ने कहा कि अगर हम जो अहम मोमेंट है, उसको अपने पक्ष में कर लेते, तो दो-तीन मैचों के परिणाम हमारे पक्ष में होते। आगे हमें उन्हीं महत्वपूर्ण पलों को अपना बनाना होगा। ऐसा नहीं हो सकता कि आप हमेशा गलती करते रहो और फिर बेहतर परिणाम की उम्मीद करो। हम अब वापस जाएंगे और मूल्यांकन करेंगे कि और क्या बेहतर कर सकते हैं। डीसी के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट वेणुगोपाल राव ने भी मैच कॉन्फ्रेंस में अपने कप्तान की बातों को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि हमने कुछ कैच गंवाए, जो कि हमारे दो अंक गंवाने का प्रमुख कारण था। हमने लगभग छह कैच गंवाए। अगर आप महत्वपूर्ण मौकों पर ऐसे कैच, वह भी प्रभसिमरन और श्रेयस जैसे खिलाड़ियों को गंवाते हो, तो मुझे नहीं लगता कि हम मैच जीत सकते हैं। हमें ऐसे कैचों को लपकने की जरूरत है। यह इस सीजन सात मैचों में चौथी बार था, जब डीसी के गेंदबाजों के खिलाफ 200 से अधिक रन बने। तो क्या यह सिर्फ खराब फील्डिग के कारण था या डीसी को अपनी गेंदबाजी में भी बहुत सुधार की जरूरत है? राव ने कहा कि अगर हम 264 रन बनाकर भी स्कोर को डिफेंड नहीं कर पा रहे हैं, तो इसका मतलब है कि गेंदबाजी में भी कई चीजों पर काम करने की जरूरत है। हमें अपनी पावरप्ले गेंदबाजी और कैचिग को बेहतर करने की जरूरत है। इसके अलावा हमने एन्गिडी के 24 गेंदों, उनके चार ओवरों को मिस किया। उन्होंने पिछले सभी मैचों में चार ओवर गेंदबाजी की है और अपनी स्लोअर गेंदों और अनुभव से बल्लेबाजों को परेशान किया है। उम्मीद है कि वह जल्द ही रिकवर होकर वापस मैदान पर लौटेंगे। हमें पता है कि जबसे यह इंपैक्ट प्लेयर का नियम आया है।

## डीएलडब्ल्यूक्यू के खिलाड़ियों ने कुल 24 स्वर्ण पदक जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली एमेच्योर वुशु एसोसिएशन द्वारा आयोजित 23वीं दिल्ली राज्य वुशु चैम्पियनशिप के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने ताओलु एवं सांडा स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को अत्यंत रोमांचक बना दिया। दूसरे दिन सब-जूनियर एवं जूनियर वर्ग (बालक एवं बालिका) की सांडा (शानशू) प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए।

ताओलु स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उच्च स्तर की तकनीक और संतुलन का प्रदर्शन किया। ताओलु स्पर्धाओं में डीएलडब्ल्यूक्यू का दबदबा देखने को मिला, जहां खिलाड़ियों ने कुल 24 स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेठता सिद्ध की। वहीं सांडा स्पर्धाओं में टीएमएआई, बुद्धा वुशु क्लब एवं अन्य इकाइयों के खिलाड़ियों ने उत्कृट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में पदक प्राप्त किए।

प्रतियोगिता के दौरान सब-जूनियर गर्ल्स वर्ग में 24 किंग्रा में आराध्या (बुद्धा वुशु क्लब), 28 किंग्रा में राशिका (शिवाजी स्पोर्ट्स), 32 किंग्रा में आरुा (बुद्धा वुशु अकादमी) तथा अन्य वर्गों में खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी प्रकार सब-जूनियर बॉयज वर्ग में 24 किंग्रा में अहिल खान (एनसीडब्ल्यू), 28 किंग्रा में प्रिंस (एनडब्ल्यूसी), 32 किंग्रा में शिवम (टीएमएआई), 36 किंग्रा में देव (आरके स्पोर्ट्स) सहित अन्य खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

## 'सूर्यवंशी मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है': पैट कमिंस

**हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने कहा सूर्यवंशी के खेल ने मुझे बहुत ज्यादा प्रभावित किया**



**जयपुर, वार्ता।** बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी के चाहने वालों में एक नाम और जुड़ गया है। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस उनके नए चाहने वाले हैं और उनका कहना है कि सूर्यवंशी उनका नया पसंदीदा खिलाड़ी है। हालांकि सूर्यवंशी की टीम राजस्थान रॉयल्स को कल हैदराबाद से हार का सामना करना पघ। सूर्यवंशी ने इस मैच में शतक बनाया लेकिन यह जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था।

सूर्यवंशी का 36 गेंदों में बनाया गया शतक - जो आईपीएल के इतिहास का तीसरा सबसे तेज शतक है - राजस्थान रॉयल्स को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था, लेकिन इसने विरोधी टीम के कप्तान को भी इस बात से बहुत प्रभावित किया कि 15 साल का यह खिलाड़ी अभी से क्या-क्या कर सकता है। कमिंस ने सूर्यवंशी के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि वह मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है। वह गेंद को इतनी जोर से मारता है कि उसे देखना बहुत अच्छा लगता है, इसमें बहुत मजा आता है। एक गेंदबाज के तौर पर आपको बिल्कुल सटीक गेंद डालनी होती है, क्योंकि अगर आप ऐसा नहीं करते, तो गेंद बहुत दूर तक जाती है। इसलिए वह बहुत प्रभावशाली है। हां, उसने अपने करियर की शानदार शुरुआत की है और हां, मुझे उसका खेलने का तरीका बहुत पसंद है, जिस तरह वह खेल को अपने हाथ में लेता है। कमिंस ने सूर्यवंशी को जो पहली गेंद डाली, वह छक्के के लिए बाउंड्री के पार चली गई, इसने इस युवा खिलाड़ी की एक और निडर पारी की नींव रख दी। अब वह इस टूर्नामेंट के कुछ बेहतरीन गेंदबाजों - जिनमें जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, मार्को यानसन, जोश हेजलवुड और अर्शदीप सिंह शामिल हैं - के खिलाफ भी काफी सहज नजर आ रहा है। रिहैब से लौटने के बाद इस सीजन का अपना पहला मैच खेल रहे कमिंस ने आईपीएल में हाल ही में बन रहे रनों की भारी संख्या को लेकर चल रही बहस पर भी अपनी राय दी। अकेले शनिवार को ही खेले गए दो मैचों में कुल 986 रन बने। जब कमिंस से पूछा गया कि क्या इस टूर्नामेंट में बल्ले और गेंद के बीच बेहतर संतुलन की जरूरत है, तो उन्होंने कहा कि देखिए, शायद। मुझे लगता है कि चीजें जैसी हैं, वैसी ही रहेंगी। पिचें भले ही सपाट हों, लेकिन यह सिर्फ 20 ओवर का खेल है - आप जानते ही हैं - इसलिए यह कोई टेस्ट मैच नहीं है जहां पिच सपाट हो और बल्लेबाजों को पांच दिनों तक बल्लेबाजी करने का मौका मिले, इसलिए मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। इसमें हर गेंदबाज को ज्यादा से ज्यादा चार ओवर ही मिलते हैं। हां, यह ठीक है। चीजें जैसी हैं, वैसी ही रहेंगी। उन्होंने कहा, जाहिर है, हमने अपनी टीम इस तरह बनाई है कि हम अपनी बैटिंग से बड़ा स्कोर खड़ा कर सकें, और एक बॉलर के तौर पर यह हमारी जम्मिेदारी है कि हम विरोधी टीम के रन कम से कम रखें। आज के स्कोर शायद कुछ साल पहले के स्कोर से थोड़े अलग दिखते हैं, लेकिन इसका मूल विचार अभी भी वही है। हां, मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। जब उनसे खास तौर पर सपाट पिचों पर, जहां बाउंड्री छोटी होती हैं, लंबी बैटिंग लाइन-अप के खिलाफ बॉलिग करने के बारे में पूछा गया, तो कमिंस ने कहा कि वह इसे निराशा के बजाय एक चुनौती के तौर पर देखते हैं। कमिंस ने कहा,यह ठीक है, यह एक अच्छी चुनौती है। आप जानते हैं, हो सकता है कि आपके कुछ ओवर खराब चले जाएं, लेकिन आपको लगता है कि अगर आप वापसी करके डेथ ओवर में सचमुच अच्छी बॉलिग करते हैं, तो वह मैच जिताने वाला साबित हो सकता है। इसलिए मुझे असल में लगता है कि कुछ मायनों में इससे हम बॉलर्स पर से दबाव कम हो जाता है, क्योंकि हमें पता होता है कि हमारी बैटिंग लाइन-अप किसी भी स्कोर का पीछा कर सकती है, भले ही स्कोर कितना भी बड़ा क्यों न हो। आपको लगता है कि चारों ओवर बहुत ज्यादा जरूरी हैं, और आप जानते हैं, एक विकेट या एक सचमुच अच्छा ओवर उतना ही अहम हो सकता है, जितना कि कम स्कोर वाले मैच में एक अच्छा स्पेल होता है। यह ठीक है। यह दोनों टीमों के लिए एक जैसा ही है। मुझे लगता है कि आपको अभी भी पांच सचमुच अच्छे बॉलर्स की जरूरत होती है।

# नाबालिगों को भगाने वाले दो गिरफ्तार, किशोरी सकुशल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कोतवाली पुलिस ने दो नाबालिग किशोरियों को बहला-फुसलाकार भागने वाले दो आरोपियों को दबोच कर किशोरियों को भी सकुशल बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली भगवानपुर क्षेत्र में दर्ज मामले में हरिद्वार पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद कर लिया है तथा इस घटना में शामिल 02 आरोपियों को भी हिरासत में लिया गया है। वादी ने तहरीर देकर बताया गया था कि उसकी नाबालिग पुत्री व भतीजी घर से बिना बताए लापता हो गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया। एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मंगलौर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों व हाईवे के ब्ब्ट कैमरे खंगाले व डिजीटल सर्विलांस का सहारा लिया लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप दिनांक 25-04-2026 को आरोपी मोहित कुमार को बिजनौर से हिरासत में लेकर नाबालिग भतीजी को बरामद किया गया। दिनांक 26-04-2026 को आरोपी नितीश उर्फ मन्नू को बिजनौर से हिरासत में लेकर नाबालिग पुत्री को सकुशल बरामद किया गया। दोनों के विरुध्द अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। नाम पता आरोपित- मोहित कुमार पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम भरेका गजरौला पैमार, थाना कीरतपुर, बिजनौर, नितीश उर्फ मन्नू पुत्र कलीराम निवासी ग्राम भरेका गजरौला पैमार, थाना कीरतपुर, बिजनौर है।



# डाडा जलालपुर में राशन डीलर सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** विधानसभा क्षेत्र के डाडा जलालपुर ग्रामीणों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव के राशन डीलर को निलंबित कर दिया है। आरोप है की शिवलाल राशन डीलर द्वारा सरकारी राशन का गबन किया जा रहा था और पात्र लाभार्थियों को पूरा अनाज नहीं दिया जा रहा था।

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की थी, जिसके बाद जांच कराई गई। जांच में अनियमितताएं सही पाए जाने पर जिला धिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित डीलर के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गरीबों के हक पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से गांव में हड़कंप मच गया है, वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि अब उन्हें नए डीलर से सही मात्रा में राशन मिल सकेगा।

# 3.12 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत हरिद्वार पुलिस की कार्यवाही जारी है। इसी के तहत कलियर पुलिस टीम ने 3.12 ग्राम अवैध स्मैक के साथ 01 तस्कर को दबोचा है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

जानकारी के अनुसार नशा मुक्त देवभूमि-2026 अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थो/नशा तस्करो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पिरान कलियर की पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान कलियर मेला ग्राउण्ड के पास से शोयब अली पुत्र मौहम्मद हनीफ निवासी पिरान कलियर हरिद्वार को 3.12 ग्राम अवैध स्मैक के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कलियर में इधर-उधर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में बेचकर अपना खर्चा चलाता है। आरोपी के विरुद्ध मु0अ0सं0 82/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पकड़े गए आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास है।

# लोगों को सम्मोहित कर धोखाधड़ी करने वाले को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंग नहर कोतवाली पुलिस ने एक जालसाज को गिरफ्तार किया है जो भोली भाली जनता को सम्मोहित करके धोखाधडी करने वाले अभियुक्त को कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। बुजुर्ग महिला को बनाया था शिकार, डरी सहमी बुजुर्ग महिला की तहरीर पर किया गया था मुकदमा पंजीकृत।

जानकारी के अनुसार पीडिता बुजुर्ग महिला निवासी कोतवाली गंगनहर क्षेत्रान्तर्गत की तहरीर बाबत दिनांक 24.04.2025 को वादिनी/पीडिता सब्जी मण्डी रूडकी से सब्जी लेकर वापस अपने घर की ओर आने पर रास्ते में 01 अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे सम्मोहित करके उसके साथ धोखाधडी करते हुए उसका बैंग जिसमें 01 मोबाईल, 6-7 हजार रूपये , आईकार्ड, घर की चाबीया को ले जाने के सम्बन्ध में कोतवाली गंगनहर पर मु0अ0सं0 145/2026 धारा 318(4) बीएनएस में पंजीकृत कर सूचना उच्चाधिकारीगण को प्रेषित की गयी। कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर घटना का किया गया अनावरण वरिष्ठ नागरिक महिला के साथ हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के अनावरण हेतु दिये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय व क्षेत्राधिकारी रूडकी महोदय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गगंनहर मणि भूषण श्रीवास्तव द्वारा पुलिस टीमो का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा ठोस सुरागरसी पतारसी तथा सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन तथा मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 26.04.2026 को कब्रिस्तान जाने वाले रास्ते से 01 संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया पकडे गये व्यक्ति से उसका नाम पता पूछा गया तो उसके द्वारा अपना नाम सतपाल पुत्र रामशरण निवासी मांझीपुर छुटमलपुर सहारनपुर बताया जिसकी जामा तलाशी से महिला पीडिता का मोबाइल सैमसंग बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह बुजुर्ग लोगो को सम्मोहित करके उनके पास से धोखाधडी कर नगदी व सामान ले लेता है बरामदी के आधार पर धारा 317(2) की बढोत्तरी की गयी। अभियुक्त को बाद आवश्यक कार्यवाही माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। नाम पता अभियुक्त-सतपाल पुत्र रामशरण निवासी मांझीपुर छुटमलपुर सहारनपुर है। पुलिस टीम का विवरण-उ0नि0 राजीव उनियाल- अपर उपनिरीक्षक मनीष कवि-हे0 का0 बाबूराम भाष्कर-का0 मनमोहन (सीआईयू रूडकी)- का0 महिपाल (सीआईयू रूडकी)-हो0गा0 जयकान्त शामिल रहे।



# मंगलौर क्षेत्र में विद्युत कटौती व जर्जर तारों से आमजन परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर क्षेत्र में बिजली कटौती और जर्जर तारों से जनता त्रस्त है। अधिकारियों की अनदेखी के बीच विद्युत विभाग की लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया।

शनिवार की देर शाम नगर के मोहल्ला पठानपुरा में जर्जर बिजली के तारों में आग लगने की सूचना पर पहुंचे विद्युत कर्मचारी नशे की हालत में थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब कर्मचारियों को समझाने की कोशिश की गई तो वे गाली-गलौच और बदसलूकी पर उतर आए। कुछ देर हंगामे के बाद बिना मरम्मत किए ही मौके से चले गए। लोगों का सवाल है कि अगर नशे की हालत में काम के दौरान कोई हादसा हो जाता तो उसका जिम्मेदार कौन होता विधानसभा मंगलौर क्षेत्र में गर्मी के मौसम में भी रोज 2 से 3 घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। कई बार रात के समय अघोषित कटौती हो जाती है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को सोने में परेशानी होती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जर्जर तारों के कारण आए दिन शॉर्ट सर्किट और आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि बिजली कटौती तुरंत बंद की जाए और जर्जर तारों को बदला जाए। साथ ही नशे की हालत में ड्यूटी पर आने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो।

# कबाड़ के गोदाम में आग लगने से अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** स्थित टाटा धर्म कांटे के पास शनिवार को कबाड़ के एक गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि कुछ ही मिनटों में लपटें आसमान छूने लगीं और पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पास जाना भी मुश्किल था। हालांकि, फायर ब्रिगेड के जवानों ने जांबाजी दिखाते हुए आग को फैलने से रोक दिया। टीम की तत्परता और सूझबूझ के कारण आसपास स्थित अन्य गोदामों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने आशंका जताई कि भीषण गर्मी के कारण आग लगी है, हालांकि आग लगने के सही कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की जांच कर रहे हैं।



# बिनारसी दोहरे हत्याकांड में एक और फरार को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** बिनारसी दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने एक और वांछित को दबोच लिया है। हत्या के मामले में अपनी गिरफ्तारी से बचने को लेकर काफी समय से फरार चल रहा था।

जानकारी के अनुसार रविदास जयंती शोभायात्रा सकुशल संपन्न होने के उपरान्त शाम को समय करीब 17.00 बजे पुरानी रंजिश को लेकर अभियुक्त विशाल द्वारा अपने सह अभियुक्तो के साथ मिलकर गाँव के ही युवक आनंद की गोली मरकर हत्या कर दी थी जिसके पश्चात आनंद के परजनों व उसके परिवार के अन्य लोगों द्वारा आक्रोशित होकर विशाल पक्ष के मांगेराम पुत्र चमनलाल उम्र 55 वर्ष की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी गयी थी तथा विशाल पक्ष के लोगों के घरों में आगजनी कर तोडफोड़ कर शान्ति व्यवस्था भंग की गयी थी। दोनों पक्षों की तहरीर पर थाना भगवानपुर पर सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कए गए। दर्ज मुकदमों में गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये दोनो पक्षो से वर्तमान तक 17 आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया था तथा वांछित की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीमे बनाई गई थी।

# लंढौरा में शिशु बेचने की सूचना पर मचा हड़कंप, पूछताछ की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** कस्बा स्थित एक अस्पताल में प्रसव के बाद शिशु बेचने की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। छानबीन करने पर पता चला कि शिशु माता पिता के पास ही है। पुलिस दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है।

भलस्वा निवासी दिलशाद की शादी लंढौरा निवासी युवक के साथ हुई है। 19 अप्रैल को पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर उसने बीवी को लंढौरा में जौरासी मार्ग पर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल संचालक तमरेज का कहना है कि बच्ची कमजोर होने के कारण उसे मशीन में रखवाया गया था। अस्पताल संचालक का कहना है कि माता पिता बच्ची को छोड़ घर चले गए। बाद में बच्ची को सहारनपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पांच दिन बाद बच्ची के पिता ने मंगलौर कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि अस्पताल संचालक के बच्ची को सहारनपुर में बेच दिया है। सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। छानबीन करने पर पता चला कि बच्ची माता पिता के पास ही है। चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल का कहना है कि बच्ची के पिता ने खुद पुलिस चौकी पहुंच कर बताया है कि बच्ची उसी के पास है। चौकी प्रभारी का कहना है कि अस्पताल संचालक और बच्ची के पिता को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।

# शानदार रहा वासुदेव लाल मैथिल सरस्वती विद्या मंदिर का परिणाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वासुदेव लाल मैथिल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का इस वर्ष का बोर्ड परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय का हाई स्कूल परीक्षाफल 99% तथा इंटरमीडियेट का परीक्षाफल 95% रहा, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है।

हाई स्कूल में कुल 91 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 90 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि 1 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहा। सृष्टि सैनी ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडियेट में कुल 75 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 3 विद्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। 72 परीक्षार्थियों में से 68 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि 4 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे, इंटरमीडिएट में खुशी सैनी ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम पर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रधानाचार्य ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# मोडिफइड साइलेन्सर लगाने पर बुलट सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत बुलेट से पटाके फोड़ने पर पुलिस का एक्शन जारी है। मोडिफाईड साईलेन्सर लगाने पर एक बुलट को सीज कर दिया है।

भगवानपुर क्षेत्र से कुछ लड़कों के बुलेट पर मोडिफाईड साईलेन्सर लगाकर मोटर साईकिल से पटाको की तेज आवाज फोडने की सूचना पर पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान चलाकर बुलेट मो0सा0 को बिना डीएल, बिना रजिस्ट्रेशन, बिना हैलमेट, के मोडिफाईड साईलेन्सर लगाकर इस्तेमाल करने पर सीज किया।

# शांति भंग के आरोप में 12 लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत मंगलौर पुलिस ने शनिवार रात शांति भंग करने के आरोप में 12 लोगों को गिरफ्तार किया।

कोतवाली प्रभारी भगवान मेहर ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार रात कोतवाली क्षेत्र के तुगलपुर, नारसन कला, भनेडा और मंगलौर में जमीनी विवाद को लेकर झगड़े की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस की अलग-अलग टीमें मौके पर पहुंची। पुलिस ने पहले आरोपियों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी मानने को तैयार नहीं हुए। लगातार हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने मौके से ही सभी 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विभांशु, राहुल, अमित कुमार, राकेश कुमार, सहेंद्र, जॉनी कुमार, राजेंद्र, जिशान, आकाश उर्फ काका, अरसलान, असलम और नदीम शामिल हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई की गई है।

# दरगाह क्षेत्र में हुड़दंग करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कोतवाली पिरान कलियर पुलिस ने "ऑपरेशन प्रहार" के तहत दरगाह साबिर पाक क्षेत्र में गश्त के दौरान सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग कर रहे चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनका चालान किया। पुलिस के अनुसार, ये सभी लोग क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग कर रहे थे और आने-जाने वाले लोगों के लिए असुविधा उत्पन्न कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ उत्तराखंड पुलिस अधिनियम की धारा 81 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। पकड़े गए व्यक्तियों में अभिषेक (20), महफूज (30), फिरोज खान (36) और शेर अली (27) शामिल हैं, जो सभी पिरान कलियर क्षेत्र के निवासी हैं। यह कार्रवाई उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में की गई, जिसमें हेड कांस्टेबल जमशेद अली तथा होमगार्ड प्रदीप कुमार और ललित कुमार भी शामिल रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि धार्मिक स्थलों के आसपास शांति बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# सिविल अस्पताल में आयरन इंजेक्शन खत्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए जरूरी आयरन इंजेक्शन का स्टॉक खत्म होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में इंजेक्शन न होने के कारण महिलाओं को बाहर की मेडिकल दुकानों से महंगे दामों पर इंजेक्शन खरीदकर लाने पड़ रहे हैं। पिछले एक महीने से अस्पताल में आयरन इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। शहर और देहात से रोजाना बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं जांच और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचती हैं लेकिन उन्हें बिना इंजेक्शन के ही लौटना पड़ता है। इंजेक्शन न होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह स्थिति और भी मुश्किल खड़ी कर रही है। शुक्रवार को कलियर से पत्नी को इलाज के लिए लेकर आए तसलीम ने बताया कि लेबर रूम में आयरन इंजेक्शन खत्म कहकर चिकित्सक ने पर्ची पर लिखकर बाहर से लाने के लिए कहा। तसलीम ने बताया कि जब वह मेडिकल से इंजेक्शन लेने गए तो वहां से उनको दो इंजेक्शन के 450 रुपये देने पड़े। एक महिला के तीमारदार ने बताया कि स्टोर पर आयरन इंजेक्शन काफी महंगे दामों पर मिल रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए इंजेक्शन खरीदना मुश्किल हो रहा है। आयरन इंजेक्शन का स्टॉक देहरादून में पता किया तो वहां पर इंजेक्शन का स्टॉक खत्म है।

# तीन किसानों के खेत से 1500 मीटर तार चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र में चोरों ने अलग-अलग स्थानों से 1500 मीटर विद्युत तार चोरी कर लिया। विभाग ने लक्सर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। लक्सर क्षेत्र में तार चोरी की घटनाएं थम नहीं रहीं हैं। ऊर्जा निगम के जेई मनोज कुमार सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छह अप्रैल की रात को चोरों ने महाराजपुर कलां गांव में मंजीत सिंह के खेत में जा रही 750 मीटर एसीएसआर विजल कंडक्टर और 350 मीटर एलटी एबी तार चोरी कर लिया। सुबह किसानों के खेत में जाने पर चोरी का पता लगा। वहीं, ऊर्जा निगम के जेई अश्वनी कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 मार्च की रात को चोरों ने गांव निवासी धीर सिंह और एक महिला के खेतों में ट्यूबवेल पर जा रहा 650 मीटर तार चोरी कर लिया।

## रुड़की के अभिनव देशवाल ने शूटिंग में बढ़ाया मान

# अब तक जीत चुके हैं 40 राष्ट्रीय पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर के होनहार निशानेबाज अभिनव देशवाल ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन के दम पर शूटिंग खेलों में नई पहचान बनाई है।

अभिनव अब तक करीब 40 राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। वर्ष 2022 में ब्राजील में आयोजित डेफलिम्पिक्स में उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया।

इसके बाद वर्ष 2024 में जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड डेफ शूटिंग चौंपियनशिप में उन्होंने पांच पदक अपने नाम किए। इनमें 10 मीटर एयर पिस्टल, 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल और 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धाएं शामिल रहीं। अभिनव के पिता मनोज देशवाल ने कहा कि बेटे की इस सफलता के पीछे उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और परिवार का निरंतर सहयोग है। उन्होंने बताया कि अभिनव ने हमेशा चुनौतियों को अवसर में बदलकर आगे बढ़ने का प्रयास किया है। उन्हें बेटे की उपलब्धियों पर गर्व है। वर्ष 2026 में अभिनव ने ओपन कैटेगरी में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एशियन चौंपियनशिप में 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में उन्होंने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। वहीं, हाल ही में आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2026 (काहिरा) में उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया। वरिष्ठ पत्रकार एवं कांग्रेस नेता सुभाष सैनी ने अभिनव देशवाल और शौर्य सैनी को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।स्वागत समारोह में बड़ी तादाद में क्षेत्र के प्रतिष्ठित जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।



# प्रांतीय डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन की रुड़की में बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रांतीय डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन उत्तराखंड की प्रांतीय बैठक का आयोजन रुड़की में किया गया। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष सुभाष कोहली व संचालन प्रांतीय महामंत्री व रुड़की महामंत्री सुशील गुलाटी द्वारा संयुक्त रूप से किया गय।

जानकारी के अनुसार बैठक में उत्तराखंड के सभी नगरों की एसोसियेशन के पदाधिकारी ने अपनी समस्याएं प्रांतीय पदाधिकारी के समक्ष रखी तथा प्रांतीय अधिकारियों ने उन सभी समस्याओं का निराकरण करने का पूर्ण आश्वासन दिया। ऑनलाइन शॉपिंग बंद होनी चाहिए या उनके ब्रांड हमसे अलग हो, कंपनी वाले बिना बिना डिस्ट्रीब्यूटर के सूचना दिए अपना नया डिस्ट्रीब्यूटर बना देते हैं जो कि नियम के विरुद्ध है।

बैठक में नितिन शर्मा ,सुशील गुलाटी, मानवेंद्र सजवान, अरुण कालरा ,आशीष कुमार ,कमल कुमार ,विनोद मित्तल, संजीव आहूजा, राम नारायण सतीजा, सुरेंद्र सपरा, भारत भूषण, कमल आहूजा मनोज अरोड़ा, दिनेश बत्रा, मुकुल अरोड़ा राजन शर्मा, शैलेश सिंगल, अनुज शर्मा विजेंद्र छाबड़ा आदि उपस्थित रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 27 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# हमला या साजिश

यह खबर वास्तव में डराने वाली भी है, चौंकाने वाली भी और हैरान करने वाली भी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर व्हाइट हाउस कॉरोसपोंडेंट डिनर के दौरान एक हमलावर ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति पूरी तरह सुरक्षित हैं और सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने तुरंत उन्हें वहां से सुरक्षित बाहर निकाला। देखने वाली बात यह भी है कि जिस समय यह हमला हुआ, उस समय डिनर पार्टी में ट्रम्प और उनकी कैबिनेट सहित 2500 प्रतिष्ठित मेहमान मौजूद थे। हमलावर की पहचान कैलिफोर्निया के टोरेंस निवासी कोल टामस एलन के रूप में हुई है। उसे जिंदा पकड़ लिया गया है। इस हाईप्रोफाइल कार्यक्रम में वॉलिंटर के रूप में काम कर रही हेलेन माबुस ने उन डरावने पलों को याद करते हुए बताया कि वहां सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं था और न ही निगरानी की जा रही थी। हमलावर एलन वाशिंगटन हिल्टन होटल में आया और सीधे उस बालरूम की ओर बढ़ा जहां राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रतिष्ठित मेहमान मौजूद थे और जब हमलावर ने हमला किया उस वक्त मेहमानों को सलाद परोसा जा रहा था। वॉलिंटर का कहना था कि स्थिति इतनी तनावपूर्ण थी कि कैबिनेट के सदस्यों को टेबल के नीचे शरण लेनी पड़ी। डीसी पुलिस प्रमुख जैफरी केरोल ने भी अपने बयान में कहा कि हमलावर के पास एक शॉटगन, एक हैंडगन और कई चाकू थे और इस हमले में एक कानून प्रवर्तन अधिकारी को गोली लगी, लेकिन बुलेट प्रूफ जाकेट के चलते उनकी जान बच गई। पुलिस प्रमुख के अनुसार यह एक लोन वुल्फ हमला हो सकता है। इसका मतलब है कि हमलावर ने अकेले ही साजिश को अंजाम दिया। कोल टामस एलन के बारे में यह भी जानकारी दी कि वह पेशे से टीचर है और उसे दिसंबर 2024 में टीचर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिल चुका है। ट्रम्प ने हमलावर को अपनी एक टिप्पणी में सनकी शख्स बताया है। जहां तक भारत की है, भारतीय पीएम मोदी ने इस गोलीबारी की घटना की निंदा की है, अपने सोशल मीडिया एक्स पर पीएम मोदी ने ट्रम्प, प्रथम महिला मेलानिया और उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स की सुरक्षा पर राहत जताई है और कहा है कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। देखने वाली बात यह भी है कि अब से पहले 13 जुलाई 2024 को भी ट्रम्प पर उस समय हमला हुआ था, जब वह चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। तब कहा गया था कि यह हमला ईरान ने कराया है। अभी भी सीधे ईरान का नाम तो नहीं लिया गया, लेकिन जिस तरह का बयान ट्रम्प ने दिया है वह इसी तरफ इशारा कर रहा है। उन्होंने कहा है कि उन पर हुआ यह हमला ईरान पर उनकी विजय को नहीं रोक सकता। इसलिए यह संदेह भी पैदा होता है कि कहीं यह हमला ईरान पर हमले का कारण तो नहीं बन जाएगा और यूं भी जिस तरह की जानकारी अब तक आई है वह बेहद अस्पष्ट है। एक सनकी पागल व्यक्ति इतनी हाईप्रोफाइल पार्टी में कैसे पहुंच सकता है। जो अमेरिका अपने राष्ट्रपति को लेकर विदेशों में भी चौकसी बरतता है, वह अपने यहां कैसे लापरवाह हो सकता है।

## बंगाल में तृणमूल का गुंडा राज चला रहा



कांग्रेस हिंसा पर भरोसा नहीं करती और अहिंसा के सिद्धांत को कलंकित करने वाली राजनीति के सामने झुकना नहीं जानती है, कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की तृणमूल से जुड़े गुंडों द्वारा की गई हत्या बेहद निंदनीय है, शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, पश्चिम बंगाल में आज लो. कतंत्र नहीं, तृणमूल का गुंडा राज चल रहा है, वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना, यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है, कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी और न कभी टिकेगी, हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है, यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प, हमारी मांग स्पष्ट है, अहिंसक परंपरा को कलंकित करने वाली राजनीति के सामने झुकेंगे नहीं, न्याय होकर रहेगा।

**–राहुल गांधी, नता विपक्ष, लोकसभा**

# मानवीय संवेदना का इतिहासकार

# फोटोग्राफर रघु राय



कई दशकों तक भारतीय राजनीति, इसके प्रमुख व्यक्तित्वों, प्रमुख घटनाओं को अपने कैमरे में कैद कर देश के समक. ालीन राजनीतिक इतिहास को एक जीवंत आयाम देने वाले महान फोटोग्राफर रघु राय का रविवार को निधन हो गया। अपने समय के सच को पूरी निडरता और सच्चाई के साथ दिखाने वाले इस फोटोग्राफर ने 23 की उम्र में पहली बार कैमरे पर हाथ आजमाया था, तब से लेकर पूरी जिदगी कैमरा उनके साथ ऐसे रहा, जैसे वह उनके शरीर का कोई अनिवार्य अंग हो। उनकी खिची हुई तस्वीरें देखकर अनायास ही यह महसूस हो जाता है कि अपने व्यू फाइंडर से तात्कालिक सच को देख पाने की उनमें अद्‌भुत क्षमता थी। व्यू फाइंडर उनकी आत्मा का ही विस्तार था, जिसके द्वारा वह अनदेखे को देखकर कैमरे में कैद कर लेते और उसे अमर जीवंत तस्वीर में बदल देते थे।

अब इसे इत्तेफाक कहें या नियति का खेल की उनका जन्म महात्मा गांधी द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन के बिगुल फूंके जाने के मात्र चार महीने बाद 18 दिसंबर 1942 को पंजाब के झंग में हुआ। यही वह समय था, जब भारत का इतिहास एक नए अध्याय में प्रवेश करने वाला था और बाद में युवा रघु राय इस नए अध्याय को अपने कैमरे से कैद करने वाले थे।

वह 1966 में प्रसिद्ध अंग्रेजी अखबार स्टेट्समैन में मुख्य फोटोग्राफर के रूप में शामिल हुए और मात्र एक साल बाद इंदिरा गांधी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी। यह एक ऐसा संयोग था, जिसने हम भारतीयों को इंदिरा गांधी की कई अमूल्य तस्वीरें दी। राय द्वारा श्रीमती गांधी की खींची गई तस्वीरें इतनी जीवंत और प्रभावी हैं कि केवल इन तस्वीरों के आधार पर श्रीमती गांधी की राजनीतिक करियर का इतिहास गढ़ा जा सकता है और यह तस्वीर केवल तथ्यों और आंकड़ों का इतिहास नहीं होगा। मानवीय पक्ष का इतिहास होगा। मंच पर खोई हुई सिमटी सी बैठी इंदिरा गांधी की तस्वीर एक ऐसे विरोधाभास को दर्शाता है, जिसमें आयरन लेडी चिताओं और अव्यक्त भय से घिरी हुई एक साधारण महिला नजर आती हैं– बेहद मानवीय, सुभेद्य। एक तरफ अपनी कुर्सी पर बैठी और चारों तरफ से पुरुष नेताओं से घिरी हुई इंदिरा गांधी पुरुष वर्चस्व वाली राजनीति को चुनौती देती नजर आती हैं, तो दूसरी तरफ अपने घर में सोनिया गांधी और बच्चों के साथ मुस्कराती हुई बेहद पारिवारिक महिला दिखती हैं। रघु राय की तस्वीरें जितनी जीवंतता से इंदिरा गांधी के भावों को कैद और अभिव्यक्त करती हैं, उतनी जीवंतता से कोई भी इतिहासकार इंदिरा के बारे में नही लिख पाएगा। इसलिए रघु राय महज एक फोटोग्राफर नहीं है, एक इतिहासकार हैं, जो इतिहास को तथ्यों से परे ले जाकर मानवीय बना देता है।

इतिहास को मानवीय पक्ष देने वाले इस महान फोटोग्राफर की एक अन्य तस्वीर ने पूरी त्रासदी को एक जीवंत प्रतीक में बदल दिया। भोपाल त्रासदी की वह तस्वीर जिसमें एक बच्चा मलबे के नीचे दबा हुआ है, सिर्फ उसका शुष्क चेहरा और अध-खुली आंखें दिख रही हैं, आज भी उस भयावह त्रासदी को जैसे अपनी पुरी नग्नता के साथ आंखों के सामने लाकर खड़ा कर देता है।

संपूर्ण क्रांति आंदोलन के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण पर लाठी चार्ज की तस्वीर हो या बंगलादेश मुक्ति संग्राम के समय लोगों के पलायन की तस्वीर, राय अपने समय के इतिहास की लगभग हर महत्वपूर्ण घटना को दर्ज करते चलते हैं। भिडरावाले की मृत्यु से मात्र एक दिन पहले की उनकी पोर्ट्रेट हो या मदर टेरेसा की मरीजों की सेवा करती हुई तस्वीर, वह मानवीय भावनाओं, डर और संवेदनाओं को पकड़ लेने में जैसे माहिर थे। इस लिहाज से वह एक मनोवैज्ञानिक लगते हैं, जो हाथ में कैमरा लिए अपने समय के लोगों की मनोदशाओं को कैद करता चलता है और मानवता का संवेदनशील दस्तावेज तैयार करता दिखता है। राय के इन्ही विशिष्ट और अद्‌भुत कार्यों के लिए भारत सरकार ने 1972 में उन्हें पद्‌म से नवाजा, लेकिन उनकी ख्याति केवल देश तक ही सीमित नहीं थी। उनके फोटो निबंध द न्यू यॉर्कर, द न्यूयॉर्क टाइम्स, टाइम, लाइफ, द इंडिपेंडेंट और कई अन्य प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशनों में समय-समय पर छपते रहे। राय को नेशनल ज्योग्राफिक में प्रकाशित उनके फोटो निबंध ह्यूमन मैनेजमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ इन इंडिया के लिए अमेरिका में फोटोग्राफर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फांसीसी सरकार ने भी उन्हें 2009 में ऑफिसर डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस से सम्मानित किया। देश-विदेश में ख्याति प्राप्त यह महान फोटोग्राफर भले ही आज इस दुनिया से चला गया हो, लेकिन उनका काम, उनकी आयताकार तस्वीरें दुनिया में हमेशा जीवित रहेंगी और अपनी पुरी प्रामाणिकता एवं सच्चाई के साथ कहती रहेगी– एक था रघु राय, जिसने कैमरे से इतिहास लिख दिया, मानवीय संवेदना का इतिहास।

**–भारत भूषण**

**यह लोकतंत्र की नींव, 'न्यायिक स्वतंत्रता' को हिला देता है। कुछ मामलों में भ्रष्टाचार सच्चा हो सकता है, लेकिन टाइमिंग संदिग्ध है। इससे राजनीति में 'कोऑर्शन' (दबाव) की संस्कृति बढ़ती है। जनता के मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या सत्ता हासिल करने का यही तरीका है? यह ट्रेंड छोटे दलों को खत्म करने और राष्ट्रपति शासन जैसी स्थितियां पैदा करने का खतरा बढ़ाता है। आम आदमी पार्टी के सांसदों का भाजपा में विलय स्वस्थ राजनीति को खतरे में डालता है। यह पार्टी की कमजोरियों को उजागर करता है। लेकिन इससे बड़ा सबक यह है कि भारतीय राजनीति में वैचारिक स्थिरता, आंतरिक लोकतंत्र और संस्थागत निष्पक्षता की जरूरत है।**

# सांसदों का सामूहिक पलायन : चेतावनी



**विनीत नारायण**

पिछले सप्ताह आम आदमी पार्टी के सात राजसभा सांसदोंने पार्टी छोड़कर भाजपा में स्वत: विलय कर लिया। पार्टी की कुल 10 राजसभा सीटों में से दो-तिहाई से अधिक सां. सदों का यह कदम संवैधानिक प्रावधान के तहत लिया गया, जिससे उन्हें अयोग्यता से बचने का रास्ता मिल गया। इनमें से छह पंजाब से चुने गए थे, जबकि एक दिल्ली से। यह घटना न केवल आम आदमी पार्टी के लिए करारा झटका है, बल्कि पंजाब की सत्तासीन पार्टी के भविष्य पर सवालिया निशान लगा रही है।

राघव चड्ढा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि आम आदमी पार्टी अब अपनी मूल विचारधारा से भटक गई है, लेकिन विपक्षी दलों और आम आदमी पार्टी ने इसे भाजपा का ऑपरेशन लोटस करार दिया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल ने इसे पंजाब के साथ धोखा बताया। सवाल यह है कि क्या यह महज व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का परिणाम है या पंजाब की राजनीति में बड़े बदलाव की शुरुआत?

पंजाब में आम आदमी पार्टी 2022 के विधानसभा चुनावों में भारी बहुमत से सत्ता में आई थी। भगवंत मान सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और रोजगार जैसे क्षेत्रों में कुछ उपलब्धियां गिनाती रही है, लेकिन 2027 के विधानसभा चुनावों से ठीक एक साल पहले यह सामूहिक पलायन पार्टी की स्थिरता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। इन सात सांसदों में चार प्रमुख पंजाबी चेहरे, हरभजन सिंह (क्रिकेटर), अशोक मित्तल (एलपीयू चांसलर), विक्रम साहनी और संदीप पाठक, का जाना न केवल संसदीय ताकत कम करता है बल्कि पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को भी कमजोर करता है।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वॉरिंग ने पहले ही चेतावनी दी है कि केजरीवाल की पार्टी के 50 विधायकों तक का पलायन हो सकता है। यदि ऐसा हुआ तो पंजाब में सरकार अल्पमत में आ सकती है। भाजपा, जो पंजाब में अभी कमजोर है, को यह घटना बड़ा नैतिक और संगठनात्मक बल प्रदान करेगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी कुमार के अनुसार, यह भाजपा को अकाली दल के साथ गठबंधन की मेज पर मजबूत स्थिति देगा। पंजाब की राजनीति में 'ऑपरेशन लोटस' की सफलता से भाजपा की छवि मजबूत होगी और मतदाताओं में यह धारणा बनेगी कि केजरीवाल की पार्टी का 'अंत' शुरू हो चुका है। दूसरी ओर, यह घटना पंजाब के किसान-मजदूर वोट बैंक को भी प्रभावित करेगी। उल्लेखनीय है कि आंदोलन से जन्मीं आम आदमी पार्टी की छवि को भ्रष्टाचार-मुक्त और आम आदमी की पार्टी के रूप में बनाया गया था। अब जब उसके प्रमुख चेहरे भाजपा में शामिल हो रहे हैं, तो जनता में निराशा फैल सकती है। पंजाब की राजनीति पहले से ही कांग्रेस, अकाली दल और आप पार्टी के त्रिकोणीय संघर्ष में फंसी है। इस पलायन से कांग्रेस को भी फायदा हो सकता है, लेकिन कुल मिलाकर विपक्षी एकता टूटने का खतरा बढ़ गया है। इस घटना ने अन्य विपक्षी दलों, कांग्रेस, टीएमसी, सपा, बसपा आदिको स्पष्ट संदेश दिया है कि भाजपा केंद्र की एजेंसियों का इस्तेमाल कर विपक्ष को तोड़ने की रणनीति पर अडिग है। 'ऑपरेशन लोटस' अब सिर्फ कर्नाटक, महाराष्ट्र या हरियाणा तक सीमित नहीं रहाय यह राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों की जड़ों को हिला रहा है। दलों को समझना होगा कि बिना आंतरिक लोकतंत्र, मजबूत संगठन और वैचारिक स्पष्टता के वे टिक नहीं सकते। आम आदमी पार्टी जैसी युवा पार्टी का टूटना साबित करता है कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा और संसाधनों की कमी पार्टियों को कमजोर बनाती है। वहीं आम जनता के लिए संदेश और भी गंभीर है। जब भी कोई नेता ईडीध्सीबीआई छापे के ठीक बाद पार्टी बदल लेता है, तो लोकतंत्र में विश्वास डगमगाता है। जनता सोचती है कि क्या ए नेता सच्चे सुधारक थे या सत्ता के लालची? पंजाब की जनता, जो पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और ड्रग समस्या से जूझ रही है, अब राजनी. तिक अस्थिरता का शिकार हो रही है। यह घटना राजनी. ति को एक 'धंधा' साबित करती है, जहां सिद्धांतों की जगह स्वार्थ हावी है, लेकिन एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि जनता अब ज्यादा सजग हो रही है। 2027 के चुनाव में मतदाता इन 'ट्रैक्टरों' को याद रखेंगे और वोट से जवाब देंगे। यह घटना आम आदमी पार्टी के लिए खतरे की घंटी है। पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में सत्ता संभाली, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर संगठन अभी भी कमजोर है। राघव चड्ढा जैसे चेहरे, जो पार्टी के प्रमुख प्रवक्ता थे, का जाना आंतरिक कलह को उजागर करता है। केजरीवाल की 'सुप्रीमो' शैली पर सवाल उठ रहे हैं। अशोक मित्तल पर ईडी के छापे के महज 10 दिन बाद उनका पलायन संदेहास्पद है। यदि पार्टी में सुधार नहीं हुआ, तो दिल्ली में भी 'डोमिनो इफेक्ट' शुरू हो सकता है। वहीं अन्य दलों के लिए भी यह एक संकेत है। भारतीय राजनीति में 'माइग्रेशन' की संस्कृति बढ़ रही है। भाजपा की मजबूत केंद्रीय शक्ति का फायदा उठाकर छोटी पार्टियां टूट रही हैं। यह लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरनाक है। जब विपक्ष कमजोर होता है, तो सत्ता का दुरूपयोग बढ़ता है। यह प्रवृत्ति 'एक पार्टी प्रभुत्व' की ओर ले जा रही है, जो बहुलवाद को नुकसान पहुंचाएगी। चिंता की बात यह है कि यह प्रवृत्ति ईडी/सीबीआई जैसी एजेंसियों की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाती है। जब यह संस्थाएं केवल विपक्ष पर सक्रिय नजर आती हैं और सत्ता पक्ष पर चुप रहती हैं, तो जनता में भरोसा कम होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या फिर भारतीय, भारतीयों पर गोली चलाएगा?



**पवन सिंह**

भारत दुनियां का इकलौता ऐसा देश है जहां भारतीयों का ही झुंड अपने आकाओं को खुश करने के लिए अपने ही लोगो पर गोलियां चलाता हुआ आगे बढ़ा है। अंग्रेजी हुकूमत ने अपने 200 साल के शासनकाल में यही किया। उसने भारतीयों को ही मांस के टुकड़े जैसी कुछ रियासतें फेंकी या चंद सिक्के उछाले और मात्र इतने ही उपकार पर गोरों के आगे भारतीयों ने नृत्य प्रस्तुतियां शुरू कर दीं। फिर ब्रिटिश हुकूमत ने भारतीयों को ही बतौर सैनिक और सिपाही भर्ती किया गया और उनके ही हाथों भारतीयों को फांसी पर लटकवाया या सामूहिक रूप से उनकी हत्याएं करवा दीं। यही हम भारतीयों का काला सच है। यह सच आज भी इतिहास में दर्ज है और कल भी दर्ज रहेगा। यही अंग्रेजी हुकूमत ने किया था और ठीक वैसा ही मौजूदा सत्ता कर रही है।

जो हालात बन रहे हैं उनका विश्लेषण करने से एक बात जो प्रथम दृष्टया समझ में आ रही है, वह यह कि आम जनता का एक बड़ा वर्ग और सरकारी सुरक्षाबलों के बीच एक जबरदस्त खाई पैदा हो चुकी है। मजदूर, किसान और छात्रों के छिट-पुट हुए संघर्ष और उनको जिस मंशा से हैंडिल किया जा रहा है, वह बतौर जर्नलिस्ट मेरी इस शंका को सच साबित कर रहा है जैसा कि मैंने लिखा है। आप को थोड़ी सी जहमत उठानी होगी और कुछ आंकड़े व तथ्य खोजने होंगे। सच आपको नजर आने लगेगा कि यह मैं किस आधार पर कह रहा हूं। आप विभिन्न राज्यों में पुलिस भर्ती की समयबद्ध प्रक्रिया को देखें और अन्य सरकारी नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न को देखिए, आप को एक नंगा सच दिखाई देगा। पुलिस भर्ती परीक्षा टाइम से, इंटरव्यू टाइम से, ज्वाइनिंग टाइम से, ट्रेनिंग टाइम से। न पेपर्स आऊट न कोई लफड़ा। करीब 2016 से लेकर वर्ष, 2026 में भाजपा शासित राज्यों में पुलिस बल रिक्त पदों पर जबरदस्त भर्तियां हुई हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद से पुलिस विभाग में रिकॉर्ड 2 लाख 19 हजार से अधिक भर्तियां हुईं। हाल ही में 60 हजार 244 कांस्टेबल के पदों पर भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई है। मध्य प्रदेश में भी पुलिस कांस्टेबल और अन्य पदों पर 2025-2026 के दौरान 22 हजार 500 से अधिक पदों को भरने की योजना के तहत भर्ती चल रही है। इसके अलावा गुजरात, हरियाणा, उत्तराखंड और असम जैसे भाजपा शासित राज्यों में भी समय-समय पर पुलिस में नियमित भर्तियां की गई हैं। आइए जरा अन्य सरकारी विभागों में भर्तियों की असलियत देखते हैं। पिछले कुछ वर्षों में अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के केवल प्रश्न पत्र ही लीक हुए हैं। भाजपा और उसके सहयोग शासित राज्यों में पेपर लीक की कई प्रमुख घटनाएं हुई हैं। बिहार में अमीन भर्ती, बीपीएससी और नीट परीक्षा का पेपर लीक होना प्रमुख घटनाओं में शामिल रहा है। गुजरात में पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ था, जिसमें पेपर माफियाओं द्वारा 5 लाख रुपये में पेपर बेचे जाने की बात सामने आई थी, लेकिन बाद में सुचारू रूप से सब ठीक कर लिया गय। झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में पेपर लीक हुए। राजस्थान में भाजपा सरकार के बनने के बाद 17 में से 19 प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने का दावा किया गया था, जिसके बाद SIT का गठन कर 100 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एक विश्लेषण के अनुसार, पिछले 7 वर्षों में भाजपा शासित राज्यों में 70 से अधिक पेपर लीक होने का दावा किया गया है, जिससे लगभग 1.5 करोड़ छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। भाजपा शासित राज्यों के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में लाखों की संख्या में पद रिक्त हैं। लाखों युवा संविदा पर नौकरी कर रहे हैं, लेकिन उनका कोई पुरसा हाल नहीं है। बंधुआ मजदूरों से भी बुरी हालत है।

वापस लौटते हैं अंग्रेजी हुकूमत की ओर। भारत में ब्रिटिश हुकूमत वर्ष, 1757 से वर्ष, 1947 तक रही। ब्रिटिश हुकूमत मुख्यत: 1757 में प्लासी के युद्ध के बाद शुरू हुई और 15 अगस्त 1947 को समाप्त हुई। यहां सामान्य ज्ञान के तौर पर बता दूं कि 1757 से लेकर 1857 तक, यानी कि 100 तक ईस्ट इंडिया कंपनी का रूल था और 1857 से 15 अगस्त 1947 तक ब्रिटिश का शासन रहा। ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हिन्दुस्तान में तैनात ब्रिटिश सैनिकों की संख्या, यानी विदेशी सैनिकों की संख्या मात्र 45,000 से 85,000 के बीच थी लेकिन भारतीय सैनिकों की संख्या करीब 1 लाख 30 हजार थी। 1857 के आजादी के खूनी संघर्ष से सबक लेते हुए ब्रिटिश हुकूमत ने अपने सिपाहियों की संख्या बढ़ाई। 1857 के बाद यूरोपीय सैनिकों की संख्या बढ़कर करीब 60,000 हो गई। वर्ष, 1861 की जनगणना के हिसाब से भारत में करीब 84,083 ब्रिटिश सैन्य अधिकारी और सैनिक तैनात थे और शेष देशी सिपाही थे। भारतीय सैनिक ही ब्रिटिश हुकूमत की मुख्य ताकत थे। मुझे यह लिखते हुए पीड़ा हो रही है कि 13 अप्रैल, 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में निहत्थे भारतीयों पर हथियारबंद भारतीयों ने ही गोलियां चलाई थीं। ब्रिटिश सरकार की आधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक 379 लोग मारे गए थे। हालांकि, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की रिपोर्ट कहती है कि 1,000 से अधिक लोग शहीद हुए थे। ब्रिगेडियर, जनरल रेजीनॉल्ड डायर ने तो केवल आदेश ही दिया था और वह भी मौखिक लेकिन भारतीयों ने उन लोगों पर गोलियां चला दीं जो रॉलेट एक्ट के विरोध में और बैसाखी मनाने के लिए आए थे। शांतिपूर्ण कार्यक्रम था लेकिन एक बार भी किसी भारतीय सैनिक ने नहीं सोचा कि वे सब के सब उनके अपने ही हैं। वे उनकी ही आजादी के लिए लड़ रहे हैं। हम भारतीयों ने कभी भी गलत को गलत कहने, लिखने, बोलने का साहस नहीं किया। धर्म, जाति, संप्रदाय के नाम पर भारतीय पहले भी भारतीयों से घृणा करता रहा और आज भी वही खड़ा है। मुझे यह लिखने में रत्ती भर गुरेज नहीं है कि भारत विभिन्न जातियों, धर्मों व संप्रदायों का कबीला है। लालची, स्वार्थी, नफरती, बेईमान, मक्कार और धूर्त। जो बार-बार खुद हो भारतीयता की झूठी चादर में लपेट कर दूसरों को धोखा देता आया है। हर भारतीय का एक खूंटा है और वह उसी खूंटे में बंधा रहना चाहता है। एक भारतीय ही दूसरे भारतीय पर मूत्र विसर्जन कर सकता है। एक भारतीय ही दूसरे भारतीय के साथ दैहिक, भौतिक अत्याचार कर सकता है। दरअसल, भारत कभी भारत बन ही नहीं सका और न ही भारतीय कभी भारतीय बन सके। एक बार फिर से सुनियोजित तरीके से संरक्षित भारतीयों को गैर संरक्षित भारतीयों के आमने-सामने खड़ा करने की तैयारी है। पूंजीपतियों के लिए हजारों साल पुराने जंगल और उन जंगलों के आदिवासियों का जिस निर्ममता से सफाया हुआ, वह रोंगटे खड़े कर देने वाला है। भारतीयों ने ही अपने ही भारतीयों को साफ कर दिया। कोई भारतीय न्यायप्रिय अपने ही भारतीयों के प्रति न्याय उठाने की जहमत नहीं उठाता। भारतीय ही भारतीय को मार रहा है। पहले ब्रिटिश हुकूमत इस मार के लिए तमंगे देती थी और अब।

वापस लौटते हैं अंग्रेजी हुकूमत की ओर। भारत में ब्रिटिश हुकूमत वर्ष, 1757 से वर्ष, 1947 तक रही। ब्रिटिश हुकूमत मुख्यत: 1757 में प्लासी के युद्ध के बाद शुरू हुई और 15 अगस्त 1947 को समाप्त हुई। यहां सामान्य ज्ञान के तौर पर बता दूं कि 1757 से लेकर 1857 तक, यानी कि 100 तक ईस्ट इंडिया कंपनी का रूल था और 1857 से 15 अगस्त 1947 तक ब्रिटिश का शासन रहा। ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हिन्दुस्तान में तैनात ब्रिटिश सैनिकों की संख्या, यानी विदेशी सैनिकों की संख्या मात्र 45,000 से 85,000 के बीच थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



बेंगलुरु। टीसीएस वर्ल्ड 10 किलोमीटर मैराथन में भाग लेते जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला।

## कोलंबिया में बस पर विस्फोटक हमला, 13 की मौत समेत 38 घायल

**काहिबियो।** कोलंबिया में एक बस को विस्फोटक डिवाइस से निशाना बनाया गया। यह घटना काहिबियो में पैनअमेरिकन हाईवे पर हुई। धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई और करीब 38 लोग घायल हुए। घायलों में 5 बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, बस के पास पहले से विस्फोटक लगाया गया था, जो गुजरते समय फट गया। सेना ने इसे आतंकी हमला बताया है और शक ड्रग तस्करी से जुड़े हथियारबंद गुटों पर है। पिछले दो दिनों में इस इलाके में 26 हमले हुए हैं। इनमें पुलिस स्टेशन पर गोलीबारी, रडार केंद्र पर हमला और विस्फोटकों से लैस ड्रोन बरामद होने की घटनाएं शामिल हैं। कोलंबिया के दक्षिण-पश्चिमी इलाके ड्रग तस्करी से ग्रस्त इलाके माने जाते हैं। यहां कई अवैध सशस्त्र गुट समुद्री और नदी मार्गों पर कब्जे के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# सवालों के घेरे में अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा

## संदिग्ध हमलावर कोल टामस एलन वॉशिंगटन के हिल्टन होटल में एक अतिथि के तौर पर ठहरा हुआ था

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में शनिवार रात (स्थानीय समयानुसार) राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर एक बार फिर हमले की कोशिश हुई। हालांकि, इस बार हमलावर सीधा ट्रम्प तक नहीं पहुंच पाया और घटनास्थल में घुसने के बाद ही राष्ट्रपति की सुरक्षा में जुटे सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने उसे मुठभेड़ के बाद जिंदा पकड़ लिया। फिलहाल हमलावर का नाम कोल टामस एलन बताया गया है, जो कि कैलिफोर्निया में एक शिक्षक रह चुका है। अधिकारियों और जांचकर्ताओं ने जो शुरुआती जानकारी दी है, उसके मुताबिक संदिग्ध हमलावर वाशिंगटन के हिल्टन होटल में एक अतिथि के तौर पर ठहरा हुआ था। कार्यक्रम की वजह से दोपहर दो बजे से होटल में आम जनता का प्रवेश बंद कर दिया गया था और सिर्फ मेहमानों और टिकट धारकों को ही अंदर जाने की अनुमति थी। ऐसे में संदिग्ध का होटल में पहले से कमरा बुक होने का उसे फायदा मिला और वह आयोजन की सबसे बाहरी सुरक्षा परत को पार करने में सफल रहा। अमेरिकी सुरक्षा



■ हमलावर शाटगन, हैंडगन और चाकुओं से लैस होकर लाबी में सुरक्षा चेकपाइंट की ओर तेजी से दौड़ा

एजेंसियों के मुताबिक, होटल के अंदर अपनी पहुंच बनाने के बाद संदिग्ध हमलावर हथियारों- शाटगन, हैंडगन और कई चाकुओं से लैस होकर लाबी में स्थित सीक्रेट सर्विस के सुरक्षा चेकपाइंट की ओर तेजी से दौड़ा और उसे पार करने की कोशिश की। हालांकि, जैसे ही वह चेकपाइंट से होकर भागा, सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने उसे दबोच लिया और जमीन पर गिराकर हथकड़ी लगा दी। इस पूरी कार्रवाई के दौरान कुछ गोलियां चलीं और इसमें एक सीक्रेट सर्विस एजेंट घायल हो गया। हालांकि, बुलेटप्रूफ वेस्ट ने उसे बचा लिया और फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इस तत्काल कार्रवाई की वजह से हमलावर उस बालरूम तक नहीं पहुंच पाया जहां राष्ट्रपति ट्रम्प, उनके कैबिनेट सदस्य और अन्य मेहमान कार्यक्रम के लिए मौजूद थे। खुद राष्ट्रपति ट्रम्प ने घटना के बाद बताया कि हमलावर कमरे (बालरूम) से लगभग 50 गज की दूरी पर था, जब उसने सुरक्षा चेकपाइंट की ओर तेजी से दौड़ लगाई थी। ट्रम्प के पत्रकारों को दिए डिनर में मौजूद डेलीमेल के अमेरिका के रिपोर्टर के मुताबिक, जिस होटल की लाबी के चेकपाइंट में यह घटना हुई वह मुख्य बालरूम से एक मंजिल ऊपर स्थित था। सुरक्षा चेकपाइंट (मैग्नेटोमीटर) और मुख्य बालरूम के बीच नीचे की ओर जाने वाली केवल कुछ सीढ़ियां थीं। अगर हमलावर उस चेकपाइंट को पार करने में सफल हो जाता, तो वह कुछ ही सेकंड के अंदर बालरूम के अंदर पहुंच सकता था। भले ही हमलावर किसी तरह बालरूम के अंदर पहुंच जाता, लेकिन राष्ट्रपति तक सीधे पहुंचना उसके लिए आसान नहीं था। सीक्रेट सर्विस ने बालरूम के अंदर एक अतिरिक्त सुरक्षा घेरा बना रखा था, जो राष्ट्रपति और मुख्य मेज को बाकी मेहमानों से अलग कर रहा था। मंच के सामने और उसके किनारों पर हथियारों से लैस सीक्रेट सर्विस के एजेंट भी तैनात थे। शनिवार को कार्यक्रम के कारण वाशिंगटन के हिल्टन होटल में आम जनता का प्रवेश बंद कर दिया गया था। हालांकि, हमलावर होटल में ठहरा था, जिसकी वजह से वह केवल अपने कमरे की चाभी दिखाकर बाहरी सुरक्षा परत को पार करने में सफल रहा। राष्ट्रपति ट्रम्प और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रम्प मुख्य बालरूम के मंच पर अपनी सीट पर बैठ चुके थे और मनोरंजन का कार्यक्रम शुरू हो चुका था।

## संक्षिप्त समाचार

### गणित ओलंपियाड में हमारी बेटियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि घ्रंस के बोरदो में यूरोपियन गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड में हमारी बेटियों ने अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया और यह टीम विश्व में छठे स्थान पर रही। मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में रविवार को कहा कि इस महीने की शुरुआत में घ्रंस के बोरदो में यूरोपियन गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड का आयोजन हुआ। गणित में गहरी रुचि रखने वाली स्कूली छात्राओं के लिए ए एक बघे प्रतियोगिता थी।

### लंबे समय तक चलने वाली मंदी की चपेट में आ सकता है वैश्विक व्यापार

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया का संघर्ष दुनिया भर के व्यवसायों को एक लंबे आर्थिक मंदी की ओर धकेल सकता है। यह बात नेविगेटर प्रिंसिपल इन्वेस्टर्स कंपनी के निदेशक काइल शोस्टैक ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि व्यवसायों के लिए सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे खुद को अलग-अलग उद्योगों में एक लंबी आर्थिक मंदी की ओर फिसलते हुए देख रहे हैं।

### 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला'

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' ने भारतीय बाजार में 100 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की सुपरहिट जोड़ी 14 साल बाद 'भूत बंगला' के साथ एक बार फिर वापस लौटी है। फिल्म ने 16 अप्रैल को पेड प्रिव्यूज के साथ थिएटर्स में दस्तक दी थी। फिल्म ने पेड प्रिव्यूज से 3.75 करोड़ की कमाई की। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार 'भूत बंगला' में पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 84.40 करोड़ की कमाई की।

# दबाव में युद्ध विराम पर वार्ता नहीं करेगा तेहरान: पेजेश्कियन

## कहा: युद्धविराम के दौरान लगातार समझौतों का उल्लंघन और दबाव की नीति अपना रहा अमेरिका

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने स्पष्ट किया है कि उनका देश दबाव, धमकियों और घेराबंदी के माहौल में किसी भी तरह की बातचीत नहीं करेगा। उन्होंने यह बात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान कही।

इस बातचीत में उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत और युद्धविराम (सीजफायर) के दौरान लगातार समझौतों का उल्लंघन और दबाव की नीति अपना रहा है। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए समुद्री प्रतिबंध अंतर्राष्ट्रीय समझौतों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां और धमकी भरे बयान शांति प्रक्रिया पर भरोसे को कमजोर करते हैं। पेजेश्कियान ने यह भी कहा कि ईरान अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और अमेरिका या इजरायल की किसी भी नई टकराव की स्थिति के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जो क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता को प्रभावित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध और आपसी सम्मान के आधार पर



■ अमेरिका द्वारा लगाए गए समुद्री प्रतिबंध अंतर्राष्ट्रीय समझौतों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं: अमेरिकी राष्ट्रपति

संबंध मजबूत करना चाहता है, खासकर फारस की खाड़ी के दक्षिणी देशों के साथ। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये देश भी बाहरी हस्तक्षेप से दूर रहकर क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को मजबूत करने में सहयोग करेंगे। क्षेत्रीय तनाव के बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मिस्र और तुर्की के अपने समकक्षों से बीत की। अराघची और मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलट्टी ने युद्धविराम और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं, तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान के साथ उनकी बातचीत मुख्य रूप से ईरान और अमेरिका के बीच चल रही वार्ता प्रक्रिया पर केंद्रित रही। इस सिलसिले में फिदान ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार से भी फोन पर बात की। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से फोन पर बात की। उन्होंने इस बातचीत को सकारात्मक बताया। इस दौरान पाकिस्तानी नेता ने मध्यस्थता प्रयासों में तेहरान की निरंतर भागीदारी की तारीफ की, जिसमें विदेश मंत्री अब्बास अराघची की हाल ही में संपन्न हुई यात्रा भी शामिल है। वहीं अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद शांति की संभावनाएं अभी भी खत्म नहीं हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों के बीच सैन्य और आर्थिक दबाव का दौर जारी है। इसके बावजूद अमेरिका और ईरान लगातार ऐसे संकेत दे रहे हैं, जो बातचीत की मेज पर लौटने की उनकी इच्छा को बताता है। यूरेशिया रिव्यू में प्रकाशित कालिन्स चोंग यू केट के एक लेख में तर्क दिया गया है कि युद्ध के मैदान की बदलती हकीकतें और कूटनीतिक पैंतरेबाजी दोनों पक्षों को समझौते की ओर धकेल रही हैं। वर्तमान परिस्थितियां लंबे संघर्ष के बजाय बातचीत के जरिए समाधान निकालने के पक्ष में बनती दिख रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने बातचीत में एक बेहद नपी-तुली रणनीति अपनाई है। वह समय और नियंत्रित तनाव को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है ताकि अपनी बढ़त बरकरार रख सके। ईरान अपने रणनीतिक लाभ से समझौता किए बिना बातचीत के रास्ते खुले रखना चाहता है। दूसरी ओर, अमेरिका लगातार सैन्य और आर्थिक दबाव के जरिए ईरान की सौदेबाजी की शक्ति को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।

## खसरा संकट ने खोली बांग्लादेश की पोल

**ढाका।** बांग्लादेश की स्वास्थ्य व्यवस्था, जिसे दशकों में मजबूत बनाया गया था, अब गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो वर्षों की उपलब्धियां कुछ ही समय में खत्म हो सकती हैं। बांग्लादेश के एक प्रमुख अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, देश में मौजूदा खसरा वैक्सीन संकट कोई अलग-थलग घटना नहीं है, बल्कि यह संस्थागत कमजोरी का संकेत है। राष्ट्रीय टीकाकरण कवरेज 2025 में घटकर करीब 60 प्रतिशत रह गई, जो पिछले लगभग एक दशक का सबसे निचला स्तर है। यह आंकड़ा 2010 से 2022 के बीच 85 से 92 प्रतिशत के बीच था। रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश का विस्तारित टीकाकरण कार्यक्रम (ईपीआई) लंबे समय तक सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक माना जाता रहा है। सरकार की प्रतिबद्धता, विकास साझेदारों के सहयोग और जमीनी स्तर पर स्वास्थ्यकर्मियों के मजबूत नेटवर्क के कारण इस कार्यक्रम ने वर्षों तक उच्च कवरेज सुनिश्चित की और टीकों से रोकी जा सकने वाली बीमारियों को काफी हद तक नियंत्रित किया। रिपोर्ट के अनुसार, अब यह माडल कमजोर पड़ता दिख रहा है।

# होर्मुज से बारूदी सुरंगें हटाने में लगेंगे छह महीने

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में संघर्ष के दौरान ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में बारूदी सुरंगे बिछाकर उसे बेहद खतरनाक बना दिया है। खुद ईरानी सेना को भी नहीं पता कि बारूदी सुरंगें कहां-कहां हैं। अमेरिकी सेना अब अपने विशेष पोतों के जरिये बारूदी सुरंगें हटाने के अभियान में जुटी है।

पेंटागन ने कहा है कि इस काम में छह महीने तक का समय लग सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रयास को तीन गुना करने का आदेश दिया है। होर्मुज जलमार्ग से दुनिया के 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है। इसके बाधित होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था खतरे में है। ऊर्जा की बढ़ती कीमतें और व्यापक आर्थिक प्रभाव ट्रम्प प्रशासन के लिए राजनीतिक जोखिम पैदा कर रहे हैं, जहां नवंबर में मध्यावधि चुनाव होने हैं। हालांकि, इसके नतीजों से ट्रम्प प्रशासन को कोई खतरा नहीं है, लेकिन संसद में उसके प्रभाव पर असर पड़ सकता है। हाल ही में अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की सशस्त्र सेवा समिति को दी गई एक गोपनीय ब्रीफिंग में, पेंटागन के अधिकारियों ने बारूदी सुरंगों को हटाने में छह महीने का समय लगने का अनुमान पेश किया। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस आंकड़े की पुष्टि से इन्कार किया,

■ खुद ईरानी सेना को भी नहीं पता कि बारूदी सुरंगें कहां-कहां, ट्रम्प के आदेश पर सेना तलाश में जुटी

लेकिन इसे नकारा भी नहीं। उन्होंने कहा, सेना को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है कि वह उचित समय सीमा में बारूदी सुरंगें हटा देगी। ट्रम्प ने दो दिन पहले ही कहा कि अमेरिकी माइनस्वीपर पहले से ही जलडमरूमध्य को साफ कर रहे हैं। उन्होंने इस गतिविधि को तीन गुना स्तर पर जारी रखने का आदेश दिया है। उन्होंने नौसेना को स्ट्रेट में बारूदी सुरंगें बिछाने वाली किसी भी नाव पर हमला करने का अलग से आदेश दिया है। बारूदी सुरंगों को हटाना एक बेहद मेहनत भरा काम है। अमेरिकी सेना के पूर्व अधिकारियों और इस मामले के विशेषज्ञों के मुताबिक, बारूदी सुरंगों को हटाना एक धीमी प्रक्रिया है जो आमतौर पर किसी संघर्ष के बाद होती है। उनके मुताबिक, बारूदी सुरंगों की खोज करना, अपने बगीचे में एक-एक करके खरपतवार को उखाड़ने जैसा है। बारूदी सुरंगों को हटाना घास काटने जैसा है। हालांकि, इनका यह भी कहना है कि हर एक बारूदी सुरंग को हटाना अनिवार्य नहीं है।

# काश पटेल की कुर्सी पर संकट के बादल

**वाशिंगटन।** ईरान से युद्ध शुरू होने के बाद से अमरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने प्रशासन में लगातार शीर्ष अधिकारियों को पद से हटा रहे हैं। इसी बीच, एक और चौंकाने वाला नाम सामने आया है।

अमेरिकी नौसेना सचिव जान फेलन, अमेरिकी सेना प्रमुख जनरल रैंडी जार्ज और अटार्नी जनरल पाम बोंडी के बाद एफबीआई प्रमुख काश पटेल को हटा सकते हैं। काश पटेल अपने व्यवहार को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। उन पर अत्यधिक शराब सेवन और अमर्यादित आचरण के आरोप लग रहे हैं। पालिटिको की रिपोर्ट में व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा गया है

■ लगातार शीर्ष अधिकारियों को पद से हटा रहे ट्रम्प जल्द कर सकते हैं एफबीआई प्रमुख की छुट्टी

कि लगातार नकारात्मक खबरों और बढ़ते विवादों के कारण पटेल को लेकर माहौल खराब है और ट्रम्प उनसे परेशान हैं। विवाद की शुरुआत तब हुई, जब अमेरिकी पत्रिका 'अटलांटिक' की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) में उनके काम करने के तरीके को लेकर चिंता है। उन पर काम के दौरान अमर्यादित व्यवहार के आरोप लगे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि एक बार सिस्टम से लाक होने पर पटेल घबरा गए थे।

# ईरान में पिछले 57 दिनों से इंटरनेट सेवा ठप

## नौ करोड़ लोग अलग-थलग पड़े, हर दिन 370 करोड़ का नुकसान

**तेहरान।** ईरान इस समय एक अभूतपूर्व डिजिटल आपातकाल से गुजर रहा है। इंटरनेट मानिटरिंग संस्था नेटब्लाक्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में पिछले 57 दिनों से इंटरनेट पूरी तरह से बंद है। यह किसी भी देश में लगाया गया दुनिया का सबसे लंबा राष्ट्रव्यापी इंटरनेट ब्लैकआउट बन गया है।

ठीक आठ हफ्ते पहले शुरू हुए इस प्रतिबंध ने न केवल ईरान के 9 करोड़ से अधिक नागरिकों को दुनिया से अलग-थलग कर दिया है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी चोट पहुंचाई है। अमेरिका-इजरायल की ओर से किए गए हमले के बाद 28 फरवरी को इंटरनेट सेवाएं अचानक बंद कर दी गई थी। क्षेत्रीय

■ यह किसी भी देश में लगाया गया दुनिया का सबसे लंबा राष्ट्रव्यापी इंटरनेट ब्लैकआउट बन गया है



अस्थिरता और युद्ध के खतरों के बीच ईरानी शासन ने सूचनाओं के प्रवाह को पूरी तरह नियंत्रित करने के लिए इसका सहारा लिया। नेटब्लाक्स के आंकड़ों के मुताबिक, यह व्यवधान अब 1,344 घंटों की अवधि को पार कर चुका है। इससे पहले जनवरी 2026 में भी सरकार ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान इसी तरह की पाबंदी लगाई थी, जिससे आंतरिक अशांति की खबरें बाहर न जा सकें। इंटरनेट की इस लंबी अनुपस्थिति ने ईरान के आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। बैंकिंग सेवाएं, ऑनलाइन व्यापार और परिवहन नेटवर्क पूरी तरह ठप पड़े हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस शटडाउन से ईरानी अर्थव्यवस्था को अब तक 2.5 बिलियन डालर यानी 23,570 करोड़ का कुल नुकसान हो चुका है। प्रतिदिन लगभग 370 करोड़ का राजस्व प्रभावित हो रहा है लोग अपने परिजनों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। विदेशी मीडिया और स्वतंत्र सूचना स्रोतों तक पहुंच पूरी तरह बंद है, जिससे देश के भीतर डर और अनिश्चितता का माहौल है।

## लंदन में नीलाम होगा जयपुर राजपरिवार का 17वीं सदी का स्मार्टफोन

**लंदन/जयपुर।** जयपुर के शाही संग्रह की सबसे बेशकीमती वैज्ञानिक विरासतों में से एक 17वीं शताब्दी का एक विशाल 'एस्ट्रोलेब' आगामी 29 अप्रैल को लंदन के सोथबी नीलामी घर में वैश्विक बोली के लिए तैयार है। पीतल से बने इस अद्भुत यंत्र को विशेषज्ञ अपनी बहुमुखी क्षमताओं के कारण उस दौर का 'सुपरकंप्यूटर' और 'प्राचीन स्मार्टफोन' करार दे रहे हैं। सोथबी के 'इस्लामिक एंड इंडियन आर्ट' विभाग के प्रमुख बेनेडिक्ट कार्टर ने इस यंत्र को अब तक का सबसे विशाल और दुर्लभ खगोलीय उपकरण बताया है।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# पुतिन से मिलने को जेलेंस्की राजी!

## 50 माह से जारी जंग के बीच रूस-यूक्रेन में सुलह के प्रयास तेज

**मास्को/कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अजरबैजान के दौरे पर हैं, जहां उन्होंने अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव से मुलाकात की और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर बातचीत की। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दक्षिण काकेशस के अपने पहले दौरे पर कहा कि वह अजरबैजान में व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए तैयार हैं।

बता दें कि बीते कुछ समय से रूस और यूक्रेन के बीच सुलह कराने के लिए अमेरिकी की मध्यस्थता में बातचीत हो रही थी, लेकिन हाल फिलहाल में ईरान के साथ तनाव के बीच यह रुकी हुई है। पिछले कुछ हफ्तों में अमेरिका की अगुवाई वाली कूटनीतिक बातचीत रुकने के बाद जेलेंस्की का यह बयान सामने आया है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर



■ यूक्रेन के लिए यह बहुत जरूरी है कि रूस इस गलत युद्ध को खत्म करने की ताकत पाए

जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के लिए यह बहुत जरूरी है कि रूस इस गलत युद्ध को खत्म करने की ताकत पाए। बाकू मास्को के बड़े पैमाने पर युद्ध को खत्म करने के लिए कूटनीतिक प्रोसेस में बीच-बचाव कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि हमने अजरबैजान के राष्ट्रपति को बता दिया है कि हम तीन तरफा बातचीत के लिए तैयार हैं। कीव पहले ही तुर्की और स्विट्जरलैंड में ऐसी बातचीत कर चुका है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि हम निश्चित रूप से अजरबैजान में होने वाली बातचीत के लिए तैयार हैं, बशर्ते रूस डिप्लोमेसी के लिए तैयार हो। उन्होंने युद्ध शुरू होने के बाद से दक्षिण काकेशस की अपनी पहली यात्रा की अहमियत बताई। हालांकि, क्रेमलिन रूस के अलावा किसी दूसरी जगह यूक्रेन के साथ बातचीत से मना कर रहा था। रूस यूक्रेन पर लगातार बमबारी और सैन्य हमले जारी रखे हुए है। इसके साथ ही क्रेमलिन अपनी मांगों से पीछे हटने को तैयार नहीं है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108